हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची • बुधवार • 31.12.2025 • वर्ष : 16 • अंक : 156 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

## हेमन्त सोरेन ने सीजीएल के 1910 सफल अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान कर नव वर्ष का दिया उपहार

# आपके विश्वास और सहयोग के बल पर विकास की खींच रहे लंबी और गाढ़ी लकीर : मुख्यमंत्री

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने मंगलवार को मोरहाबादी मैदान में आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में बिना नाम लिए विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। कहा कि परीक्षा हो रहा है झारखंड में क्वेश्चन पेपर लीक हो रहा है नेपाल में, गजबे है।

विरोधियों ने अपने कार्यकाल के दौरान न नौकरी दी न ही रोजगार दिया। हम आने वाले दिनों में नौजवानों के लिए कई दरवाजे खोलेंगे। कई सारी नियुक्तियां अलग-अलग चरणों में होगी।

अब तक राजस्व निरीक्षक, वेटनरी अफसर, शिक्षक, अंचल निरीक्षक, ये सारी बहाली हुई। पोलिटेक्निक में पहली बार हमारी सरकार ने प्रिंसिपल दिया। मेडिकल अफसर दिए। आज लाखों नौजवानों को अपने साथ जोड़ा है। इस दौरान 1910 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपा गया।

हमलोग करने पर करते हैं विश्वास मुख्यमंत्री ने कहा कि हमलोग कहने पर नहीं करने पर विश्वास करते हैं। उन्होंने सफल अभ्यर्थियों से कहा कि आप लोगों ने संघर्ष को जीतने के लिए जो परिस्थिति देखी, विरोधियों का षडयंत्र भी देखा। वो भी ऐसा षडयंत्र जो हमने कभी सपने में भी नहीं सोचा था।

इतने निचले स्तर पर जाकर नौजवानों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करना चाहते हैं। क्यूआर कोड से कोर्ट कचहरी के नाम पर चंदा जमा कर रहे थे। ऐसा भी होता है हमने पहली बार सुना। अगली बार नहीं सुनेंगे। ऐसा काम जो करेगा वो सीधे जेल जाएगा।

नौजवान गरीब गुरबा बच्चों से करोड़ों का चंदा लिया। कई सारे ऐसे लोग हैं जो नए-नए षडयंत्र रचते हैं। चोर-पुलिस से भी एक कदम आगे रहते हैं। नए-नए अविष्कार कर, वैज्ञानिक तरीके से टेक्नोलॉजी का सपोर्ट लेते हुए परीक्षा बाधित करते हैं।






### कर्मियों की आकस्मिक मौत पर एक करोड़ रुपये

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमलोगों ने विभिन्न बैंकों से करार किया है कि हमारे कर्मचारी की अगर आकस्मिक मौत होती है तो उनके परिजनों को बैंक एक करोड़ रुपये देगी। यह अनुबंधकर्मियों को भी देय होगा। सब की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है।

यह 25 साल का युवा राज्य है। सभी लोग राज्य के सर्वांगीण विकास में लगे। अभी इस राज्य में काफी क्षमता है। हमलोग भारत सरकार की नजर में उनके विरोधी हैं। लोकतंत्र में पक्ष और विपक्ष दोनों होता है। दोनों का सोच सकारात्मक रहे तो देश और राज्य का विकास निश्चित है। आज झारखंड के साथ सौतेला व्यवहार हो रहा है। आज हजारों-करोड़ रुपये केंद्र के पास बकाया है।

### नया नाम लागू करने का काम है चालू

मुख्यमंत्री ने कहा कि मनरेगा में हजारों करोड़ रुपए बकाया है। पैसा तो मिला नहीं नाम ठप्पा बदलकर नया नाम लागू करने का काम चालू है। नाम बदलने में पूरी जोर-शोर से लगे हुए हैं। व्हाट्सअप, इंस्टाग्राम, फेसबुक के जरीए ये लोग परीक्षा लेकर खबर फैलाते हैं कि सरकार के खिलाफ मोरचा खोलो। जबकि भाजपा शासित प्रदेशों में बिना लाठी-डंडे के परीक्षा नहीं होती। ये लोग त्योहार में उन्माद फैलाते हैं।

### सुख-शांति अमन-चैन के साथ आगे बढ़ रहा झारखंड

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज झारखंड सुख, शांति और अमन चैन के साथ आगे बढ़ रहा है। रोजगार भी मिल रहा है। कहा कि वो दिन दूर नहीं जब घर में दाई खोज रहे हों कहीं हमलोग उनके यहां बर्तन मांजने की स्थिति में न आ जाएं। राज्य के गांवों को हम काफी मजबूत करेंगे। फिर कहा कि विदेश में नौकर-चाकर और दाई रखकर देखिए, तब पता चलेगा। उनकी गरीबी का मजाक उड़ाया जा रहा है। सफल अभ्यर्थियों से कहा कि आपकी कार्यशैली से सरकार की छवि बनती है और बिगड़ती भी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस परीक्षा को लेकर किन-किन चीजों का सामना करना पड़ा ये आपको भी पता है। नेक ईरादा हो तो कोई भी मंजिल पाई जा सकती है। इसके लिए हमारे पदाधिकारी भी प्रेशर में रहे।

### मुख्यमंत्री से ट्रिपल आईटी में चयनित आदिवासी छात्रा सविता ने की मुलाकात



रांची : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से मंगलवार को रांची के कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में ट्रिपल आईटी में आदिवासी समुदाय से चयनित सबसे कम उम्र की पीएचडी अभ्यर्थी सविता कच्छप ने मुलाकात की। मौके पर मुख्यमंत्री ने उन्हें अपनी ओर से बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने सविता कच्छप को पीएचडी की पढ़ाई पूरी करने के लिए राज्य सरकार की ओर से दो लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि का चेक उनके परिजन को सौंपा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के समक्ष सविता कच्छप ने कहा कि वे डूंगरी टोली, अरगोड़ा रांची की निवासी हैं और वर्तमान में मधुकम स्थित अपनी नानी के घर पर रह कर पढ़ाई कर रही हैं। मुख्यमंत्री को उन्होंने अवगत कराया कि वे आदिवासी समुदाय में सबसे कम उम्र (24 वर्ष) की अभ्यर्थी हैं जिनका ट्रिपल आईटी, रांची में पीएचडी के लिए इलेक्ट्रिक कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग कोर्स में चयन हुआ है। वे टेक्निकल फील्ड में पहला ट्राइबल रिसर्च स्कॉलर भी हैं तथा आईईईई में अंतरास्ट्रीय नॉवेल्टी रिसर्च वर्क प्रेजेंट कर चुकी हैं। मौके पर मुख्यमंत्री ने सविता कच्छप की हौसला अफजाई करते हुए उनसे कहा कि वे आगे अपनी पढ़ाई और शोध कार्य जारी रखें, राज्य सरकार हरसंभव उन्हें मदद करेगी। मौके पर सविता कच्छप के परिजन एवं अन्य उपस्थित रहे।

## एक नजर

### खालिदा ज़िया के अंतिम संस्कार में भाग लेने के लिए ढाका जाएंगे जयशंकर

**नयी दिल्ली :** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री एवं बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी की मुखिया खालिदा ज़िया के अंतिम संस्कार में भारत का प्रतिनिधित्व विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर करेंगे। विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को एक बयान में यह जानकारी दी। बयान में कहा गया कि विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री एवं बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी की अध्यक्ष खालिदा ज़िया के अंतिम संस्कार में भारत सरकार एवं देश की जनता का प्रतिनिधित्व करेंगे। इसके लिए वह बुधवार, 31 दिसंबर को ढाका जाएंगे। बेगम खालिदा ज़िया का मंगलवार सुबह ढाका के एक अस्पताल में निधन हो गया। वह 80 वर्ष की थीं।

### तदाशा मिश्रा डीजीपी पद पर नियुक्त


**रांची :** झारखंड सरकार ने 1994 बैच की आईपीएस तदाशा मिश्रा को डीजीपी के पद पर नियुक्त किया है। अभी वह प्रभारी डीजीपी थी। गृह विभाग ने इससे संबंधित अधिसूचना जारी कर दी है। जारी अधिसूचना के मुताबिक तदाशा मिश्रा को महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक के पद पर नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति झारखंड में पुलिस प्रमुख के चयन एवं नियुक्ति नियमावली 2025 के संशोधित प्रावधान के तहत किया गया है। उल्लेखनीय है कि सरकार ने पुलिस प्रमुख के चयन व नियुक्ति के लिए आठ जनवरी को एक आदेश जारी किया था। उसी आदेश के तहत तदाशा मिश्रा की नियुक्ति डीजीपी के पद की गई है। वह अगले दो साल तक झारखंड पुलिस प्रमुख के पद पर काम करेंगी।

## बांग्लादेश में एक और हिंदू की गोली मारकर हत्या

एजेंसी

**ढाका :** पड़ोसी देश बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिन्दुओं पर हमले रोके नहीं रुक रहे। सोमवार की देर शाम भी एक हिन्दू युवक की हत्या कर दी गई। बड़ी बात ये है कि ये हत्या उसी मैमन सिंह में हुई है, जहां कुछ दिनों पहले ईशनिंदा के आरोप में दीपू चंद्र दाय की भीड़ ने पीट-पीटकर जान ले ली थी। आज के घटनाक्रम में भी एक हिन्दू युवक को दिनदहाड़े गोली मार दी गई थी और उसकी लाश पेड़ से लटकाकर जला दी गई थी।

इस तरह, दो हफ्तों में यह तीसरी हत्या का मामला है। ताजा मामले में बांग्लादेश के ग्रामीण अर्धसैनिक बल के सदस्य बजेंद्र बिस्वास की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। गोली मारने का आरोप बिस्वास के ही साथी नोमान मियां पर है। फिलहाल उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।



मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि बजेंद्र बिस्वास मैमनसिंह जिले में एक गारमेंट की फैक्ट्री के अंदर सिक्योरिटी गार्ड की ड्यूटी कर रहा था, तभी उसके साथी ने उसे गोली मार दी। यह घटना सोमवार शाम करीब 6.45 बजे भालुका उपज़िला इलाके में लबीब ग्रुप की गारमेंट यूनिट सुल्ताना स्वेटर्स लिमिटेड में हुई। पीड़ित की पहचान 42 साल के बजेंद्र बिस्वास के रूप में हुई है, जबकि आरोपी 29 साल के नोमान मियां को गिरफ्तार कर लिया गया है। बजेंद्र बिस्वास पवित्र बिस्वास के बेटे थे, जो सिलहट सदर उपजिला के कादिरपुर गांव के रहने वाले थे। वहीं आरोपी नोमान मियां सुनामगंज जिले के ताहिरपुर थाना क्षेत्र का निवासी है। पुलिस और चश्मदीदों के मुताबिक, दोनों आदमी फैक्ट्री में सिक्योरिटी गार्ड के तौर पर तैनात थे और परिसर के अंदर अंसार बैरक में रह रहे थे। बातचीत के दौरान, नोमान मियां ने कथित तौर पर मजाक में या हल्के-फुल्के अंदाज में बिस्वास पर सरकारी शॉटगन तान दी। कुछ ही देर बाद हथियार से गोली चल गई, और गोली बिस्वास की बाईं जांघ में जा लगी। गोली लगने के बाद बिस्वास को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी मौत हो गई।

संबंधित पुलिस स्टेशन के इंचार्ज मोहम्मद जाहिदुल इस्लाम ने बताया कि आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है और घटना में इस्तेमाल की गई शॉटगन जब्त कर ली गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए मैमनसिंह मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया गया है, और कानूनी कार्रवाई चल रही है। इस हत्या से भालुका इलाके में तनाव बढ़ गया है। 18 दिसंबर को, इसी इलाके में दीपू चंद्र दास की भी पीट-पीटकर हत्या कर दी गई थी।

## तीन राज्यों के मुख्यमंत्री मिलकर आदिवासी शक्ति स्वायत्तशासी विश्वविद्यालय का सपना पूरा करें : मुर्मू

एजेंसी

**गुमला :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि झारखंड, ओडिशा एवं छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री जनजातीय समुदाय से हैं। यदि तीनों सरकारें सकारात्मक पहल करें तो महान जनजातीय नेता स्वर्गीय कार्तिक उरांव का शंख नदी तट पर विश्वस्तरीय आदिवासी शक्ति स्वायत्तशासी विश्वविद्यालय का सपना साकार हो सकता है। राष्ट्रपति ने इसके लिए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को शंख नदी के बैरियर बगीचा में विश्वविद्यालय निर्माण समिति द्वारा आयोजित अंतरराज्यीय जन सांस्कृतिक समागम सह कार्तिक जतरा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें झारखंड आने पर तीर्थयात्रा जैसा अनुभव होता है।



कार्यक्रम में उन्होंने देश के इतिहास में अपना महान योगदान देने वाले भगवान बिरसा मुंडा, जतरा टाना भगत, परमवीर अल्बर्ट एक्का, शहीद बख्तर साय, मुंडल सिंह और कार्तिक उरांव को नमन किया और जनजातीय समाज के प्रबुद्ध लोगों को भी उनके कर्तव्य का बोध कराया।

उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज अभी भी बेहद पिछड़ा हुआ है। किन्हीं के पास जमीन नहीं है, किसी का घर नहीं है। कई जगह लोग पेड़ पर मकान बना कर रहते हैं। वे सरकारी सुविधाओं और शिक्षा से वंचित हैं। सरकार इन्हें मिशन मोड पर हर सरकारी सुविधा प्रदान करने का प्रयास कर रही है।

राष्ट्रपति ने कहा कि वास्तव में आदिवासी समाज को विकास का रास्ता दिखाने की जरूरत है। इसके लिए इस समाज के पढ़े लिखे लोग अपने गांवों से कट चुके हैं। वे पुनः अपने गांवों में जाएं और अपने लोगों की जरूरतों को समझें। वे अपने गांव को गोद लेकर विरासत और विकास को साथ लेकर आगें बढ़ें।

### शिक्षा के प्रचार-प्रसार से ही समावेशी विकास का मार्ग होगा प्रशस्त

राष्ट्रपति ने शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि शिक्षा के प्रचार-प्रसार से ही समावेशी विकास का मार्ग प्रशस्त होगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही सामाजिक न्याय और समग्र विकास का सबसे सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से यहां की महिलाएं सशक्त हो रही हैं। जनजातीय हस्तशिल्प को वैश्विक पहचान मिली है। मौके पर उन्होंने झारखंड की खेल प्रतिभा और कला की जमकर सराहना की। इसके पूर्व राष्ट्रपति मुर्मू ने कार्तिक उरांव की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद उन्हें गार्ड ऑफ आनर दिया गया।

## भारत ने पकड़ी सुधारों की तेज रफ्तार, ‘रिफॉर्म एक्सप्रेस’ पर सवार हुआ देश : प्रधानमंत्री मोदी

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2025 को ‘सुधारों का वर्ष’ बताते हुए कहा है कि भारत ने विकास और समृद्धि की दिशा में निर्णायक कदम बढ़ाते हुए ‘रिफॉर्म एक्सप्रेस’ में सवार होकर तेज रफ्तार पकड़ ली है। प्रधानमंत्री ने कहा कि 2025 में विभिन्न क्षेत्रों में किए गए ऐतिहासिक और दूरगामी सुधारों ने देश को त्वरित विकास, सुशासन और आत्मनिर्भरता की मजबूत पटरी पर खड़ा कर दिया है तथा ये सुधार विकसित भारत के संकल्प को नई ऊर्जा प्रदान करेंगे।



प्रधानमंत्री ने मंगलवार को अपने लिंक्डइन अकाउंट पर रिफॉर्म एक्सप्रेस 2025 पर एक लेख शेयर किया, जिसमें शासन के उस शांत लेकिन लगातार काम पर बात की गई है, जिसने हफ़्ते-दर-हफ़्ते रुकावटों को धीरे-धीरे दूर किया। यह बताते हुए कि भारत रिफॉर्म एक्सप्रेस में सवार हो गया है प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर कहा, भारत रिफॉर्म एक्सप्रेस में सवार हो गया है! 2025 में कई सेक्टरों में जबरदस्त सुधार हुए हैं, जिन्होंने हमारी ग्रोथ यात्रा को गति दी है। ये विकसित भारत बनाने के हमारे प्रयासों को भी बढ़ाएंगे। लिंक्डइन पर कुछ विचार शेयर किए।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज भारत वैश्विक स्तर पर आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। इसकी वजह देश के लोगों की नवोन्मेषी सोच, युवा शक्ति और अथक परिश्रम है। दुनिया भारत को उम्मीद और भरोसे के साथ देख रही है और यह विश्वास कर रही है कि भारत में अगली पीढ़ी के, व्यापक और बहुआयामी सुधारों के माध्यम से प्रगति की गति को अभूतपूर्व ढंग से तेज किया गया है। उन्होंने कहा कि इस रिफॉर्म एक्सप्रेस का प्रमुख इंजन भारत की जनसांख्यिकी है- हमारी युवा आबादी और लोगों का अदम्य साहस। वर्ष 2025 को एक ऐसे वर्ष के रूप में याद किया जाएगा, जब सुधारों को एक सतत राष्ट्रीय मिशन के रूप में आगे बढ़ाया गया और बीते 11 वर्षों में किए गए प्रयासों को नई ऊंचाइयों तक ले जाया गया।

## उत्तराखंड में बस दुर्घटना, सात लोगों की मौत, प्रधानमंत्री ने जताया दुःख

एजेंसी

**अल्मोड़ा :** उत्तराखंड के अल्मोड़ा जिले में एक बस के खाई में गिर जाने से कम से कम सात लोगों की मौत हो गई। हादसे में दो महिलाओं समेत 12 यात्री घायल हो गए। पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंच गई है। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तराखंड में एक बस हादसे में लोगों की मौत होने पर मंगलवार को शोक व्यक्त किया और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।



मोदी ने कहा, उत्तराखंड के अल्मोड़ा जिले में बस हादसे में लोगों की मौत होना बेहद दुखद है। जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खोया है, मैं उनके प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। जानकारी के अनुसार, अल्मोड़ा के भिकियासैंण इलाके के शिलापनी में एक बस हादसे का शिकार हो गई। एक बस खाई में गिर गई है। हादसे में सात लोगों की मौत हो गई। बस में सवार अन्य 12 यात्री घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही प्रशासन व राहत-बचाव दल मौके पहुंचा।

# राजकोट में आयोजित 26वें राष्ट्र कथा शिविर में विधायक ने युवाओं को किया संबोधित

प्रत्युष नवबिहार बड़कागांव



**बरही :** राजकोट के प्रासंल में श्री वैदिक मिशन ट्रस्ट द्वारा आयोजित 26वें राष्ट्र कथा शिविर में बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने शिरकत की। इस अवसर पर देशभर से आए लगभग 20 हजार छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए उन्होंने झारखंड के गौरवशाली इतिहास, समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और महान वीर शहीदों के बलिदान की गाथाओं को साझा किया। विधायक मनोज कुमार यादव ने अपने संबोधन में कहा कि झारखंड की धरती वीरों, बलिदानियों और संघर्षों की भूमि रही है। यहां की संस्कृति, परंपराएं और जनजातीय विरासत देश को एकता, साहस और आत्मसम्मान का संदेश देती हैं। उन्होंने झारखंड की उभरती प्रतिभाओं की प्रेरक कहानियां सुनाते हुए युवाओं को अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्र कथा शिविर जैसे आयोजन युवाओं को राष्ट्रीय मूल्यों से जोड़ने, चरित्र और व्यक्तित्व निर्माण का एक उत्कृष्ट मंच प्रदान करते हैं। ऐसे आयोजनों से युवाओं में देशभक्ति, अनुशासन और सामाजिक दायित्व की भावना मजबूत होती है। इस भव्य आयोजन के लिए विधायक मनोज कुमार यादव ने श्री वैदिक मिशन ट्रस्ट और विशेष रूप से स्वामी धर्मबंधु जी के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से देश की भावी पीढ़ी को सही दिशा और प्रेरणा मिलती है। कार्यक्रम के दौरान विधायक मनोज कुमार यादव के साथ मेजर जनरल डॉ. जी.डी. बख्सी भी मौजूद रहे, जिनकी उपस्थिति ने आयोजन को और भी गरिमामय बना दिया।

## एक नजर

### वीर बिरसा मुंडा साइक्लोथोन का बरही में हुआ स्वागत



**बरही :** रांची से दर्जनों एनसीसी कैडेस्ट्स, वीर बिरसा मुंडा साइक्लोथोन के तहत शौर्य और राष्ट्रीय एकता का संदेश देते हुए 28 दिसंबर को साइकिल से दिल्ली के लिए रवाना हुए, जो सभी मंगलवार सुबह बरही पहुंचे। जहां भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर एवं डीएवी पब्लिक स्कूल के एनसीसी कैडेट्स के छात्रों द्वारा उनका स्वागत किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य वीर बिरसा मुंडा साइक्लोथोन नामक एक अभियान का हिस्सा है। जिसका उद्देश्य शारीरिक सहनशक्ति, सांस्कृतिक गौरव और राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देना है, जिसमें बिरसा मुंडा की विरासत को देश के सामने रखा जाएगा। वहीं इसमें कुल 16 की संख्या में इस यात्रा पर निकले है। यह कैडेट्स लभभग 1300 किलोमीटर की दूरी तय कर दिल्ली पहुंचेंगे और 28 जनवरी 2026 को होने वाली एनसीसी रैली में हिस्सा लेंगे।

### बड़कागांव व उरीमारी पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान



**हजारीबाग :** पुलिस अधीक्षक हजारीबाग के निदेर्शानुसार बड़कागांव थाना प्रभारी कृष्ण कुमार गुप्ता एवं उरीमारी ओ.पी. थाना प्रभारी रथू उरांव के नेतृत्व में रक्षक एप के तहत एंटी क्राइम वाहन चेकिंग किया गया।इस दौरान दोपहिया वाहन का रजिस्ट्रेशन नंबर, ड्राइविंग लाइसेंस, हेलमेट , इंश्योरेंस की कागजात आदि की जांच कर ऑनलाइन चालान काटा गया।वहीं कुछ लोगों को सभी तरह से परिपूर्ण रहने पर जांच कर छोड़ दिया गया। थाना प्रभारी कृष्ण कुमार गुप्ता एवं उरीमारी ओ.पी. प्रभारी रथू उरांव ने बताया कि इस तरह की जांच आने वाले दिनों में होते रहेंगे। गाड़ी की कागजात नहीं रहने पर ऑनलाइन चालान आगे भी काटा जाएगा। मौके पर बड़कागांव थाना एएसआई अभिषेक कुमार , उरीमारी ओ.पी एएसआई सीताराम सिंह , कृष्ण कुमार दुबे सहित पुलिस सशस्त्र बल शामिल थे।

### बीडीओ के नेतृत्व में ठंड से राहत अभियान तेज जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण



**चौपारण :** प्रखंड में बढ़ती ठंड और घने कोहरे को देखते हुए जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह के निर्देश पर प्रखंड विकास पदाधिकारी नितेश भास्कर द्वारा गरीब, असहाय एवं जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल वितरण किया गया। प्रशासन का उद्देश्य है कि ठंड के कारण किसी भी व्यक्ति को परेशानी का सामना न करना पड़े। जिलेभर में आमजन की सुरक्षा, स्वास्थ्य और सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए व्यापक राहत कार्य चलाए जा रहे हैं। सभी प्रखंडों में अंचलाधिकारी एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी के माध्यम से सार्वजनिक स्थलों पर अलाव की समुचित व्यवस्था की गई है। बस स्टैंड, चौक-चौराहों, बाजारों, थाना परिसरों, अस्पताल परिसरों सहित अन्य भीड़भाड़ वाले स्थानों पर अलाव जलाकर लोगों को ठंड से राहत दी जा रही है। इसके साथ ही जरूरतमंद, असहाय, वृद्ध एवं बेसहारा लोगों के बीच कंबल वितरण का कार्य लगातार जारी है।

## बीडीओ ने सतबहिया मे बिरहोर परिवारों के बीच किया कंबल वितरण



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बड़कागांव :** बड़कागांव प्रखंड में शीतलहरी के साथ कड़ाके की ठंड को देखते हुए बड़कागांव प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल के नेतृत्व में सतबहिया मे बिरहोर परिवारों के बीच कम्बल वितरण किया गया। कंबल वितरण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रमुख फुलवा देवी एवं उपस्थित कांडतरी पंचायत के पंचायत समिति सदस्य रंजीत चौबे, मुखिया राजदेव महतो के हाथों कंबल वितरण किया गया । कंबल वितरण को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल ने कहा कि फिलहाल बिरहोर परिवारों के लिए ही कंबल आया है। सतबहिया के बिरहोर परिवारों के बीच कुल 50 कंबल वितरण किए गए हैं। प्रखंड में अन्य जरूरतमंद लोगों के लिए दो-चार दिनों में कंबल आने की संभावनाएं हैं। कंबल उपलब्ध होने के पश्चात प्रखंड के तमाम पंचायतो में भी कंबल वितरण किया जाएगा। कंबल वितरण कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रखंड कल्याण पदाधिकारी पंकज गुप्ता, बुद्धि नाथ साहू के अलावा अन्य उपस्थित थे।

## कांग्रेस के विचारधारा को जिला से बुथ स्तर पर जन-जन तक पहुंचाए : रमा खलको

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**हजारीबाग :** संगठन सृजन अभियान 2025 के अंतर्गत जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में जिला महिला कांग्रेस के तत्वावधान एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष बेबी देवी ने की । बैठक में मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष रमा खलको ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन सृजन अभियान अपने अंतिम चरण पर है। इसलिए विशेषकर सभी जिम्मेदार पदाधिकारियों को अपना दायित्व तथा कर्तव्य को निष्ठापूर्वक समझना होगा। संगठन के व्यापक हित में उन्होंने जिला, प्रखंड, मंडल, पंचायत तथा बुथ लेवल एजेंट कार्यकताओं को कांग्रेस कि विचारधारा को जन-जन तक पहूंचाने के का कार्य करें। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का संगठन कैसे मजबूत हो, समाज के अंतिम व्यक्ति के घर तक संगठन की पहुंच कैसे बढ़े इसी सोच के साथ संगठन ने अधिक जान फुकने के की कवायद चल रही है। देश के तेजतर्रार नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा उठाए जा रहे जन मुद्दों को सांगठनिक रणनीति से सफल बनाना है तब कहीं संगठन को गति और आन्दोलन को सफलता मिलेगी। जिला अध्यक्ष बेबी देवी ने कहा कि जिला कमिटी के नेतृत्व में लगातार भाजपा की केन्द्र सरकार के विरोध में आंदोलन किए जा रहें हैं। प्रखंड स्तर, मंडल स्तर, बुथ स्तर और बीएलए दो गठन का कार्य हो रहा है। संगठन में नए लोंगो को बड़े पैमाने पर जोड़ा जा रहा है। कार्यक्रम का संचालन चौपारण प्रखंड अध्यक्ष प्रिती गुप्ता जबकी धन्यवाद ज्ञापन जिला कांग्रेस के मीडिया अध्यक्ष निसार खान ने किया। मौके पर प्रदेश महासचिव मिनू सिंह, मोसेमात वीणा देवी, रूना देवी, वीणा देवी के अतिरिक्त कई महिला उपस्थित थे ।

## पुलिस ने अवैध शराब को लेकर की बड़ी कार्रवाई, 131 ड्रम जावा महुआ एवं 300 लीटर महुआ शराब नष्ट

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बड़कागांव :** हजारीबाग पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के निदेर्शानुसार बड़कागांव में नशा उन्मूलन को लेकर बड़कागांव प्रखंड में संचालित अवैध महुआ शराब निर्माण को लेकर पुलिस के द्वारा बड़ी कार्रवाई की गई है। बड़कागांव थाना प्रभारी कृष्ण कुमार गुप्ता के नेतृत्व में नापोखुर्द पंचायत के असनाटांड़ गांव में पांच अलग-अलग स्थान में कार्रवाई की गई। जिसमें 131 ड्राम महुआ जावा, 13 क्विंटल महुआ एवं 300 लीटर महुआ शराब नष्ट किया गया। इस दौरान दर्जन भर से अधिक शराब भट्टी को भी पुलिस ने ध्वस्त किया है। बड़कागांव थाना प्रभारी ने बताया कि अवैध महुआ शराब को लेकर पूरे प्रखंड में छापेमारी की जाएगी जहां भी जो भी लोग अवैध महुआ शराब कारोबार कर रहे हैं, पकड़े जाने पर उन्हें किसी भी हालत में छोड़ा नहीं जाएगा। बताते चलें कि नापोखुर्द गांव असनाटांड़ गांव में भारी मात्रा में अवैध शराब बनाने की गुप्त सूचना पुलिस अधीक्षक को मिली थी। जिस पर बड़कागांव पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है । छापेमारी में मुख्य रूप से बडकागांव थाना प्रभारी कृष्ण कुमार गुप्ता ,एस आई अमित कुमार एवं सशस्त्र पुलिस बल शामिल थे।

### बरही में सम्मानित हुए चौपारण युवा कांग्रेस अध्यक्ष पंकज कुमार, संगठनात्मक योगदान को मिला सराहना



**चौपारण :** बरही में आयोजित एक गरिमामय कार्यक्रम में चौपारण युवा कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष पंकज कुमार को उनके संगठनात्मक योगदान और सक्रिय भूमिका के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एससी सेल के प्रदेश प्रभारी राहुल राज एवं एससी प्रदेश अध्यक्ष केदार पासवान ने पंकज कुमार को माला पहनाकर और अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान राहुल राज ने कहा कि युवा कांग्रेस के समर्पित कार्यकर्ता ही संगठन की रीढ़ हैं और पंकज कुमार जैसे ऊर्जावान नेतृत्व से चौपारण क्षेत्र में कांग्रेस संगठन को मजबूती मिलेगी। वहीं केदार पासवान ने कहा कि सामाजिक न्याय, युवाओं की भागीदारी और संगठन विस्तार में पंकज कुमार की भूमिका सराहनीय रही है।

## आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के हड़ताल से डाटा एंट्री व यू डायस प्लस का कार्य बाधित


प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** हजारीबाग, सदर प्रखण्ड अन्तर्गत सिलवार बीआरसी के आउट सोर्सिंग कर्मचारियों को बकाया वेतन ससमय नहीं मिलने से भुखमरी सहित अनेक समस्याएं उत्पन्न हो रहा है। इन मांगों को लेकर राज्य शिक्षा विभाग के लगभग 400 आउटसोर्स कर्मचारी 26 दिसंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। जिले के शिक्षा विभाग के 28 आउटसोर्स कर्मचारी भी हड़ताल में शामिल हैं। इनमें बीआरपी, एमआइएस व कंप्यूटर आपरेटर शामिल हैं। हड़ताल के कारण डाटा एंट्री और यू-डायस प्लस का कार्य गंभीर रूप से प्रभावित हुआ है। केंद्र सरकार ने राज्य को 31 दिसंबर तक यू डायस प्लस का कार्य पूर्ण कर फ्रिज करने का निर्देश दिया है। लेकिन आउटसोर्स कर्मी के हड़ताल के चलते यह कार्य पूरा नहीं हो पाएगा। आउटसोर्स कर्मचारी संघ के बैनर तले राज्य के आंदोलनकारियों ने रांची में धरना प्रदर्शन कर अपनी मांगों को उठाया। संघ की पांच सूत्री मांगों में समान कार्य के लिए समान वेतन लागू करने, नियमित रूप से प्रतिमाह वेतन का भुगतान सुनिश्चित करने, प्रतिवर्ष वेतन वृद्धि का प्रविधान करने, सभी कर्मियों का एसपीडी एवं एजेंसी के एचआर के साथ संयुक्त वार्ता कराने और राज्य स्तरीय कमेटी का गठन करने की मांग शामिल है। इस स्थिति से शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर असर पड़ सकता है।

## जवाहर घाट नव वर्ष में पिकनिक स्पॉट के रूप में तैयार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरही :** बरही चौक से मात्र 3 किमी की दूरी पर एन एच 31 के किनारे स्थित बरही का जवाहर घाट नव वर्ष में पिकनिक स्पॉट के रूप में सैलानियों के लिए पूरी तरह तैयार है। प्राकृतिक वादियों के बीच मनोरम छटा को समेटे इस जवाहर घाट की सुंदरता देखते ही बनती है। यही कारण है की एन एच 31 से होकर जाने वाले लोग एक बार रुक कर जवाहर घाट की मनोरम वादियों का दीदार जरूर करते हैं। जवाहर घाट तिलैया डैम के जलाशय के किनारे ही स्थित है। यह तीन ओर जलाशय के बीच टापू की तरह स्थित होने के कारण सैलानियों एवं पर्यटकों के लिए यह स्थल पहली पसंद बनती जा रही है। इसी जवाहर घाट परिसर में फॉरेस्ट गेस्ट हाउस भी है। जो पर्यटकों को ठहरने के लिए बनाया गया है। जो पर्यटकों को काफी भाता है। हालांकि इस वन विश्रामागर के उपयोग के लिए फीस देना पड़ता है। इस बार इस फॉरेस्ट गेस्ट हाउस का सुंदरीकरण किया गया है। ज्ञात हो की देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू के नाम पर ही जवाहर घाट का नाम रखा गया है। उनके द्वारा ही जवाहर पूल भी बनाया गया है। जो आज भी उनकी याद दिलाता है। जवाहर घाट में एक साथ नदी, सड़क पूल एवं रेलवे पुल भी इसकी सुंदरता को बढ़ाता है। नव वर्ष के पहले एवं बाद में लगती है पर्यटकों का जमावड़ाः नव वर्ष के आगमन के पहले दिसंबर माह में एवं नव वर्ष के बाद जनवरी माह में हर रोज दूर दूर से लोग यहां पिकनिक मनाने के आते हैं। सबसे खासियत है की जवाहर घाट बिल्कुल पूरी तरह सुरक्षित है। साथ ही तिलैया डैम एवं बराकर नदी के किनारे स्थित होने तथा लकड़ी एवं पानी उपलब्धता के कारण लोग अपने परिवारजनों के साथ पिकनिक मनाने पहुंचते हैं। गीत संगीत का भी आनंद लेते हैं। जलाशय होने के बाद नौका विहार से वाचित रहते हैं पर्यटकः जवाहर घाट के चारो ओर बराकर नदी का जलाशय है। नौका विहार के लिए सबसे अच्छा स्थान है। लेकिन इसे पर्यटन विभाग की ओर से पूर्ण रूप से विकसित नही किया गया है। जिसके कारण पर्यटक नौका विहार की सुविधा से वंचित हैं। यदि इसे नौका विहार के लिए विकसित किया जाता तो पर्यटकों की संख्या सालोभर रहती। स्थानीय लोगों को रोजगार मिल पाता है। सरकार को राजस्व की भी प्राप्ति होती । पर्यटक स्थल के तौर पर विकसित करने की हुई थी पहल लेकिन नही हो सका पूराः तत्कालीन विधायक मनोज कुमार यादव के द्वारा 2017 में पर्यटन स्थल के तौर पर विकसित करने को लेकर डीपीआर तैयार कराई गई थी। विभाग की ओर से मापी भी की गई थी। लगभग दो करोड़ की लागत से पूरी प्रोजेक्ट तैयार भी किया गया था। लेकिन उसके बाद धरातल पर कोई कार्य नहीं हुआ। हालांकि इस बार पुनः मनोज कुमार यादव विधायक निर्वाचित हुए हैं। जिसके बाद जवाहर घाट को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की उम्मीद बढ़ गई है। क्या कहते हैं विधायकः विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि केंद्र सरकार के द्वारा 34 करोड़ की लागत से तिलैया डैम को विकसित किया जाएगा। इसी कड़ी में जवाहर घाट को भी इस प्रोजेक्ट में शामिल करने का प्रयास रहेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### बरही पदमा के 125 पीडीएस डीलर को मिला 4 जी ई पॉश मशीन



**बरही :** जन वितरण प्रणाली को पारदर्शी, तेज एवं तकनीक-सक्षम बनाने की दिशा में हजारीबाग जिला आपूर्ति विभाग ने एक ऐतिहासिक पहल की है।इस दिशा में मंगलवार को बरही टाउन हॉल में बरही एवं पदमा प्रखंड के जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं एवं स्वयं सहायता समूह के सदस्यों के बीच 4जी ई पोश मशीन का वितरण किया गया। वितरण कार्य बरही प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी संजय कुमार यादव के द्वारा की गई । कार्यक्रम के तहत बरही के 87 एवं पदमा प्रखंड के 38 डीलरों के बीच 4 जी मशीन वितरण की गई। गौरतलब है कि अगस्त 2016 से 2 जी ई पॉश मशीनों के माध्यम से राशन वितरण किया जा रहा था, जिससे हमेशा नेटवर्क और तकनीकी समस्याओं के कारण विक्रेताओं एवं लाभुकों को लगातार कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। वर्षों से डीलरों द्वारा चली आ रही इस मांग को हजारीबाग डीएसओ मुरली यादव की सक्रिय पहल और निरंतर प्रयास से मिलना साकार हुआ। अब 4जी ई पोश मशीन मिलने से राशन वितरण व्यवस्था को नई रफ्तार और मजबूती मिली है। वहीं 4जी ईपोश मशीन मिलने पर सभी डीलरों में खुशी देखने को मिली।4जी ई पोश मिलने से विक्रेताओं ने इसे जन वितरण प्रणाली के लिए एक बड़ी राहत और ऐतिहासिक बदलाव बताया।कार्यक्रम के दौरान जन वितरण प्रणाली विक्रेता संघ के प्रखंड अध्यक्ष डोमन पाण्डेय ने मांग किया कि सरकार जिस तरह से जन वितरण प्रणाली को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए 4जी ईपोश मशीन उपलब्ध कराया है । उसी तरह सरकार डीलरों का बकाया कमीशन को भी जल्द भुगतना करने की पहल करे ताकि आर्थिक तंगी से जूझ रहे डीलरों को आर्थिक सहयोग मिल सके।इस कार्यक्रम में डोमन पाण्डेय, सुखदेव साव, नंदकिशोर कुमार,बंटी ठाकुर, किशोर ठाकुर, अर्जुन राम, चंद्रदेव रविदास, बालेश्वर यादव, छोटेलाल रजवार, संतोष केशरी,मो क्युम, नंदकिशोर प्रसाद,मंटु यादव, रनधीर रविदास, राम-लखन यादव, अर्जुन रविदास, मुकेश राणा,सहित बरही एवं पदमा प्रखंड के सभी पीडीएस विक्रेता मौजूद थे।

### निजी विद्यालय संघ की बैठक में संगठन मजबूती व गुणवत शिक्षा पर हुई चर्चा



**बरही :** निजी विद्यालय संघ बरही की मासिक बैठक बरही प्रखंड परिसर स्थित डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम पार्क में हुई। बैठक की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष मिथिलेश यादव एवं संचालन संघ के सचिव नितेश कुमार ने किया। बैठक में विगत माह में हुए सभी क्रियाकलापों पर विचार विमर्श हुआ। आगामी अंग्रेजी नव वर्ष के शुभ अवसर पर आपस में मेल-जोल के लिए एक वनभोज का तिथि निर्धारित किया गया। सरकार द्वारा दी जाने वाली दोहरी नियमों के खिलाफ जरूरत पड़ने पर जन आंदोलन करने का प्रस्ताव लाया गया। मासिक बैठक में संचालक अनुज प्रजापति, सुशील कुमार, सुधीर चंद्र, शशि कुमार, रोशन सिंह, अवधेश राणा, कमलेश यादव, रामचंद्र यादव, बिरेंद्र यादव, रूपलाल शर्मा, धनेश्वर रजक, धर्मेंद्र कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

### सेंट्रल मिशन पब्लिक स्कूल के बच्चों को कराया गया रांची विज्ञान केंद्र शैक्षणिक भ्रमण




**बरही :** बरही स्थित शिशु ज्ञान समिति द्वारा संचालित सेंट्रल मिशन पब्लिक स्कूल रसोईया धमना के विद्यार्थियों को एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के संपूर्ण व्यक्तित्व के विकास के लिए महत्वपूर्ण कड़ी है। यह भ्रमण विद्यार्थियों को अपने और दूसरों के अनुभव से सीखने का एक अच्छा अवसर देता है। जब विद्यार्थी शैक्षणिक भ्रमण पर जाते हैं तो वह अपनी आंखों से प्रत्यक्ष रूप से देखकर किसी भी विषय वस्तु पर वर्णन करने में सक्षम हो जाते हैं। विद्यालय के निदेशक टुकलाल साव के मार्गदर्शन में कराया गया शैक्षणिक भ्रमण के दौरान बच्चों ने विज्ञान केंद्र, तारामंडल, पतरातु घाटी जैसे स्थलों का भ्रमण किया। जिसे देख कर बच्चे बहुत ही आश्चर्यचकित एवं उत्साहित हो रहे थे। विद्यालय के निदेशक के साथ-साथ विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षकों के द्वारा विज्ञान केंद्र एवं तारामंडल स्थलों के विषय में जानकारी दी जा रही थी जो कुछ बच्चे नोटबुक में लिख रहे थे। बच्चे इस बीच आनंदित एवं उत्साहित रहे।

### हाथियों के झुंड ने पदमपुर के गांवों में मचाई तबाही



**टंडवा :** प्रखंड के अंतर्गत पदमपुर में हाथियों के झुंड करीब तीन से लेकर चार संख्या ने है जिसे पहला पदमपुर पंचायत, दूसरा हैसातु पंचायत, एवं टंडवा प्रखंड के विभिन्न गांव में जा कर पक्का मकान एवं मिट्टी का घर पूरी तरह से नष्ट कर दिया और घर में रखा अनाज जैसे चावल ,गेहूं , मक्का तेल सरसों अन्य सामानों सहित खा डाला जिसे जिस परिवार के घर को तोड़ डाला वह पूरे परिवार ने खाने एवं रहने का आवास को अंचल अधिकारी से गोहार लगाया है मौके पर उपस्थित टंडवा रेंज के रेंजर मुक्ति प्रकाश पन्ना ने के द्वारा हाथियों से बचने के लिए पदमपुर के ग्रामीणों को फटका , डीजल, मशाल एवं टंडवा प्रखंड के विभिन्न गांव के ग्रामीणों के हाथियों से बचने के लिए विभिन्न बातों सभी गांव ग्रामीण को निर्देश दिए जिस परिवार को हाथियों द्वारा घर छती हुआ जिसका नाम इस प्रकार है दिना गंजु, लक्ष्मी देवी, बंधन गंझु , मेघन साव, चमन भुइंया, नारायण साव, अनिल सिंह, इस पदमपुर पंचायत के वनरछी सत्यनारायण रविदास ने काफी यहम भूमिका निभाए और हाथियों से बचाने के लिए गांव ग्रामीण के पास पहुंच जयते हैं मौके पर उपस्थित वन पान सुनील उरांव, वन रक्षी कार्तिक पासवान, सतरुधन चौबे, मनोज दास सभी वन रक्षी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### झारखंड के 13 जिलों में शीतलहर को लेकर येलो अलर्ट

**रांची:** झारखंड के 13 जिला में शीतलहर चलने की संभावना है। इसे लेकर मौसम विभाग ने मंगलवार को येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग ने राज्य के जिन जिलों में शीतलहर का अलर्ट जारी किया है। उनमें पश्चिमी जिले पलामू, गढ़वा, लातेहार और छात्र के अलावा मध्यवर्ती जिले रांची, रामगढ़, बोकारो खूंटी, गुमला, हजारीबाग, लोहरदगा कोडरमा और धनबाद शामिल है। मौसम विभाग ने राज्य के उत्तर पश्चिमी और इसके निकटवर्ती उत्तरी मध्य भागों में कहीं-कहीं शीत दिवस कोल्ड डे की स्थिति होने की भी संभावना व्यक्त की है। साथी राज्य के उत्तरी भागों में सुबह शाम शाम घना कोहरा छाने की भी जानकारी दी है। वहीं मंगलवार को रांची और आसपास के इलाकों में सुबह में मौसम साफ रहा और इस दौरान भारी कनकनी महसूस की गई। वहीं राज्य के अन्य जिलों में देर रात और तड़के सुबह में कुहासा छाया रहा। रांची के भी नमी वाले इलाकों में देर रात को कुहासा दर्ज किया गया। पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सबसे अधिक तापमान 26.8 डिग्री चाईबासा में और सबसे कम तापमान गुमला में 2.6 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

### ट्रिपल आईटी रांची के तीसरे दीक्षांत समारोह में 370 विद्यार्थियों को मिली उपाधि

**रांची :** मंगलवार को जेयूटी परिसर में आयोजित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रांची के तीसरे दीक्षांत समारोह में भारत सरकार के रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ के साथ बतौर विशिष्ट अतिथि शामिल हुआ। इस अवसर पर संस्थान के दो बैच के 370 स्नातक, स्नातकोत्तर व शोध कार्यक्रमों के विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान की गई। इसमें 8 विद्यार्थी को स्वर्ण पदक, 5 विद्यार्थी को रजत पदक व 2 को इंस्टीट्यूट मेडल प्रदान किया गया। इस दौरान ट्रिपल आईटी रांची के डायरेक्टर प्रो. राजीव श्रीवास्तव जी, आईआईटी पटना के डायरेक्टर प्रो. टी. एन. सिंह जी, बोर्ड ऑफ गवर्नेंस के चेयरमैन लेफ्टिनेंट जनरल श्री ए. के. भट्ट जी, जेयूटी के डायरेक्टर प्रो. डी. के. सिंह जी, श्री कुमार अनुपम जी सहित अन्य शैक्षणिक संस्थानों के अधिकारीगण व शोधार्थी उपस्थित रहें।

### रेलवे मेंस कांग्रेस के शाखा सचिव ने नववर्ष की दी हार्दिक शुभकामनाएं



**मुरी:** मुरी साउथ ईस्टर्न रेलवे मेंस कांग्रेस मुरी के शाखा सचिव नीतीश कुमार सिंह ने अपनी ओर से समस्त रेलकर्मियों और उनके परिवारजनों साथ ही देशवासियों को नववर्ष 2026 की हार्दिक शुभकामनाएँ एवं बधाई दी। उन्होंने कहा कि नया वर्ष आप सभी के जीवन में उत्तम स्वास्थ्य, सुख-समृद्धि,शांति एवं सफलता लेकर आए। उन्होंने कामना किया कि आने वाला वर्ष संगठन को और अधिक सशक्त बनाए, कर्मचारियों के अधिकारों की रक्षा हो तथा आपसी एकता और विश्वास मजबूत हो। आगे उन्होंने यह भी कहा कि नववर्ष 2026 में हम लोग साथ मिलकर सकारात्मक सोच,समर्पण एवं सहयोग के साथ संगठन और समाज के हित में निरंतर आगे बढ़ते रहें।

# मनरेगा को लेकर आरपार की लड़ाई होगी : कांग्रेस

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** कांग्रेस भवन रांची में प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश की अध्यक्षता में बोर्ड निगम के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सदस्यों,अग्रणी मोर्चा संगठन और विभाग के अध्यक्षों की बैठक हुई। इसमें मुख्य रूप से मनरेगा ड्राफ्ट कमिटी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले राष्ट्रीय सलाहकार परिषद के सदस्य ज्यां द्रेज शामिल थे। महासचिव सह मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने बताया कि बैठक में यह निर्णय लिया गया कि मनरेगा योजना खत्म किये जाने के विरोध में कांग्रेस आर-पार की लडाई लड़ेगी।

#### पांच को होगी लोकभवन तक पदयात्रा

राकेश सिन्हा ने बताया कि तीन जनवरी को राज्य के तमाम जिला मुख्यालयों में संवाददाता सम्मेलन आहूत की जाएगी। उसके उपरांत 5 जनवरी को रांची बापू वाटिका मोरहाबादी से पदयात्रा करते हुए कांग्रेस के कार्यकता और नेता लोकभवन पहुंचेंगे जहां यह पदयात्रा एक सभा में तब्दील हो जायेगी।

#### कांग्रेस हर कीमत पर मनरेगा की रक्षा करने की शपथ ली है: केशव महतो

प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि कांग्रेस ने हर कीमत पर मनरेगा की रक्षा करने की शपथ ली है क्योंकि मनरेगा कोई योजना नहीं, भारत के संविधान से मिला काम का अधिकार है। ग्रामीण मजदूरों के सम्मान, रोजगार, मजदूरी वो समय पर भुगतान के लिए संघर्ष किया जायेगा। मनरेगा से महात्मा गांधी का नाम हटाना और मजदूर के अधिकार को खैरात में बदलने की हर साजिश का लोकतांत्रिक विरोध हर मोर्चे पर कांग्रेस करेगी। उन्होंने कहा कि नये कानून के तहत केंद्र सरकार 90 प्रतिशत की जगह सिर्फ 60 प्रतिशत और राज्य सरकार 10 प्रतिशत की जगह 40 प्रतिशत खर्च वहन करेगी। इससे राज्य सरकारों पर आर्थिक बोझ बढ़ेगा और विकास कार्य बाधित होंगे। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार देश के अरबपतियों का लाखों करोड़ों रुपया माफ कर देती है और गरीबों को काम की गारंटी वाली योजना खत्म कर देती है।

#### मोदी सरकार संघीय ढ़ांचा पर हमला कर रही: ज्यां द्रेज

राष्ट्रीय सलाहकार परिषद के सदस्य ज्यां द्रेज ने कहा कि मोदी सरकार संघीय ढाचा पर हमला कर रही है। राज्यों से पैसा छीना जा रहा है, वह सत्ता और वित्त का केन्द्रीयकरण है। उन्होंने सीधा कहा कि यह फैसला प्रधानमंत्री कार्यालय से लिया गया है। ना ही कैबिनेट से कोई चर्चा की गई और ना ही संबंधित मंत्री से। उन्होंने कहा कि मनरेगा के खात्मे का एक ही मक्सद है, गरीबों के रोजगार को मिटाना। बैठक में सहजादा अनवर, रबीन्द्र सिंह, संजय लाल पासवान, राजीव रंजन प्रसाद, शमशेर आलम, राकेश सिन्हा, जयशंकर पाठक, कुमार गौरव, गजेन्द्र सिंह, सोमनाथ मुंडा, राकेश किरण महतो उज्जल तिवारी राजन वर्मा, बिनय ओरांव, राज,नीतू सिंह, सुमित शर्मा, हृदयानंद यादव शामिल थे।

## गुरुंग समाज के तामु लोसार महोत्सव में श्री गौरव गुरुंग सम्मानित



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** मंगलवार को जैप-1 कैंपस के टिकू हॉल में रांची के गुरुंग समाज ने तामु लोसार महोत्सव के शुभ अवसर पर पूर्वी क्षेत्र से उभरते लॉन टेनिस अंपायर गौरव गुरुंग को 2025 के उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए सम्मानित कियो मौके पर तामु गुरुंग समाज के संस्थापक विजय गुरुंग, सचिव सतीश गुरुंग, सक्रिय सदस्यगण मीना गुरुंग, आरती गुरुंग, संजय गुरुंग, अमरदीप गुरुंग, निशांत गुरुंग, विशाल गुरुंग, अमोल गुरुंग आदि उपस्थित थे। सचिव सतीश गुरुंग ने सभा में प्रशस्ति पत्र में वर्णित गौरव गुरुंग की 2025 की सफलताओं का उल्लेख किया जिनमें चुनिन्दा हैं पुणे में मई में महाराष्ट्र राज्य टेनिस एसोसिएशन द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय बिली जीन किंग टेनिस चैंपियनशिप में लाइन अंपायर होना, आल इंडिया आई.आई.टी. टेनिस चैंपियनशिप जो आई.आई.टी. कानपूर, हैदराबाद, तिरुपति एवं धनबाद में संपन्न हुई उसमे अंपायरिंग करना, नेशनल टेक्निकल ऑफिसर बनकर फरवरी में देहरादून में 38 वां राष्ट्रीय खेल में, 3वीं कंचनजंघा तीस्ता टेनिस प्रतिस्पर्धा, सिलीगुड़ी में, भारत कोकिंग काल नेशनल टेनिस टूनामेंट इत्यादि में उन्होंने शानदार अंपायरिंग की।

### कला प्रेमी स्व. विजय महतो स्मृति मेला कल

**सिल्ली :** सिल्ली मंगलवार को हर वर्ष की भांति इस नव वर्ष के शुभ अवसर पर आगामी एक जनवरी के दिन गुरुवार को सुगुंजाडीह लोटा में कला प्रेमी स्व. विजय महतो स्मृति मेला का आयोजन किया गया है। इस मेला की जनकारी देते हुए मेला अध्यक्ष कार्तिक चन्द्र महतो ने बताया की मेला में नर्तकी नाच तथा साथ में स्थानीय कलाकार द्वारा पांचपरगना, कुड़माली झूमर गीत गायन एवं आकर्षक पुरस्कार के साथ मुर्गा लड़ाई का आयोजन किया गया है। साथ ही ग्रामीणों से अपील किया है की इस मेला में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित हो कर मेला को सफल बनावें।

## जेपीपी का मना 35वां स्थापना दिवस, बेसरा ने कहा पेसा नियमावली में है कई पेंच

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रांची :** झारखंड पीपुल्स पार्टी ने मंगलवार को पुराना विधानसभा स्थित विधायक क्लब में 35वां स्थापना दिवस मनाया। कार्यक्रम में पार्टी के संस्थापक सह केंद्रीय अध्यक्ष सूर्य सिंह बेसरा ने राज्य की हेमंत सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पेसा नियमावली को कैबिनेट से पास कराने के नाम पर हेमंत सरकार जश्न मना रही है, लेकिन इसके भीतर कई गंभीर पेंच छिपे हुए हैं। आगे चलकर यह नियमावली भी उसी तरह कानूनी उलझनों में फंस सकती है, जैसे 1932 आधारित स्थानीय नियोजन नीति फंसी थी। सूर्य सिंह बेसरा ने कहा कि भारत सरकार ने वर्षों पहले पेसा कानून लागू करने की बात कही थी, लेकिन इसे जानबूझकर लटकाया गया। अब जब सरकार को न्यायालय की फटकार पड़ी, तो इसे पास कराने का ढिंढोरा पीटा जा रहा है। बेसरा ने कहा कि जिस कानून को झारखंड बनने के 25 वर्षों के भीतर लागू हो जाना चाहिए था, उसमें भारी विलंब हुआ। इसके लिए उन्होंने झारखंड मुक्ति मोर्चा, भाजपा और कांग्रेस सहित सभी राजनीतिक दलों को जिम्मेदार ठहराया। यदि राज्यवासियों के विकास की सच्ची मंशा होती, तो पेसा कानून और स्थानीय नीति के लिए 25 साल इंतजार नहीं करना पड़ता। कार्यक्रम में बेसरा ने पार्टी के नीति-सिद्धांतों और झारखंड आंदोलन के संघर्ष को याद करते हुए कहा कि आज भी भगवान बिरसा मुंडा के सपनों का झारखंड अधूरा है। सांसद रिश्वत कांड जैसी घटनाओं से आंदोलन की मूल भावना को गहरा आघात पहुंचा है, बावजूद इसके जेपीपी अपने सिद्धांतों पर अडिग है। इस अवसर पर पश्चिम बंगाल की झारखंड जातीय पार्टी का जेपीपी में औपचारिक विलय हुआ। जेजेपी के प्रदेश अध्यक्ष गौरचन्द्र हेंब्रम ने वृहद झारखंड की अवधारणा को आगे बढ़ाने की बात कही। कार्यक्रम में पंकज मंडल और देवीदयाल मुंडा ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम में बंगाल से आए गौरचन्द्र हेंब्रम और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

## राष्ट्रीय स्कूली स्केटिंग प्रतियोगिता में रुद्रांश ने जीता एक स्वर्ण और एक कांस्य पदक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** मध्य प्रदेश के ग्वालियर स्थित आईटीएम ग्लोबल स्कूल, तुरी में आयोजित 69 वीं राष्ट्रीय स्कूली स्केटिंग प्रतियोगिता के अंडर-14 बालक वर्ग में झारखंड के खिलाड़ी रुद्रांश शर्मा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दो पदक जीतकर राज्य को गौरवान्वित किया है। इस प्रतियोगिता में झारखंड स्केटिंग टीम स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग अंतर्गत झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद की अगुवाई में भाग लिया है। प्रतियोगिता का आयोजन 25 दिसंबर से 30 दिसंबर तक किया गया। पूरे प्रतियोगिता में रुद्रांश शर्मा ने बेहतरीन संतुलन, धैर्य और तकनीकी दक्षता का परिचय देते हुए इन-लाइन रोड रेस स्पर्धा में स्वर्ण पदक अपने नाम किया। वहीं एकल स्केटिंग स्पर्धा में सटीक रणनीति के साथ कांस्य पदक प्राप्त किया। इस उपलब्धि पर राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन ए सोरेंग ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह राज्य के लिए अत्यंत गर्व की बात है कि स्केटिंग जैसे खेल में भी झारखंड के खिलाड़ी राष्ट्रीय स्कूली स्तर पर स्वर्ण पदक जीत रहे हैं। उन्होंने कहा कि खेलो झारखंड राज्य के उभरते खिलाड़ियों को एक सशक्त मंच प्रदान कर रहा है, जरूरत है कि खिलाड़ी पूरी ईमानदारी के साथ निरंतर मेहनत करें। इस सफलता में कोच और मैनेजर सुभाष यादव, राजेश राम और सुमित शर्मा का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा। वहीं इस उपलब्धि पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, शिक्षा सचिव उमाशंकर सिंह, परियोजना निदेशक शशि रंजन, प्रशासी पदाधिकारी सच्चिदानंद द्विवेदी तिग्गा, राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन ए सोरेंग सहित राज्य खेल कोषांग के सभी सदस्यों ने रुद्रांश को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## कनीय सचिवालय सहायक पद पर चयन से क्षेत्र में खुशी का माहौल



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिल्ली :** सोनाहातू प्रखंड के कोटाब गाँव के पूर्व सहायक शिक्षक स्व.दुर्योधन महतो के पुत्र योगेश्वर महतो जी का चयन कनीय सचिवालय सहायक के पद पर हुआ है। जिसको लेकर पंचपरगना क्षेत्र में खुशी का माहौल है बधाई देने वाले का कतार लगा हुआ है बधाई देने वाले में खछडट के सक्रिय सदस्य अजीत कु.महतो, लक्ष्मण अहीर, हेमकांत महतो, निर्मल महतो, जगदीश महतो, बुका महतो जैसे अनेकों युवा साथियों ने दिया है ओर उज्जवल भविष्य की कामना किये हैं। बताते चलें कि इसका प्रारंभिक शिक्षा आरटीसी स्कूल मुरी से हुआ था तथा भोपाल से इंजीनियरिंग की डिग्री भी प्राप्त कर चुके हैं ओर पिछले बार के दरोगा बहाली में भी प्रारंभिक परीक्षा पास कर चुके थे।

# पेसा के नाम पर आदिवासियों को लॉलीपॉप दिखा रही है राज्य सरकार : रघुवर दास

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने राज्य सरकार की ओर से बनाई गई पेसा अधिनियम की नियमावली पर गंभीर सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की ओर से तैयार की गई यह नियमावली पेसा अधिनियम, 1996 के मूल प्रावधानों और भावना के बिल्कुल विपरीत है। रघुवर दास मंगलवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता को में बोल रहे थे। रघुवर दास ने राज्य की जनता के भावना के अनुरूप राज्य सरकार से जल्द पेसा की नियमावली को जारी करने की मांग किया। उन्होंने कहा कि समाचार पत्रों में प्रकाशित जानकारी के अनुसार, सरकार ने ग्राम सभा की परिभाषा में परंपरागत जनजातीय व्यवस्था और रूढ़िगत नेतृत्व को सीमित कर दिया है। जबकि अनुसूचित क्षेत्रों में ग्राम सभा की परिकल्पना परंपरागत रीति-रिवाजों और सामाजिक संरचना के अनुरूप की गई है। उन्होंने विभिन्न जनजातीय समुदायों की परंपरागत ग्राम नेतृत्व व्यवस्था का उल्लेख करते हुए कहा कि संथाल समुदाय में मांझी-परगना, हो समुदाय में मुंडा-मानकी-दिउरी, खड़िया समुदाय में ढोकलो-सोहोर, मुंडा समुदाय में हातु मुंडा, पड़हा राजा, पाहन, उरांव समुदाय में महतो, पड़हावेल , पाहन तथा भूमिज समुदाय में मुंडा, सरदार, नापा और डाकुआ जैसे पारंपरिक पदों को सदियों से मान्यता प्राप्त है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि पेसा अधिनियम 1996 की धारा 4(क), 4(ख), 4(ग) और 4(घ) में स्पष्ट रूप से यह प्रावधान है कि ग्राम सभा का गठन, संचालन और प्रतिनिधित्व जनजातीय समुदायों की परंपराओं, रूढ़ियों, सामाजिक-धार्मिक प्रथाओं और संसाधनों के पारंपरिक प्रबंधन के अनुरूप होगा। लेकिन राज्य सरकार द्वारा बनाई गई नियमावली में इन प्रावधानों को नजरअंदाज कर दिया गया है। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि क्या नई नियमावली के तहत ग्राम सभा की अध्यक्षता ऐसे लोगों को दी जाएगी जो परंपरागत जनजातीय व्यवस्था से नहीं आते या जो संबंधित समुदाय और परंपरा से भिन्न पृष्ठभूमि रखते हैं।


## संक्षिप्त खबरें

### विद्युत कर्मियों पर हमले के दोषियों पर हो कार्रवाई : अजय



**रांची:** झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ के अध्यक्ष अजय राय ने मधुपुर थाना क्षेत्र में विद्युत विभाग के कर्मियों पर हुए जानलेवा हमले की कड़ी निंदा की है। उन्होंने राज्य सरकार और जिला प्रशासन से दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी कर उनके विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। राय ने मंगलवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि झारखंड ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड की विजिलेंस और सुरक्षा शाखा ने विद्युत चोरी के विरुद्ध विशेष जांच अभियान चलाया था। इसी क्रम में मधुपुर मामले के नामजद अभियुक्तों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही थी। बीते 28 दिसंबर को जब विभागीय टीम अनुसंधान के लिए मधुपुर के बुढ़ीबागान क्षेत्र में पहुंची, तभी वहां मौजूद कुछ असामाजिक तत्वों ने सरकारी कार्य में बाधा डालते हुए विद्युत कर्मियों पर लाठी-डंडे और ईंट-पत्थर से हमला कर दिया। इस हमले में विद्युत कर्मी उदय यादव गंभीर रूप से घायल हो गए, वहीं सरकारी वाहन को भी नुकसान पहुंचा, जिससे लगभग 35 हजार रुपये की क्षति हुई। अजय राय ने मामले के सभी नामजद आरोपितों की अविलंब गिरफ्तारी, सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वालों पर सख्त कार्रवाई करने, घायल कर्मी को मुआवजा और सुरक्षा देने एवं भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए जांच अभियानों के दौरान सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।

### दवा दुकान में लगी आग, लाखों का नुकसान



**रांची:** रांची के कांके रोड स्थित केयर एंड क्योर मेडिसिन सेंटर में सोमवार की देर रात अचानक आग लग गई। दुकानदार दुकान बंद करके अपने घर जा चुके थे, उसके बाद अचानक दुकान से धुआं निकलना शुरू हुआ और देखते ही देखते आग की लपटें दुकान से बाहर आने लगी। कुछ स्थानीय लोगों ने दुकानदार को घटना की सूचना दी। वहीं अग्निशमन विभाग को भी जानकारी दी गई। थोड़ी देर में दमकल वाहन भी मौके पर पहुंचे और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया लिया गया। मेडिसिन दुकान के मालिक ने बताया कि वे लोग दुकान बंद करके अपने घर चले गए थे। इसी दौरान कुछ लोगों ने सूचना दी कि उनके दुकान से आग की लपटें बाहर आ रही है। आग लगने की वजह से लाखों का नुकसान हुआ है। गोंदा थाना प्रभारी अभय ने मंगलवार को बताया कि देर रात दवा दुकान में आग लगी थी, जिसपर काबू पा लिया गया है। अगलगी में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। आशंका है कि आग शॉर्ट सर्किट की वजह से लगी थी।

### दुनिया ने जाना किस्मत है मेरी मुझको पता था बाबा कृपा है तेरी




**रांची :** हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में मंगलवार का पौष शुक्ल पक्ष की पुत्रदा एकादशी एवं साल की अंतिम एकादशी के शुभ अवसर पर मंदिर में भक्तों भीड़ देखते ही बन रही थी। पूरा हरमू रोड श्याम प्यारे की जय हारे के सहारे की जय से गूंज रहा था। 5:30 बजे की मंगला आरती में नियमित दर्शन करने वाले दर्शनार्थियों के अलावा ग्यारस में आने वाले श्याम भक्तों की भी भारी भीड़ थी। मंगला आरती के बाद मंड के पर्दे लगाकर बाबा श्याम का अनुपम दिव्य भव्य श्रृंगार किया गया। अध्यक्ष गोपाल मुरारका कोषाध्यक्ष मनोज खेतान कार्यकारणी सदस्य श्याम सुंदर शर्मा के सानिध्य में मंदिर के आचार्य ने मिलकर बाबा श्याम को कोलकाता बेंगलुरु से मंगाए गए पर्पल क्रिस्टनमम लाल गुलाब येलो स्टार की मोटी मोटी मालाओं से सजाया । ग्यारस का दिन श्याम भक्तों के लिए विशेष दिन होता है और हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में दिन प्रतिदिन भक्तों की आस्था और मान्यता बढ़ती जा रही है। श्री श्याम मंदिर हरमू रोड की सभी पूजन अनुष्ठान विधि विधान से खाटूधाम की परंपरा अनुसार किए जाते हैं। हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में भक्त अपनी अर्जी लेकर अपने आराध्य देव से अपनी अरदास लगाते हैं ।12.15 बजे विश्राम आरती के बाद 12.30 बजे के उपरांत मंदिर के पट लगा दिए गए। संध्या 4.30 बजे जब मंदिर के पट खुले तो मंदिर में मौजूद काफी संख्या भक्त दर्शन करने के लिए प्रतीक्षा कर रहे थे। भक्तों के लिए कतार की सुंदर व्यवस्था की गई थी। एकादशी संकीर्तन का मुख्य कार्यक्रम रात्रि 9:30 बजे से प्रारंभ हुआ।



### खोए हुए डीड (दस्तावेज) के संबंध में सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि:

स्वामी का विवरण: श्री सर्वजीत कुमार साहू, संपत्ति: खाता संख्या- 159, प्लॉट संख्या- 593 (15 डेसिमिल) एवं 594 (4 डेसिमिल), मौजा- जरिया, थाना- कर्रा, थाना संख्या- 25, जिला- खूंटी, राज्य- झारखंड के वर्तमान स्वामी हैं।

दस्तावेज की हानि: उक्त संपत्ति का पंजीकृत डीड (Registered Deed) संख्या- 3056, वर्तमान स्वामी की अभिरक्षा से खो गया है।

पुलिस रिपोर्ट : इस संबंध में जरियागढ़ थाना में दिनांक 09-04-2022 को G.D.E. संख्या- 15/22 दर्ज कराई गई है।

बंधक (Mortgage) की सूचना: उक्त श्री सर्वजीत कुमार साहू उपरोक्त संपत्ति के संबंध में आदित्य बिड़ला कैपिटल लिमिटेड के पक्ष में बंधक (Mortgage) बनाने का इरादा रखते हैं।

आपत्ति की समय सीमा: यदि किसी व्यक्ति को उपरोक्त संपत्ति के संबंध में कोई आपत्ति है, तो वह इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 7 (सात) दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी (अधिवक्ता) से संपर्क करें।

अंतिम तिथि: निर्धारित समय सीमा के बाद किसी भी दावे या आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा।

अधिवक्ता विवरण (संपर्क सूत्र):

नाम: कंदर्प वत्स्यायन (KANDARP VATSYAYAN)

पता: B5, श्याम कुटीर, गौतम बुद्ध मार्ग, बरियातू, रांची, झारखंड - 834009

मोबाइल: +91-7250821924

ईमेल: associates.vatsyayan@gmail.com

## एक नजर

### बीएसएल ठेका मजदूर ने कूलिंग पौंड में लगाई छलांग, मौत

**बोकारो** : हरला थाना क्षेत्र स्थित कूलिंग पौंड से मंगलवार को गोताखोरों की मदद से बोकारो स्टील लिमिटेड (बीएसएल) के ठेका मजदूर हरिशंकर पांडे का शव बरामद किया गया। कल शाम को सेक्टर-4 जी निवासी हरिशंकर ने कूलिंग पौंड में छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली थी। स्थानीय लोगों ने कूलिंग पौंड के रास्ते में एक लावारिश स्कूटी देखी, जिसकी सूचना हरला थाना पुलिस को मिली। मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी खुर्शीद आलम ने स्कूटी की जांच की तो बीएसएल गेट पास मिला, जिससे मृतक की पहचान हरिशंकर पांडे के रूप में हुई। रात होने के कारण तत्काल रेस्क्यू संभव नहीं हो सका। पुलिस ने एनडीआरएफ और गोताखोरों को बुलाया ।मंगलवार को पेटरवार के खेतको से आए गोताखोरों ने कड़ी मशक्कत के बाद शव को कूलिंग पौंड से बाहर निकाला। हरला थाना प्रभारी खुर्शीद आलम ने बताया, यह आत्महत्या का मामला है। कल शाम घटना घटी थी और कल से ही हम रेस्क्यू में जुटे थे। मृतक बीएसएल में ठेका कर्मी था। कारणों की जांच चल रही है, जो पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और अन्य तथ्यों के बाद स्पष्ट हो जाएगी। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और मामले की गहन जांच शुरू कर दी है।

### जैन मिलन द्वारा कंबल वितरण कार्यक्रम

**बोकारो** : ठंड के मौसम को देखते हुए आज जैन मिलन द्वारा जरूरतमंदों के लिए कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अक्षर शंकर द्वारा कंबल एवं बिस्कुट के पैकेट वितरण कर किया गया। इस अवसर पर उपस्थित समाजसेवी बांके सिंह ने कहा कि मानव सेवा ही सच्ची ईश्वर सेवा है। जैन मिलन के अध्यक्ष संजय बैद एवं सचिव आलोक जैन ने संयुक्त रूप से कहा कि जरूरतमंदों की सहायता से समाज में सकारात्मक संदेश जाता है और समाज के कमजोर वर्गों की सहायता करना प्रत्येक व्यक्ति का नैतिक एवं सामाजिक कर्तव्य है। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित डॉ. परिंदा सिंह ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम कर्तव्य बोध, मानवीय संवेदना, करुणा एवं सामाजिक दायित्व का प्रतीक हैं। कार्यक्रम में जैन मिलन के सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर 53 जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए गए। लाभार्थियों ने इस सेवा कार्य के लिए जैन मिलन के प्रति आभार व्यक्त किया। यहां उल्लेखनीय है की उधोगपति बांके सिंह एवं उनके सुपुत्र रवि सिंह द्वारा जैन मिलन को कंबल उपलब्ध कराए गए थे। इस अवसर पर सुभाष जैन,बिनोद चोपड़ा, नरेंद्र सिंह, चंदन बांठिया, अंकित जैन, हराधन झरियात, राजा मुखर्जी, अनंत झरियात, विश्वजीत कुमार, सूरज झरियात अजय झरियात आदि उपस्थित रहे।

### तेनुघाट डैम बाइक चोरी मामले में बिट्टू कुमार गिरफ्तार

**बोकारो** : गोमिया थाना क्षेत्र के तेनुघाट डैम से चोरी हुई पैशन प्रो बाइक को पुलिस ने मात्र दो दिनों में बरामद कर लिया। मुख्य आरोपी बिट्टू कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया है ।27 दिसंबर 2025 की रात अज्ञात चोर ने तेनुघाट डैम से काला-सफेद रंग की पैशन प्रो बाइक (रजि. नं. JH-09G-8647) चुरा ली थी। इसकी शिकायत पर गोमिया (तेनुघाट ओपी) थाने में अज्ञात चोर के खिलाफ कांड संख्या 125/25, दिनांक 28.12.2025 धारा 303(2) इठर दर्ज किया गया। पुलिस अधीक्षक बोकारो के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बेरमो तेनुघाट के नेतृत्व में गठित छापामारी दल ने त्वरित कार्रवाई की।

# लापता तीन वर्षीय सैफ अली का अवशेष मिला, हत्या की आशंका पर पुलिस जांच तेज

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**कोडरमा** : जयनगर थाना क्षेत्र के इरगोबाद गांव से 13 दिसंबर से लापता शमशेर आलम के तीन वर्षीय मासूम पुत्र सैफ अली का अवशेष आखिरकार नदी किनारे हालत में बरामद होने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। शव की पहचान घटनास्थल से बरामद कपड़ों के आधार पर परिजनों ने की, जिसके बाद गांव में चीख-पुकार और मातम का माहौल बन गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 13 दिसंबर की संध्या करीब 4 बजे सैफ अली अपने घर से कुछ ही दूरी पर खेल रहा था। इसी दौरान वह अचानक लापता हो गया। परिजनों ने आसपास के इलाकों में काफी खोजबीन की, लेकिन जब कोई सुराग नहीं मिला तो जयनगर थाना में गुमशुदगी का मामला दर्ज कराया गया। एसपी ने बनाई थी विशेष टीम, फिर भी नहीं बच सका मासूम मामले की गंभीरता को देखते हुए कोडरमा एसपी अनुदीप सिंह ने डीएसपी रतिभान सिंह के नेतृत्व में विशेष जांच टीम का गठन किया था। पुलिस लगातार तलाश में जुटी रही, लेकिन 17 दिन बाद सैफ अली का शव मिलने से पुलिसिया कार्रवाई और दावों पर कई सवाल खड़े हो गए हैं। बताया जाता है कि गांव की कुछ महिलाएं गांव से सटे देखी तो इसी दौरान उनकी नजर वहां पड़ी एक बच्चे की क्षत-विक्षत खोपड़ी पर पड़ी। महिलाओं ने तत्काल इसकी सूचना पिता को दी सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और इलाके को घेराबंदी कर जांच शुरू की। शव के पास से बरामद कपड़ों को देखकर परिजनों ने उसकी पहचान सैफ अली के रूप में की। मौके पर पहुंचे पिता शमशेर आलम ने बताया कि घटनास्थल से मिले कपड़े वही हैं, जो सैफ ने 13 दिसंबर को पहने थे। उन्होंने बताया कि यह कपड़ा उन्होंने अपने बेटे के लिए कुछ दिन पहले ऑनलाइन मंगवाया था, जिससे किसी भी तरह का संदेह नहीं रह जाता कि शव उनके ही पुत्र का है। जैसे ही इसकी पुष्टि हुई, वहां मौजूद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। इधर, मामले को लेकर कोडरमा एसपी अनुदीप सिंह ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही स्पेशल टीम को मौके पर भेज दिया गया है। पुलिस सभी पहलुओं से जांच कर रही है और हत्या की आशंका को ध्यान में रखते हुए गंभीरता से जांच की जा रही है। मामले की तह तक पहुंचने के लिए हजारीबाग से डॉग स्क्वॉड की टीम मौके पर पहुंच चुकी है और जांच शुरू कर दी गई है।

## बीएसएल कर्मचारी संघ ने इस्पात मंत्री को लिखा पत्र, स्थायी भर्ती बढ़ाने की मांग

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : महारत्ना कंपनी स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के बोकारो स्टील प्लांट (बीएसएल) में ठेका श्रमिकों की बढ़ती संख्या पर बीएसएल अनुषंगी कर्मचारी संघ ने केंद्रीय इस्पात मंत्री एच.डी. कुमारस्वामी को पत्र लिखकर गैर-कार्यकारी कर्मचारियों की स्थायी भर्ती बढ़ाने की मांग की है। संघ का आरोप है कि पिछले 15 वर्षों में 54,200 सेल कर्मचारी सेवानिवृत्त हो चुके हैं, जबकि उनकी जगह स्थायी भर्ती के बजाय ठेका मजदूरों को रखा जा रहा है। संघ के अनुसार, सेल के सभी यूनिटों में पहले गैर-स्थायी और गैर-तकनीकी कार्यों के लिए ठेका श्रमिक भर्ती होते थे, लेकिन अब दो दशक से स्थायी प्रकृति के कार्यों जैसे लोकोमोटिव संचालन, क्रेन ऑपरेशन, मशीन संचालन और उच्च वोल्टेज यंत्रों के अनुरक्षण तक ठेका मजदूरों को लगाया जा रहा है। 1 दिसंबर 2025 तक सेल में कुल 10,288 अधिकारी, 40,648 नियमित कर्मचारी और 1 अप्रैल 2025 तक 75,343 ठेका श्रमिक हैं। वहीं, 2010 में 94,848 गैर-कार्यकारी कर्मचारी और 15,946 अधिकारी थे। इन आंकड़ों से साफ है कि 15 वर्षों में 54,200 कर्मचारी रिटायर हुए, लेकिन केवल 5,658 अधिकारी ।संघ अध्यक्ष हरिओम ने बताया कि ठेका श्रमिकों की बढ़ोतरी से दुर्घटनाएं और मौतें बढ़ रही हैं, क्योंकि अधिकांश अप्रशिक्षित हैं। उत्पादन लक्ष्य हासिल नहीं हो रहे और मशीनों का संचालन व अनुरक्षण भी गुणवत्तापूर्ण नहीं है। पिछले वर्षों से स्थायी भर्ती लगभग बंद है और जो हुई भी है, वह रिटायरमेंट के मुकाबले 10 प्रतिशत से भी कम।

## कोडरमा में अपहरण मामलों को लेकर उबाल पुलिस के खिलाफ सड़क पर उतरे लोग

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**कोडरमा** : चंदवारा थाना क्षेत्र से 19 नवंबर को लापता हुए दर्शील मोदी के मामले में अब तक कोई ठोस सुराग नहीं मिलने से जिले में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। दर्शील मोदी के पिता मनोहर बरनवाल ने अपहरण को लेकर पहले 20 नवंबर को चंदवारा थाना में कांड संख्या 08/25 दर्ज किया गया था। इसके बाद 29 दिसंबर 2025 को इसी मामले में कांड संख्या 105/25 भी दर्ज की गई। लेकिन घटना के 42 दिन बीत जाने के बाद भी न तो अपहृत की बरामदगी हो सकी है और न ही कोई ठोस कार्रवाई सामने आई है। मामले से आहत परिजनों की हालत बिगड़ती जा रही है। वहीं चंदवारा सहित पूरे कोडरमा जिले के लोग इस घटना से भय और नाराजगी में हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि पुलिस कार्रवाई के नाम पर केवल औपचारिकताएं निभा रही है और मामले को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा। इसी को लेकर मंगलवार को कोडरमा पुलिस के विरोध में विरोध मार्च निकाला गया। विभिन्न क्षेत्रों और आसपास के इलाकों से बड़ी संख्या में लोग समाहरणालय पहुंचे और समाहरणालय के सामने आम सभा कर अपनी मांगें रखीं। प्रदर्शनकारियों ने चार प्रमुख मांगें रखी जिसमें दर्शील मोदी की जल्द से जल्द खोज कर उसकी सकुशल वापसी सुनिश्चित की जाए और इस घटना के उद्भेदन की जिम्मेदारी सक्षम व कर्मठ अधिकारियों को सौंपी जाए। दर्शील मोदी अपहरण कांड की जांच सीआईडी एजेंसी से कराई जाए। प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन को चेतावनी दी कि यदि एक सप्ताह के भीतर दर्शील मोदी की सकुशल बरामदगी और मांगों पर ठोस कार्रवाई नहीं हुई, तो कोडरमा की जनता अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन के लिए विवश होगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी।

## बोकारो निवास के ठेका मजदूरों को मिला न्याय, बीके चौधरी



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : बोकारो स्टील प्लांट के निर्माण काल मे बने बोकारो होटल जो अब बोकारो निवास के नाम से जाना जाता है जिसमे बड़े बड़े हस्तिंया आकर ठहरते है ।बोकारो स्टील या अन्य प्लांटो का लगातार मिटिंग हुआ करता है। अन्य बिभागों के तरह यहां भी पहले इस्पातकर्मी काम किया करते थे लेकिन बर्षों से अब किचन, रिसेप्शन, हाउस किपिंग, साफ सफाई, माली इत्यादि का काम अब ठेकाकमीर्यों से करबाया जाता है ।एक कहावत यहां प्रसिद्ध रूप से चरितार्थ है कि नाक के तले अन्धेरा ।दो चार साल पहले तक किसी को भी न्यूनतम बेतन नही देना, मास्टर रोल मे दिया भी तो बेतन से पैसा वापस लेना, नही लोटाने पर काम से निकाल देना एक परम्परा बना हूआ था जिसके खिलाफ लगातार होटल प्रबंधन से बक झक होता रहा लेकिन धन्य हैं तत्कालीन डी आई और बर्तमान सेल अध्यक्ष अमरेंन्दु प्रकाश सहाव और मुख्य महाप्रबंधक लक्ष्मी दास जिनके लगातार हस्तक्षेप से मजदूरों को न्याय मिला और आर्थिक शोषण से मुक्ति । लेकिन फिर पहली जैसी स्थिति होटल मे काम कर रहे माली के साथ हो रहा था ।गरीब असहाय गांव देहात के रहने बाले को पिछले महिने तक मिनिमम वेज का 30% हीं मिलता था साथ साथ बाबा आदम जमाने के तरह बर्षों से काम कर रहे एक माली को 250/= रूपया नगद हाथ मे अभी भी दिया जा रहा है। मरता क्या नही करता सोचकर जय झारखंड मजदूर समाज से सम्पर्क किया तत्पश्चात उच्च पदाधिकारीगण से बातचीत हुआ और इस महिने मे आंशिक रूप से सुधार के साथ आज युनियन कार्यालय मे आकर इस खुशी मे महामंत्री बि के चौधरी को फूल माला और अंगवस्त्र से सम्मानित किया। बि के चौधरी ने कहा कि जव तक असगर रजा जैसे अधिकारी बोकारो निवास का नेतृत्व करेंगे तबतक पूरा शोषण मुक्ति सम्भव नही है। और पूरा सी एल सी और सभी का मास्टर रोल पर बेतन भुगतान कराना हमारा लक्ष्य है।

## भूपतिराजु श्रीनिवास वर्मा ने जनजातीय खेलकूद प्रतियोगिता का किया शुभारंभ




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : केंद्रीय राज्य मंत्री, भारी उद्योग एवं इस्पात मंत्रालय भूपतिराजु श्रीनिवास वर्मा 29 दिसम्बर को अपने एक दिवसीय दौरे पर पूर्वाह्न बोकारो पहुंचे। उनके आगमन पर बोकारो हवाई अड्डा पर बोकारो स्टील प्लांट के निदेशक प्रभारी प्रिय रंजन सहित अधिशासी निदेशकों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। तत्पश्चात बोकारो निवास में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) द्वारा उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया गया। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार अपराह्न मंत्री ने वनवासी कल्याण आश्रम द्वारा आयोजित प्रांतीय जनजातीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर उन्होंने खेलों के माध्यम से जनजातीय युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास एवं सर्वांगीण विकास के महत्व पर प्रकाश डाला। अपराह्न बोकारो निवास में आयोजित एक संक्षिप्त प्रस्तुतीकरण के माध्यम से माननीय मंत्री को बोकारो स्टील प्लांट की उत्पादन उपलब्धियों, वर्तमान एवं प्रस्तावित परियोजनाओं, चिकित्सा सेवाओं, सामग्री प्रबंधन तथा अन्य प्रमुख गतिविधियों की जानकारी दी गई। इस प्रस्तुतीकरण के दौरान बीएसएल के निदेशक प्रभारी प्रिय रंजन, अधिशासी निदेशकगण, विभिन्न विभागों के मुख्य महाप्रबंधक एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# श्री गुरु गोबिंद सिंह जी का 359वां प्रकाश पर्व झुमरी तिलैया में श्रद्धा और उल्लास के साथ मना

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**झुमरी तिलैया** : सिखों के दसवें गुरु, साहिब श्री गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज का 359वाँ पावन प्रकाश पर्व मंगलवार को झुमरी तिलैया में अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर गुरुद्वारा गुरु नानक पुरा में विशेष दीवान सजाया गया, जिसमें बड़ी संख्या में संगत ने हाजिरी भरकर गुरु घर का आशीर्वाद प्राप्त किया। प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में गुरुद्वारा गुरु नानक पुरा को भव्य रूप से सजाया गया था। पूरे गुरुद्वारा भवन को आकर्षक झालरों से सुसज्जित किया गया, मुख्य द्वार से लेकर दरबार साहिब तक सुगंधित फूलों की सजावट की गई थी, जो श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनी रही। पूरा परिसर फूलों की महक से सराबोर दिखा। विशेष दीवान की शुरूआत गुरुबाणी के पाठ से हुई। भटिंडा (पंजाब) से आए रागी भाई गुरभेज सिंह जी ने अपने जथ्थे के साथ मधुर शबद कीर्तन प्रस्तुत कर संगत को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके पश्चात ज्ञानी कुलदीप सिंह जी और ज्ञानी निरंजन सिंह जी ने गुरु गोबिंद सिंह जी के जीवन संघर्ष और उनके सिद्धांतों पर प्रकाश डालते हुए व्याख्यान दिया। दरबार साहिब में जब ₹सवा लाख से एक लड़ाऊँ, तबै गुरु गोबिंद सिंह नाम कहाऊँ के जयकारे लगे, तो पूरा परिसर भक्तिमय ऊर्जा से गूंज उठा। कार्यक्रम के दौरान गुरुघर में निष्काम सेवा करने वाले सेवादारों को कमेटी की ओर से सम्मानित किया गया ।दीवान की समाप्ति के बाद गुरु का अटूट लंगर प्रारंभ हुआ, जिसमें शहर के सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान सरदार बलबीर सिंह भाटिया के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम को सफल बनाने में कोषाध्यक्ष हरीश होरा, सचिव परमिंदर भाटिया (रम्मी), सेवादार गुरजीत सिंह भाटिया, जानू भाटिया, सन्नी भाटिया, शेंकी भाटिया, अक्षत सिंह छाबड़ा, राजू अजमानी, गोल्डी भाटिया, अवतार सिंह(सिटी), यशपाल सिंह (गोल्डन) राजु छाबड़ा, रवि छाबड़ा, जितेन्द्र सिंह भाटिया, गौरव सलूजा, प्रिंस छाबड़ा और किशोरी भाटिया, हरजीत सिंह सलूजा, सिदक सिंह,सहित भारी संख्या में पुरुष, महिला एवं बच्चे उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### कसमार की 40 किशोरियों का शैक्षणिक एक्सपोजर विजिट



**बोकारो** : बोकारो जिले मे सहयोगिनी द्वारा किशोरी लीडरशिप को लेकर चलाएं जा रहे कार्यक्रम से जुड़ी किशोरियों का विष्णुगढ़ हजारीबाग की समाधान संस्था में शैक्षाणिक भ्रमण कराया गया। एक्पोजर विजिट के दौरान किशोरियों ने बाल विवाह रोक थाम तथा नेतृत्व विकास को लेकर चल रहे कार्यक्रम की जानकारी प्राप्त की। इस दौरान समाधान की किशोरियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से बाल विवाह से होने वाली समस्या एवम असर की जानकारी दी। दोनों संस्था की किशोरियों ने बाल विवाह रोकने तथा महिला हिंसा के लिए अपनी-अपनी जानकारी भी साझा की। सहयोगिनी की सचिव कल्याणी सागर ने जानकारी देते हुए कहा कि बाल विवाह समाप्त करने को लेकर किशोरिया आगे आ रही है। उनका नेतृत्व विकास से सामाजिक बदलाव आ रहा है। समाधान संस्था की सचिव हिल्डा पिंटो ने कहा कि संस्था के द्वारा हजारीबाग की विष्णुगढ़ प्रखंड में बाल विवाह रोकने तथा नेतृत्व विकास को लेकर विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से लड़कियों के बीच लगातार प्रयास किया जा रहा है। जिसके सुखद परिणाम आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक दूसरे की सीखने से की प्रक्रिया से लड़कियों का नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। मौके पर सहयोगिनी की सूर्यमणि देवी, कुमारी किरण, संगीता देवी, मंजू देवी, रेखा देवी, प्रकाश कुमार महतो, गौतम सागर, विनीता देवी, पुष्पा देवी, सोनी कुमारी, समाधान की नीतू देवी, प्रियंका कुमारी आदि उपस्थित थे।

### ईएसएल स्टील ने प्रोजेक्ट WADI के तहत कॉमन रिसोर्स सेंटर का उद्घाटन कर मनाया किसान दिवस



**बोकारो** : ईएसएल स्टील लिमिटेड ने किसान दिवस 2025 के अवसर पर अपने प्रमुख सीएसआर कार्यक्रम प्रोजेक्ट हअऊक्रके तहत पार्टांड में कॉमन रिसोर्स सेंटर का उद्घाटन किया। यह पहल टिकाऊ कृषि और ग्रामीण आजीविका को सशक्त बनाने की दिशा में कंपनी की प्रतिबद्धता को दशार्ती है ।समृद्ध राष्ट्र के लिए अन्नदाताओं का सशक्तिकरणह्व विषय के अनुरूप यह पहल आधुनिक कृषि पद्धतियों, तकनीक के उपयोग और ज्ञान आधारित सहयोग के माध्यम से किसानों को मजबूत बनाने के ईएसएल के दीर्घकालिक दृष्टिकोण को दशार्ती है ।कॉमन रिसोर्स सेंटर किसानों के लिए एक वन-स्टॉप कृषि सहायता केंद्र के रूप में कार्य करेगा, जहाँ किसान प्रशिक्षण, आधुनिक खेती की तकनीकों का प्रदर्शन, कृषि विस्तार सेवाएँ, सरकारी योजनाओं से जुड़ाव, विशेषज्ञ परामर्श तथा कृषि यंत्रों के लिए कस्टम हायरिंग सर्विस की सुविधा उपलब्ध होगी। इस केंद्र का उद्घाटन ईएसएल स्टील लिमिटेड के मुख्य वित्त अधिकारी आनंद दुबे ने कुणाल दरिपा (हेड-सीएसआर), सीएसआर टीम, फिलमून बिलुंग (जिला विकास प्रबंधक, नाबार्ड) एवं स्थानीय प्रशासन के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया। कार्यक्रम की शुरूआत पारंपरिक आदिवासी स्वागत से हुई, जो प्रोजेक्ट WADI में समुदाय की भागीदारी को दर्शाता है। कार्यक्रम के दौरान किसानों ने मॉडल फार्म का भ्रमण किया, जहाँ उन्हें उन्नत खेती से जुड़े तकनीक, नर्सरी मॉडल, आधुनिक कृषि तकनीक और सतत वृक्षारोपण पद्धतियों का प्रत्यक्ष प्रदर्शन दिखाया गया।

### उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक संपन्न

**कोडरमा**: समाहरणालय सभागार में उपायुक्त ऋतुराज की अध्यक्षता में जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक संपन्न हुई। बैठक में अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण की रोकथाम को लेकर पूर्व बैठकों में दिए गए निदेशों के आलोक में किए गए कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई तथा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक एवं उचित दिशा-निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को संयुक्त रूप से औचक छापेमारी करने का निर्देश दिया। और संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। बैठक में पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी संबंधित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र में एक भी वाहन से अवैध खनन न होने देने को सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

### ग्रिजली विद्यालय में चैरिटी फन फेस्ट का हुआ आयोजन



**कोडरमा** : ग्रिजली विद्यालय में चैरिटी फन फेस्ट का आयोजन धूम-धाम से किया गया। इस आयोजन में ग्रिजली विद्यालय, ग्रिजली पब्लिक स्कूल, ग्रिजली किड्स एवं ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन के विद्यार्थियों ने सक्रिय सहभागिता की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावकों के साथ-साथ समाज के गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही, जिससे आयोजन को विशेष गरिमा प्राप्त हुई। कार्यक्रम का शुभारम्भ विद्यालय के निदेशक अविनाश सेठ, निदेशिका सुनीता सेठ, सीईओ प्रकाश गुप्ता, ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन की उपनिदेशिका डॉ. संजीता कुमारी, सीओओ तनिष्क सेठ, ग्रिज्जली विद्यालय की प्राचार्या अंजना कुमारी, ग्रिज्जली कॉलेज के प्राचार्य मोहित तिवारी, ग्रिजली पब्लिक स्कूल की प्राचार्या नीरजा एवं उपस्थित अभिभावकों द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। अपने संबोधन में निदेशक अविनाश सेठ ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन छात्रों को समाज से जोड़ते हैं, उनमें करके सीखने, नेतृत्व और सेवा-भाव की भावना विकसित करते हैं तथा व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों की निगरानी में फूड एवं गेम स्टॉल लगाए, जिनमें वाटर बॉल, पापड़ी चाट, कॉफी, स्वीट कॉर्न, चाट-स्प्राउट्स, झाल मुड़ी, मैगी, पास्ता, खीरमोहन, चाय, लक बाय चांस, कॉटन कैंडी, पॉपकॉर्न, मसाला सोडा, बर्गर, कॉफी एंड स्नैक्स कार्नर, समोसा चाट, स्पेशल पापड़ी चाट, वेज एवं पनीर मोमोज, चाऊमीन, ग्रिल्ड सैंडविच, मैड बॉल, डिलीशियस मोमोज, बज वायर, स्ट्रीट स्टाइल सेव चाट, योर लक, खास्ता कचोरी, कॉइन इन बकेट, पिंग द ग्लास, लंगचा स्वीट्स, ब्रेड पकौड़ा, स्पाइसी आलू चाट, लस्सी, आइसक्रीम पार्लर, रिंग गेम, हिट द विकेट, खीरमोहन, मैगी एवं सूप सहित अनेक स्टॉल शामिल रहे, जिनका संचालन शिक्षक-छात्र टीमों द्वारा किया गया।

# सीसीएल ने सीएसआर के तहत मोबाइल मेडिकल यूनिट किया रवाना, ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं को मिलेगी मजबूती

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड ने मंगलवार को अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व पहल के तहत झारखंड के दूरस्थ एवं वंचित ग्रामीण क्षेत्रों में निवारक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से एक मोबाइल मेडिकल यूनिट (एमएमयू) एम्बुलेंस को रवाना किया। इस मोबाइल मेडिकल यूनिट को सीसीएल के निदेशक (मानव संसाधन) हर्ष नाथ मिश्र ने वरिष्ठ अधिकारियों, महाप्रबंधकों, विभागाध्यक्षों एवं सीसीएल कर्मियों की उपस्थिति में हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह पहल राज्य के खनन क्षेत्रों के आसपास रहने वाले समुदायों को समान और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के




प्रति सीसीएल की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाती है। यह मोबाइल मेडिकल यूनिट अत्याधुनिक जांच सुविधाओं से सुसज्जित है, जिसमें स्तन कैंसर जांच, एक्स-रे एवं आरटी-पीसीआर के माध्यम से क्षय रोग (टीबी) की जांच, तथा डायबिटीज जांच, सीबीसी, हीमोग्लोबिन एवं ब्लड ग्रुपिंग जैसी आवश्यक लैब जांच सुविधाएं शामिल हैं। यह यूनिट केबीपी परियोजना क्षेत्र के आसपास के गांवों में कार्य करेगी, जिसमें बोकारो जिले के गोमिया प्रखंड एवं रामगढ़ जिले के मांडू प्रखंड शामिल हैं। इस परियोजना का क्रियान्वयन यूनिक वेलफेयर फाउंडेशन के माध्यम से किया जा रहा है। यह परियोजना 24 महीनों तक संचालित होगी ।मोबाइल मेडिकल यूनिट सप्ताह में छह दिन कार्य करेगी तथा लगभग 20 गांवों को कवर करेगी, जहां प्रत्येक गांव में महीने में एक बार सेवा प्रदान की जाएगी। परियोजना अवधि के दौरान इससे लगभग 37,000 लोगों को लाभ मिलने की संभावना है। इस पहल का उद्देश्य रोगों की समय पर पहचान, पहचाने गए मामलों का त्वरित रेफरल एवं फॉलो-अप, ग्रामीण क्षेत्रों में निवारक स्वास्थ्य सेवाओं की मजबूती तथा समुदाय स्तर पर स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देना है। इस अवसर पर अपने संबोधन में हर्ष नाथ मिश्र ने कहा कि सीसीएल स्वास्थ्य, शिक्षा एवं सामाजिक विकास के क्षेत्र में सार्थक सीएसआर पहलों के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह मोबाइल मेडिकल यूनिट अंतिम छोर तक रहने वाले लाभार्थियों को गुणवत्तापूर्ण जांच एवं स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

## एक नजर

### मरकच्चो थाना पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान

**मरकच्चो :** मरकच्चो थाना पुलिस के द्वारा सड़क सुरक्षा को लेकर प्रतिदिन वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत मंगलवार को मरकच्चो प्रखंड मुख्यालय स्थित मध्य पंचायत नहर के पास वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान दुपहिया वाहन चालकों को अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनकर वाहन चलाने की हिदायत दी गई। बिना हेलमेट बिना कागजात और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई भी की जा रही है। थाना क्षेत्र के प्रमुख चौक चौराहों पर पुलिस टीम तैनात रहकर वाहनों की जांच प्रतिदिन कर रही है। मरकच्चो थाना प्रभारी नंदकिशोर तिवारी ने बताया कि सड़क दुर्घटना में कमी लाने और लोगों की जान माल की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह अभियान नियमित रूप से जारी रहेगा।

### बगोदर में मुस्लिम समाज की हुई बैठक

**सरिया :** मंगलवार को बगोदर स्टेडियम में मुस्लिम समुदाय के गणमान्य लोगों की पूर्व निर्धारित महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। दिनभर चली इस मैराथन चर्चा में समाज के ज्वलंत मुद्दों पर गहन मंथन किया गया, जिसमें शिक्षा को मजबूत बनाने और दहेज-तिलक जैसी सामाजिक कुरीतियों को जड़ से खत्म करने पर विशेष फोकस रहा। बैठक में उपस्थित सभी सम्मानित सदस्यों ने सर्वसम्मति से बड़ा फैसला लिया कि आगामी 8 जनवरी को स्वतंत्रता संग्राम के अमर शहीद शेख भिखारी का शहादत दिवस बगोदर में धूमधाम से मनाया जाएगा। साथ ही, अगली बैठक में समाज की बेहतरी के लिए एक मजबूत कमेटी का गठन किया जाएगा। यह बैठक मुस्लिम समाज में जागरूकता और एकजुटता की नई मिसाल पेश कर रही है, जहां शिक्षा के प्रकाश और सामाजिक सुधार की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं।

# झारखंड अलग राज्य अटल बिहारी बाजपेई की देन : विद्युत वरण महतो




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पटमदा :** पटमदा प्रखंड के कमलपुर मंडल के ग्राम संसद भवन बिडरा में जिला उपाध्यक्ष प्रदीप महतो की अध्यक्षता में भाजपा का जुगसलाई विधानसभा स्तरीय पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी बाजपेई स्मृति सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी ओर श्रद्धेय अटल बिहारी बाजपेई के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया।अटल स्मृति सम्मेलन के मुख्य अतिथि सांसद विद्युत वरण महतो ने कहा कि अटल बिहारी बाजपेई देश के अनुभवी पुरुष थे। झारखंड राज्य अटल बिहारी बाजपेई और भाजपा की देन है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से हर गांव को शहर से जोड़ा गया। भाजपा ने झारखंड अलग राज्य बनाया। अटल बिहारी बाजपेई ने सड़कों का जाल बिछाया। सासंद कार्यकाल में प्रखर वक्ता के रूप में बिराजमान रहते थे। उन्होंने कहा था एक दिन देश में भाजपा का प्रचम होगा। उनका सपना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में पूरा होता दिख रहा हैं। बिहार के बाद अब बंगाल में भी लहरेगा भगवा झंडा। विशिष्ठ अतिथि पूर्व जिलाध्यक्ष अभय सिंह ने संबोधन में कहा पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई को अपने आंखों से देखा है। अटल बिहारी बाजपेई ने काफी प्रबलता से विपक्ष का भूमिका निभाई। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई ने कहा था कि भारत जमीन का टुकड़ा नहीं ये जीता जागता महापुरुष है ।गांव को शहर तक जोड़ने के लिए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना का काम शुरू किया। महिला जिलाध्यक्ष नीलू मछुआ ने कहा कि अटल स्मृति सम्मेलन में उनकी जीवनी और उनके कार्यों से देश को एक नई पहचान मिली ।उनके सपनो को पूरा करने में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने काम किया। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई के सुशासन का सपना पूरा हो रहा है।

# बैशाली मोड़ मैदान में श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ के लिए भूमिपूजन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** धर्म जन जागरण समिति द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ के लिए सेक्टर 9 के बैशाली मोड़ मैदान में पंडाल निर्माण को लेकर मंगलवार को भूमिपूजन किया गया। यह सात दिवसीय ज्ञान यज्ञ 7 जनवरी 2026 से 14 जनवरी 2026 तक चलेगा, जिसमें कथा प्रवक्ता श्रद्धेय सचिन कौशिक जी महाराज प्रवचन देंगे। भूमिपूजन के अवसर पर समिति ने सभी भक्तों, विशेषकर माता-बहनों से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने और पुण्य लाभ उठाने की अपील की। कार्यक्रम का शुभारंभ 7 जनवरी को बैशाली मोड़ मैदान से कलश यात्रा के साथ होगा, उसके बाद शाम 4 बजे से कथा आरंभ होगी। 14 जनवरी को हवन के साथ समापन होगा ।इस भूमिपूजन में योगेंद्र कुमार चौधरी, ए के वर्मा, ललन कुमार निषाद, विनय किशोर, ब्रज दुबे, मनीष कुमार पाण्डेय, रवि शंकर, गौरांग चंद्र पातर, कुलदीप महतो, अजीत कुमार, रामनरेश प्रसाद, अशोक महली, सुजीत कुमार, जयंत दत्ता, नंदू प्रसाद, राजीव कुमार, हरेराम, विकास राजहंस, गणेश आदित्य तिवारी, कुंदन कुमार, शैलेंद्र कुमार झा, परशुराम, डॉ. अशोक कुमार, बलराम कुमार महतो, रवि राज, कृष्णा कुमार सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### बिडरा पंचायत में मुखिया ने 50 योग्य लाभुकों में बांटे कम्बल



**पटमदा :** पटमदा प्रखंड के बिडरा पंचायत भवन में मंगलवार को मुखिया काजल सिंह ने अपने पंचायत के 50 योग्य लाभुकों के बीच कड़ाके के ठंड को देखते हुए झारखंड सरकार द्वारा उपलब्ध कम्बल का वितरण करते हुए लाभुकों की राहत पहुंचाया। कम्बल वितरण कार्यक्रम में मुखिया काजल सिंह, ग्राम प्रधान विकास महतो, पंचायत सचिव रूमा कुमारी, वार्ड सदस्य पुतुल कुंभकार, सुनील सुनील कुंभकार, चैतन महतो सहित कई योग्य लाभुक उपस्थित थे।

### बिंतुका ग्राम सभा में बालू घाट रजिस्ट्रेशन और ग्रामीण विकास पर चर्चा



**बानो :** प्रखंड के बिंतुका पंचायत के राजस्व ग्राम टुड़यु में ग्राम सभा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में बिंतुका पंचायत की मुखिया प्रीति बुढ़, मुखिया पति सामुएल बुढ़, झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के बानो प्रखंड अध्यक्ष रविन्द्र सिंह, ग्राम सभा अध्यक्ष मनीष हेमरोम सहित टुड़यु गांव के समस्त ग्रामीण उपस्थित रहे। बैठक में ग्राम सभा सत्र में सर्वसम्मति से बालू घाट का रजिस्ट्रेशन कराकर आवास, सड़क समेत अन्य विकास कार्यों के लिए बालू उठाव करने पर चर्चा की गई। ग्रामीणों ने एकमत से प्रस्ताव का समर्थन किया और निर्णय लिया गया कि जल्द ही आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर बालू उठाव शुरू किया जाएगा। इस अवसर पर झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष रविन्द्र सिंह ने कहा कि पेशा कानून के जल्द ही धरातल पर उतरने की संभावनाएं हैं। उन्होंने बताया कि ग्राम सभा क्षेत्र में नदी द्वारा लाए गए प्राकृतिक खनिजों का उपयोग ग्राम सभा के माध्यम से किया जाएगा,जिससे ग्राम सभा सशक्त होगी ।उन्होंने कहा कि छोटी-छोटी जरूरतों के लिए बार-बार सरकार पर निर्भर रहने के बजाय ग्राम सभा स्वयं स्कूल में नल,बिजली आदि जैसी समस्याओं का समाधान कर सकती है। वहीं मुखिया प्रीति बुढ़ ने ग्रामीणों को बकरी पालन और मुर्गी पालन को रोजगार के बेहतर विकल्प के रूप में अपनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि टुड़यु गांव के लिए यह आजीविका का अच्छा साधन बन सकता है और इस दिशा में प्राथमिकता देने का आश्वासन भी दिया।

### कोलेबिरा में सघन वाहन चेकिंग अभियान चार वाहन चालकों का कटा चालान

**कोलेबिरा :** थाना क्षेत्र अंतर्गत पालकोट मोड़ के समीप पुलिस अधीक्षक सिमडेगा के निर्देश पर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। यह अभियान थाना प्रभारी कोलेबिरा हर्ष कुमार साह के नेतृत्व में एवं एएसआई प्रताप चंद्र महतो द्वारा संचालित किया गया। चेकिंग के दौरान दोपहिया एवं चारपहिया वाहनों के कागजात, डिक्की तथा अन्य आवश्यक दस्तावेजों की गहन जांच की गई ।इस दौरान अधूरे कागजात पाए जाने पर कुल 04 वाहन चालकों का चालान काटा गया। मौके पर थाना प्रभारी हर्ष कुमार साह ने वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने की अपील की। उन्होंने दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनकर तथा चारपहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट लगाकर वाहन चलाने की सलाह दी। साथ ही उन्होंने शराब पीकर वाहन न चलाने, निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाने और सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने की सख्त हिदायत दी। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया कि सड़क सुरक्षा को लेकर आगे भी इस तरह के अभियान लगातार जारी रहेंगे।

# नवाटोली पंचायत के गोबरधंसा गांव में नारी पैड सेवा केंद्र का हुआ शुभारंभ




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोलेबिरा :** प्रखंड अंतर्गत नवाटोली पंचायत के गोबरधंसा गांव में महिलाओं के स्वास्थ्य एवं स्वच्छता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नारी पैड सेवा केंद्र का विधिवत उद्घाटन किया गया। इस केंद्र का शुभारंभ ब्लॉक कॉर्डिनेटर श्रवण सिंह ने फीता काटकर किया। उद्घाटन के अवसर पर केंद्र की सेंटर इंचार्ज विद्या देवी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ब्लॉक कॉर्डिनेटर श्रवण सिंह ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं और किशोरियों को मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता से जुड़ी कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है। नारी पैड सेवा केंद्र की शुरूआत से अब उन्हें सस्ती दरों पर और आसानी से सैनिटरी पैड उपलब्ध हो सकेंगे, जिससे महिलाओं का स्वास्थ्य सुरक्षित रहेगा और उनमें जागरूकता भी बढ़ेगी। वहीं सेंटर इंचार्ज विद्या देवी ने बताया कि इस केंद्र के माध्यम से पंचायत की महिलाओं को न केवल नारी पैड उपलब्ध कराए जाएंगे, बल्कि उन्हें मासिक धर्म स्वच्छता, स्वास्थ्य संबंधी जानकारी और जागरूकता भी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि इस पहल से महिलाओं में आत्मनिर्भरता बढ़ेगी और स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। इस अवसर पर उपस्थित स्थानीय ग्रामीणों एवं महिलाओं ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि नारी पैड सेवा केंद्र क्षेत्र की महिलाओं के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा। केंद्र के खुलने से लचरागढ़ पंचायत की महिलाओं को अब बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का सीधा लाभ मिल सकेगा।

# बैंकों में पांच दिवसीय कार्यदिवस की मांग को लेकर UFBU का प्रदर्शन




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन्स के आह्वान पर मंगलवार को चास-बोकारो के बैंक कर्मियों व अधिकारियों ने सेक्टर-4 स्थित एसबीआई बोकारो स्टील सिटी शाखा के समक्ष जोरदार प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन बैंकों में पांच दिवसीय कार्यदिवस लागू करने की मांग को लेकर चल रहे देशव्यापी आंदोलन के तहत किया गया। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में बैंककर्मी शामिल हुए, वहीं महिला कर्मियों की भागीदारी भी उल्लेखनीय रही। यूएफबीयू ने ताओं ने कहा कि इंडियन बैंक एसोसिएशन और वित्त मंत्रालय के अधिकारियों द्वारा आश्वासन दिए जाने के बावजूद अब तक इस संबंध में कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है, जिससे बैंक कर्मियों में नाराजगी है। उन्होंने कहा कि पांच दिवसीय कार्यदिवस से कार्यक्षमता बढ़ेगी और ग्राहकों को बेहतर सेवा मिलेगी। चेतावनी दी गई कि मांग पूरी नहीं होने पर जनवरी के तीसरे सप्ताह में देशव्यापी हड़ताल की जाएगी।


कार्यालय, विद्युत कार्यपालक अभियंता
विद्युत कार्यप्रमंडल, इन्जीनियर्स हॉस्टल, धुर्वा, रॉंची।

अति अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेंट सूचना

ई–निविदा प्रसंग सं0– Energy/EWD/Ranchi/90/2025-26 दिनांक–29/12/2025

| 1. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| I | मुख्य सचिवालय, नेपाल हाउस एवं राजा–रानी कोठी में अधिष्ठापित विद्युतीय उपकण, पंखा, मेटल लाईट, भूमिगत केबल, जेनरेटर (1 अदद् 35 के0वी0ए0, 1 अदद् 125 के0वी0ए0, 1 अदद् 200 के0वी0ए0, 1 अदद् 250 के0 वी0ए0) एवं 2 अदद् लिफ्ट के वार्षिक विद्युत सम्पोषण का कार्य। | 60,19,036=00 | 10,000=00 | 1,21,000=00 | एक वर्ष |
| 2. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 09.01.2026 | | | |
| 3. | निविदा जमा करने की तिथि | 10.01.2026 के 10.30 बजे पूर्वाह्न से 16.01.2026 के 2.00 बजे अपराह्न तक | | | |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि | 17.01.2026 को 3.00 बजे अपराह्न में | | | |
| 5. | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | विद्युत कार्यपालक अभियन्ता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉंची। | | | |
| 6. | निविदा खोलने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | विद्युत अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत कार्य अंचल, रॉंची। | | | |
| 7. | ई प्रोक्युरमेन्ट प्रकोष्ट का फोन नं0/ई0 मेल | 0651–2490069/electricalexecutiveengineerewd@gmail.com | | | |

Note :- Tender Fee and Earnest Money Deposit (EMD) are to be paid through online mode only as per instruction of IT Dept. Govt. of Jharkhand Letter no.-120 Dated- 03-10-2023.
निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in मे देखा जा सकता है।

विद्युत कार्यपालक अभियन्ता
विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉंची।

PR 369674 (Energy) 25-26 (D)



ई-प्रोक्योरमेंट सेल
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग झारखण्ड, राँची

ई-प्रोक्योरमेंट अति अल्पकालीन निविदा (प्रथम आमंत्रण)

ई–टेन्डर रेफरेन्स नं०– DWSD/GIR/10/2025-26 दिनांकः– 26.12.2025

| S. N. | Name of the work | Name of Group | Model | Panchayat | Village | Estimated Cost (in Lac) | Earnest Money (Rs.) | Cost of Tender Paper (Rs.) | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | Construction of 200 x 120 mm dia x 120 Mtr. Deep HYDT with 2.0 HP DC Solar Motor Pump complete set for Strenghtning of Bore Well in Block Gandey under DMFT | GIR-1 | 1B | Jharghatta | Belatand | 3.92245 | 8000/- | 750/- | 15 Days |
| 2 | | GIR-2 | 1A | Jharghatta | Belatand | 3.92245 | 8000/- | 750/- | 15 Days |
| 3 | | GIR-3 | 3 | Badkitand | Maheshmunda | 3.92245 | 8000/- | 750/- | 15 Days |
| 4 | Construction of Rural Water Supply Scheme with 1.0 HP DC Solar Motor Pump complete set and Deep T/W of 125 x 115 mm dia x 90 Mtrs. Deep Drilled Tube Well under DMFT | GIR-4 | - | Jharghatta | Belatand | 8.57748 | 17500/- | 1250/- | 15 Days |
| 5 | | GIR-5 | - | Badkitand | Maheshmunda | 8.57748 | 17500/- | 1250/- | 15 Days |
| 6 | | GIR-6 | - | Badkitand | Maheshmunda | 8.57748 | 17500/- | 1250/- | 15 Days |
| 7 | Date & Time of Publication of Tender on Website. | | | | | 05-01-2026 at 5:00 PM | | | |
| 8 | Last Date & Time for Receipt of Bid. (Online) | | | | | 15-01-2026 up to 5:00 PM | | | |
| 9 | Cost of tender Paper and Earnest Money Deposit on submission of bids (if applicable) as per mentioned in Annexure- 1 vide letter No- 120 dt 03.10.2023 by Secretary, Department of Information Technology and e-Governance Government of Jharkhand. | | | | | 15-01-2026 up to 5:00 PM | | | |
| 10 | Date & Time of Opening of Tender | | | | | 16-01-2026 up to 5:00 PM | | | |
| 11 | Name & Address of Office inviting tender | | | | | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division No.-1, Giridih | | | |
| 12 | Contact No. of Procurement Office | | | | | 9304367422 | | | |
| 13 | Helpline No. of e-procurement cell | | | | | 0651-248045 | | | |

Note:-
- No claim shall be entertained because of disputation of internet service being used by the bidders. Bidders are advice to upload their bids well in advance to avoid last minute technical snags.
- Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in
- Estimated Cost may be increase or decrease.

Executive Engineer,
D.W.& S.Div. No.-1, Giridih

PR 369667 Drinking Water and Sanitation (25-26)_D


# अर्धनग्न होकर मजदूरों ने दिया धरना रोजगार और न्यूनतम मजदूरी की उठी मांग

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पश्चिमी सिंहभूम :** कड़कड़ाती ठंड के बीच जिले में मजदूरों ने अपनी मांगों को लेकर मंगलवार को मजदूर अर्धनग्न अवस्था में सड़क पर उतरे और स्थानीय रोजगार, न्यूनतम मजदूरी, पीएफ लाभ एवं सरकारी योजनाओं में पारदर्शिता की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन किया। मजदूर जुलूस की शक्ल में एमपी चौक बस स्टैंड से गांधी मैदान होते हुए कचहरी परिसर स्थित पुराने डीसी कार्यालय तक पहुंचे, जहां उन्होंने जोरदार नारेबाजी के साथ



धरना दिया। धरनास्थल पर यूनियन नेता चन्द्र मोहन तिरिया ने कहा कि जिले में मजदूर और किसान अत्यंत कठिन परिस्थितियों में जीवन यापन कर रहे हैं। टाटा, रूंगटा और एसीसी जैसी बड़ी औद्योगिक कंपनियों की मौजूदगी के बावजूद स्थानीय मजदूरों को रोजगार नहीं मिल पा रहा है। सरकारी निर्माण कार्यों में बाहरी मजदूरों को प्राथमिकता दी जा रही है, जिससे स्थानीय लोग बेरोजगार हो रहे हैं और साथ ही निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से भी समझौता किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि न्यूनतम मजदूरी और मजदूरों के अधिकारों की लगातार अनदेखी के कारण लोग मजबूरी में पलायन कर रहे हैं। मजदूरों ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों में चल रहे विकास कार्यों में स्थानीय लोगों को काम देने की मांग प्रमुखता से उठाई। ग्राम केन्दपोसी (पंचायत अमाडीहा, प्रखंड हाट गम्हरिया) में प्रस्तावित डिग्री कॉलेज, ग्राम बदेया (खुंटपानी) में आवासीय विद्यालय, ग्राम उलीझारी (सदर) में मेडिकल कॉलेज, सोनुवा-गोइलकेरा में सड़क निर्माण और हुटूबसुड शंकर लागुरी में पीसीसी पथ निर्माण कार्य में स्थानीय मजदूरों को प्राथमिकता देने, न्यूनतम मजदूरी सुनिश्चित करने और पीएफ का लाभ देने की मांग की गई। इसके अलावा पीसीसी ढलाई में बड़े फ्लोरी मशीन के स्थान पर छोटे मिक्सर मशीन से काम कराने और सभी सरकारी योजनास्थलों पर साइन बोर्ड लगाने की भी मांग की गई। धरना प्रदर्शन के दौरान मजदूरों ने उपायुक्त को मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा।

# भारत में नववर्ष की परंपराएं

नए साल के आगमन की खुशी में लोग नव वर्ष की पूर्व संध्या पर नाचते-गाते हैं और खुशियां मनाते हैं। नाच-गाने का यह सिलसिला घड़ी में रात्रि के 12 बजने अर्थात नव वर्ष के आरंभ होने तक चलता है और घड़ी की सूई से जैसे ही 12 बजने का संकेत मिलता है अर्थात नया साल दस्तक देता है, चहुं ओर आतिशबाजी का धूम-धड़ाका शुरू हो जाता है। नव वर्ष के प्रथम दिन लोग एक-दूसरे को नववर्ष की बधाई देते हुए स्वयं के लिए भी कामना करते हैं कि नया साल शुभ एवं फलदायक हो और नव वर्ष में सफलता उनके कदम चूमे। दुनिया भर में नव वर्ष का स्वागत बड़ी धूमधाम, उमंग और उल्लास के साथ किया जाता है। अनेक देशों में नववर्ष से जुड़ी अपनी-अपनी परम्पराएं हैं। हमारे देश के विभिन्न प्रांतों में भी नववर्ष का स्वागत अलग-अलग तरीके से किया जाता है लेकिन कई जगह नव वर्ष मनाने की परम्पराएं और रीति-रिवाज इतने विचित्र हैं कि लोग उनके बारे में जानकर आश्चर्यचकित हो जाते हैं। संभवतः दुनिया भर में भारत ही एकमात्र ऐसा देश है, जहां नव वर्ष एक से अधिक बार और विविध रूपों में मनाया जाता है। हमारे यहां ईस्वी संवत और विक्रमी संवत दोनों को ही महत्व दिया जाता है। ईस्वी संवत के अनुसार नव वर्ष की शुरूआत एक जनवरी को और विक्रमी संवत के अनुसार नए साल की शुरूआत वैशाख माह के प्रथम दिन से मानी जाती है जबकि इस्लाम में हिजरी संवत के आधार पर नववर्ष की शुरूआत मानी जाती है। बहरहाल, नव वर्ष मनाने की परम्पराएं चाहे कुछ भी हों, सभी का उद्देश्य एक ही है और वह है नव वर्ष सुख, शांति एवं समृद्धि से परिपूर्ण हो। आइए जानते हैं, भारत के विभिन्न हिस्सों में कैसे मनाया जाता है नव वर्षः- महाराष्ट्र में नव वर्ष के शुभ अवसर पर एक सप्ताह पहले ही घरों की छतों पर रेशमी पताका फहराई जाती है। घरों व दफ्तरों को रंग-बिरंगे फूलों से सजाया जाता है तथा इस दिन पतंगें उड़ाकर नव वर्ष का स्वागत किया जाता है। बिहार में नव वर्ष के मौके पर विद्या की देवी सरस्वती की पूजा-अर्चना की जाती है। गरीब बच्चों को कपड़े तथा चावल का दान किया जाता है ताकि वर्ष भर घरों में सुख-शांति एवं समृद्धि बनी रही। असम में नव वर्ष की यादगार बेला में घर के आंगन में मांडणे (रंगोली) सजाए जाते हैं तथा दीप या मोमबत्तियां जलाई जाती हैं। गाय को रोटी और गुड़ खिलाया जाता है ताकि नव वर्ष हंसी-खुशी के साथ गुजरे। केरल में नव वर्ष के अवसर पर नीम व तुलसी की पत्तियां तथा गुड़ खाना शुभ माना जाता है। माना जाता है कि इनको खाने से शरीर साल भर तक स्वस्थ बना रहता है। राजस्थान में नव वर्ष के विशेष अवसर पर गुड़ से बने पकवान खाना बहुत शुभ माना जाता है ताकि वर्षभर मुंह से मधुर बोली ही निकलती रहे। मणिपुर में इस दिन तरह-तरह की आतिशबाजी की जाती है तथा अनेक स्थानों पर भूत-प्रेतों के पुतले बनाकर भी जलाए जाते हैं ताकि भूत-प्रेत किसी को नुकसान न पहुंचा सकें। छत्तीसगढ़ में यहां के आदिवासी तरह-तरह के गीत गाकर नव वर्ष का स्वागत करते हैं। इस दिन यहां बच्चों को गोद लेने की प्रथा भी है ताकि वर्ष का प्रत्येक दिन खुशियों से भरा रहे। राज्य के कुछ आदिवासी इलाकों में फसल में महुआ के फूल दिखाई देने पर आदिवासी उत्सव मनाया जाता है, जो उनके नव वर्ष का प्रारंभ माना जाता है। देश के कई अन्य आदिवासी इलाकों में उनके देवी-देवताओं के आराधना पर्वों के हिसाब से नववर्ष की शुरूआत मानी जाती है। जम्मू-कश्मीर में नव वर्ष के उपलक्ष्य पर अनाथ बच्चों को भरपेट भोजन कराकर नए कपड़े पहनाए जाते हैं और उनके माथे पर तिलक लगाकर आरती उतारी जाती है ताकि नव वर्ष हंसी-खुशी के साथ व्यतीत हो सके। नागालैंड के नाग आदिवासी नाग पंचमी के दिन से ही अपने नव वर्ष की शुरूआत करते हैं। कृषि प्रधान राज्यों पंजाब तथा हरियाणा में यूं तो आजकल एक जनवरी को ही नववर्ष धूमधाम से मनाया जाता है किन्तु यहां नई फसल का स्वागत करते हुए नववर्ष बैसाखी के रूप में भी मनाया जाता है। व्यापारी समुदाय के लोग अपने आर्थिक हिसाब-किताब की दृष्टि से दीवाली से ही नववर्ष की शुरूआत मानते हैं जबकि वित्तीय आधार पर शासकीय नववर्ष की शुरूआत एक अप्रैल से होती है।

## सूडोकु नवताल- 7660

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | | | | | 1 | 8 |
| | | | 6 | 7 | | | | 2 |
| | | | 8 | | | | | |
| | 8 | 5 | | | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | |
| | | | | | | 3 | 5 | |
| | | | | | 5 | | | |
| 1 | | | | 4 | 7 | | | |
| 9 | 6 | | | | | | | 4 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7659 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 2 | 3 | 5 |
| 4 | 5 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 8 |
| 2 | 6 | 8 | 7 | 3 | 5 | 9 | 1 | 4 |
| 5 | 3 | 1 | 2 | 7 | 9 | 4 | 8 | 6 |
| 9 | 2 | 4 | 8 | 6 | 1 | 5 | 7 | 3 |
| 7 | 8 | 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 2 |
| 3 | 4 | 9 | 6 | 2 | 7 | 8 | 5 | 1 |
| 6 | 7 | 2 | 1 | 5 | 8 | 3 | 4 | 9 |
| 8 | 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 6 | 2 | 7 |

# बढ़ते कामकाजी जीवन के दबाव में बिखरते परिवार

**ललित गर्ग**

भाग-दौड़, प्रतिस्पर्धा और आकांक्षाओं से भरे आधुनिक जीवन में परिवार के लिए समय निकालना आज केवल एक भावनात्मक आवश्यकता नहीं, बल्कि सामाजिक अस्तित्व का प्रश्न बनता जा रहा है। वर्ष 2025 की विदाई और 2026 की अगवानी की इस संधि बेला में खड़े होकर जब हम पीछे मुड़कर देखते हैं तो साफ दिखाई देता है कि विकास, तकनीक और कैरियर की दौड़ ने हमें सुविधा तो दी, लेकिन संबंधों की ऊष्मा धीरे-धीरे छीन ली। परिवार, जो सदियों से मनुष्य का सबसे सुरक्षित आश्रय रहा है, आज स्वयं असुरक्षा के दौर से गुजर रहा है। प्रश्न यह नहीं है कि आधुनिकता गलत है, प्रश्न यह है कि क्या आधुनिक जीवन शैली में परिवार व्यवस्था को बचाने की हमारी इच्छाशक्ति और समझ उतनी ही मजबूत है या नहीं?

व्यस्ततम, घटनाबहुल एवं कामकाजी जिंदगी जीने के साथ परिवार के लिए वक्त निकालना आज के इंसान के लिए ज्यादा जरूरी हो गया है। परिवार से यह जुड़ाव व्यक्ति को न केवल भावनात्मक रूप से, बल्कि शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य के लिहाज से भी खुशनुमा रहने की ताकत देता है। इस सोच के बीच ताजा अध्ययन में आया यह तथ्य सचमुच चौंकाने वाला और चिंताजनक है कि काम के बोझ व परिवार को समय नहीं दे पाने से उपजी परिस्थितियों से निजात पाने के लिए साठ फीसदी से ज्यादा लोग अपनी मौजूदा नौकरी को बदलना चाहते हैं। ग्रेट प्लेस टू वर्क का यह अध्ययन भारत के कामकाजी लोगों के लिए और भी गंभीर है क्योंकि वर्क-लाइफ बैलेंस की ग्लोबल रैंकिंग में हम 42 वें स्थान पर हैं। आज कामकाजी जीवन का दबाव इतना बढ़ चुका है कि व्यक्ति शारीरिक रूप से घर में मौजूद होते हुए भी मानसिक रूप से दफ्तर में ही रहता है। डिजिटल कनेक्टिविटी ने समय और स्थान की सीमाएं मिटा दी हैं, लेकिन इसी के साथ उसने घर और कार्यस्थल के बीच की स्वाभाविक दीवार भी तोड़ दी है। मोबाइल फोन, लैपटॉप और ऑनलाइन मीटिंग्स ने परिवार के साथ बैठकर बातचीत करने, एक-दूसरे की बात सुनने और महसूस करने के अवसरों को सीमित कर दिया है। विडंबना यह है कि हम परिवार के लिए मेहनत कर रहे हैं, लेकिन उसी मेहनत की कीमत परिवार से दूरी बनाकर चुका रहे हैं।

वर्क फ्रॉम होम की संस्कृति को शुरू में वरदान माना गया था, लेकिन धीरे-धीरे यह भी पारिवारिक जीवन के लिए एक नई चुनौती बन गई। घर अब विश्राम और संवाद का स्थान न रहकर कार्यालय का विस्तार बन गया है। बच्चों के सामने माता-पिता लगातार स्क्रीन में उलझे रहते हैं, पति-पत्नी के बीच संवाद की जगह नोटिफिकेशन ले लेते हैं और बुजुर्गों की बातें अक्सर 'बाद में' की श्रेणी में डाल दी जाती हैं। ऐसे में परिवार एक साथ रहते हुए भी भीतर से बिखरता चला जाता है। यह बिखराव केवल भावनात्मक नहीं, बल्कि संस्कारों, परंपराओं और आपसी




जिम्मेदारियों का भी है। कॉर्पोरेट कार्यशैली में बढ़ते लक्ष्य, बढ़ता प्रतिस्पर्धात्मक दबाव और बॉस संस्कृति ने व्यक्ति को लगातार यह एहसास कराया है कि यदि वह रुका तो पीछे रह जाएगा। इस डर ने जीवन की गति को इतना तेज कर दिया है कि ठहराव, आत्मचिंतन और संबंधों के लिए समय निकालना कमजोरी समझा जाने लगा है। जबकि सच यह है कि मजबूत परिवार ही व्यक्ति को मानसिक स्थिरता, आत्मविश्वास और जीवन की कठिनाइयों से जूझने की ताकत देता है। जब यह आधार कमजोर होता है, तो व्यक्ति बाहर से सफल दिखते हुए भी भीतर से टूटने लगता है।

सोशल मीडिया ने इस संकट को और गहरा किया है। एक ही छत के नीचे रहते हुए भी परिवार के सदस्य अलग-अलग आभासी दुनिया में जी रहे हैं। दिखावे की खुशी, तुलना की प्रवृत्ति और निरंतर उपलब्ध रहने का दबाव रिश्तों में असंतोष और तनाव पैदा कर रहा है। हम दूसरों की जिंदगी पर नजर रखने में इतने व्यस्त हो गए हैं कि अपने घर के भीतर चल रही भावनाओं को समझने का समय ही नहीं बचा। यह स्थिति यदि यूं ही चलती रही तो परिवार केवल एक संरचना बनकर रह जाएगा, जिसमें आत्मा का अभाव होगा। ऐसे समय में आदर्श और अनुकरणीय परिवार व्यवस्था की पुनर्स्थापना कोई आसान काम नहीं है, लेकिन असंभव भी नहीं। इसके लिए सबसे पहले हमें यह स्वीकार करना होगा कि करियर और परिवार एक-दूसरे के विरोधी नहीं, बल्कि पूरक हैं। यह सोच बदलनी होगी कि सफलता का पैमाना केवल पद, पैसा और प्रतिष्ठा है। यदि इन सबके बीच परिवार में संवाद, स्नेह और अपनापन नहीं है, तो ऐसी सफलता अधूरी ही नहीं, खोखली भी है। नए वर्ष में हमें यह संकल्प लेना होगा कि हम अपने समय, ऊर्जा और प्राथमिकताओं का पुनर्मूल्यांकन करेंगे।

परिवार को बचाने के लिए किसी बड़े सिद्धांत की नहीं, बल्कि छोटे-छोटे व्यवहारिक बदलावों की जरूरत है। घर में रहते हुए कुछ समय तकनीक से दूरी बनाना, साथ बैठकर भोजन करना, बच्चों और बुजुर्गों की बातों को ध्यान से सुनना और एक-दूसरे की भावनाओं को महत्व देना, ये सब साधारण लगने वाले कदम ही परिवार को फिर से जोड़ सकते हैं। यह समझना जरूरी है कि गुणवत्ता पूर्ण समय केवल घंटों की संख्या से नहीं, बल्कि उस समय में मौजूद संवेदनशीलता और सहभागिता से तय होता है। नई परिवार व्यवस्था का अर्थ यह नहीं कि हम पुरानी परंपराओं को ज्यों का त्यों लौटा लें, बल्कि यह है कि हम आधुनिक जीवन की वास्तविकताओं के बीच संबंधों के मूल्यों को सुरक्षित रखें। जहां दोनों पति-पत्नी कामकाजी हैं, वहां जिम्मेदारियों का संतुलित बंटवारा, आपसी सहयोग और सम्मान परिवार को मजबूत बना सकता है। बच्चों को केवल प्रतिस्पर्धा की दौड़ के लिए तैयार करने के बजाय उन्हें भावनात्मक बुद्धिमत्ता, संवेदनशीलता और रिश्तों की अहमियत सिखाना भी उतना ही जरूरी है। बुजुर्गों को बोझ नहीं, बल्कि अनुभव और संस्कार की धरोहर मानकर सम्मान देना परिवार की आत्मा को जीवित रखता है।

घर पर रहते हुए भी कार्यस्थल से डिजिटल कनेक्टिविटी ने अलग तरह के तनाव को जन्म दिया है। रही-सही कसर घर से कार्यस्थल की लंबी दूरी पूरी कर देती है जहां व्यक्ति को दिनभर का बड़ा हिस्सा सफर में बिताने की मजबूरी का सामना भी करना पड़ता है। खतरे की बात यह भी है कि दफ्तर में काम का दबाव कई बार व्यक्ति का आत्मविश्वास भी कमजोर कर देता है। यह बात और है कि संस्थानों में काम के घंटे बढ़ाने का मुद्दा भी हमारे यहां बहस का विषय बनता रहा है। तर्क यह भी दिया जा रहा है कि वैश्विक स्तर पर उत्पादकता बढ़ाने का विकल्प कार्य के घंटे बढ़ाना ही हो सकता है। इसीलिए श्रम कानून में भी काम के घंटे बढ़ाने की छूट दी जा रही है। इसमें दो राय नहीं कि अधिक से अधिक कमाने की चाहत के साथ-साथ कार्यस्थल पर काम का बोझ भी बढ़ा है। यह भी जरूरी है कि संस्थान और समाज दोनों स्तरों पर वर्क-लाइफ बैलेंस को गंभीरता से लिया जाए। केवल कानून बनाना पर्याप्त नहीं, बल्कि कार्यसंस्कृति में मानवीय दृष्टिकोण को शामिल करना होगा। उत्पादकता का अर्थ केवल लंबे काम के घंटे नहीं, बल्कि संतुलित और संतुष्ट कर्मचारी भी है। जब व्यक्ति का पारिवारिक जीवन स्थिर होता है, तभी वह कार्यस्थल पर रचनात्मक और प्रभावी योगदान दे पाता है।

नए वर्ष की दहलीज पर खड़े होकर यह आत्ममंथन जरूरी है कि यदि हमने आज परिवार को प्राथमिकता नहीं दी, तो आने वाली पीढ़ियों को केवल सुविधाएं तो मिलेंगी, लेकिन संबंधों की गर्मी नहीं। परिवार केवल साथ रहने का नाम नहीं, बल्कि साथ महसूस करने की प्रक्रिया है। यदि यह प्रक्रिया टूट गई तो समाज की नींव कमजोर हो जाएगी। इसलिए 2026 की ओर कदम बढ़ाते हुए हमें यह संकल्प लेना होगा कि हम तकनीक का उपयोग जीवन को सरल बनाने के लिए करेंगे, संबंधों को प्रतिस्थापित करने के लिए नहीं। करियर की ऊंचाइयों के साथ-साथ परिवार की जड़ों को भी सींचेंगे, ताकि आधुनिकता और मानवीयता के बीच संतुलन बना रहे। यही संतुलन एक नई, सशक्त और अनुकरणीय परिवार व्यवस्था की नींव रख सकता है, जो बदलते समय में भी रिश्तों की रोशनी को बुझने नहीं देगा।

# फास्ट फूड की मीठी लत और कड़वी सच्चाई

**डॉ. शिवानी कटारा**

कुछ दिन पहले उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद से आई एक खबर ने पूरे देश को झकझोर दिया। 16 वर्ष की एक किशोरी, जो लंबे समय से अत्यधिक फास्ट फूड खा रही थी, गंभीर रूप से बीमार पड़ी। डॉक्टरों के अनुसार उसकी आंतें आपस में चिपक चुकी थीं, पाचन तंत्र लगभग पूरी तरह नष्ट हो चुका था। पेट में तरल भर गया था, रक्त संचार कम हो गया था और संक्रमण आंतों से फैलकर फेफड़ों तक पहुंच गया। ऑपरेशन हुआ, लेकिन जीवन नहीं बच सका। यह घटना मात्र एक वायरल खबर नहीं, बल्कि हमारे समय के लिए एक भयावह चेतावनी है। यह हमें ठहरकर सोचने को मजबूर करती है-जिस फास्ट फूड को हम बेफिक्र होकर खाते हैं, क्या वह वास्तव में उतना ही मासूम है, या फिर चुपचाप एक ऐसे सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट का रूप ले चुका है, जिसकी कीमत हम आने वाली पीढ़ियों से चुका रहे हैं?

सीधे-सीधे कहें तो फास्ट फूड वही खाना है जो झटपट मिल जाए और झटपट खा लिया जाए। न अधिक इंतजार, न अधिक मेहनत । इसकी पहली वजह है समय की कमी-तेज रफ्तार जीवन में लोगों के पास घर पर खाना बनाने या बैठकर खाने का समय नहीं बचा। दूसरी बड़ी वजह है हर जगह उपलब्धता। फास्ट फूड हर समय सामने है। तीसरी वजह है तीखा और लुभावना स्वाद। नमक, चीनी और तेल अधिक होता है, जो जीभ और दिमाग दोनों को तुरंत आकर्षित करता है। और अंत में, सोशल फैक्टर-पार्टी, बर्थडे, आउटिंग और दोस्तों के साथ मिलने-जुलने में फास्ट फूड अब सामान्य हिस्सा बन चुका है।

फास्ट फूड की लत केवल आदत का विषय नहीं, बल्कि मस्तिष्क की रसायनिकी से जुड़ा हुआ है। अत्यधिक मीठा, नमकीन और तला हुआ भोजन मस्तिष्क में 'डोपामिन' नामक रसायन का स्राव बढ़ाता है, जो तात्कालिक सुख और संतोष का अनुभव कराता है। धीरे-धीरे मस्तिष्क उस स्वाद को उसी सुखद अनुभूति से जोड़ लेता है। यहां तक कि उस भोजन को देखने या उसके बारे में सोचने मात्र से वही प्रतिक्रिया शुरू हो जाती है। तनाव, थकान, उदासी या अकेलेपन की स्थिति में व्यक्ति अनजाने में ऐसे भोजन की ओर खिंचता है, क्योंकि वह तुरंत अच्छा लगने का एहसास देता है। यही कारण है कि फास्ट फूड धीरे-धीरे कम्फर्ट फूड बन जाता है, जबकि वास्तविकता में वह शरीर के लिए सबसे अधिक असुविधा और रोगों का कारण बनता है।

फास्ट और अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड का प्रभाव धीरे-धीरे दिखाई देता है। प्रारंभ में गैस, एसिडिटी, कब्ज, थकान, त्वचा की समस्याएं , दांतों में केविटीज, मसूड़ों का इन्फेक्शन और एकाग्रता की कमी जैसी छोटी परेशानियां होती हैं, जिन्हें सामान्य मानकर अनदेखा कर दिया जाता है। लेकिन लंबे समय में यही आदतें मोटापा, टाइप-2 मधुमेह, उच्च रक्तचाप, हृदय रोग, इंसुलिन प्रतिरोध और मेटाबॉलिक सिंड्रोम का कारण बनती हैं। इन खाद्य पदार्थों में फाइबर और पोषक तत्व कम, जबकि चीनी, नमक और हानिकारक वसा अत्यधिक होती है। इससे आंतों के लाभकारी जीवाणु नष्ट होते हैं, सूजन बढ़ती है और पाचन तंत्र कमजोर पड़ता है। बच्चों और किशोरों में इसका प्रभाव और भी गंभीर होता है, क्योंकि इसी अवस्था में शरीर और आदतें दोनों आकार ले रही होती हैं।

यह केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य का मुद्दा नहीं है। इन रोगों का इलाज सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यवस्था पर भारी बोझ डालता है, कार्यक्षमता घटती है और स्वास्थ्य पर होने वाला खर्च गरीब और मध्यम वर्ग को सबसे अधिक प्रभावित करता है। दूसरे शब्दों में, फास्ट फूड का सस्ता होना एक भ्रम है- इसकी वास्तविक कीमत अस्पताल, दवाइयों और खोए हुए जीवन वर्षों के रूप में समाज चुका रहा है।

आज फास्ट फूड केवल प्लेट में परोसा गया खाना नहीं है, यह एक आक्रामक व्यवस्था है। चमकदार विज्ञापन, बच्चों को लुभाने वाले खिलौने, भारी छूट, मोबाइल ऐप्स की एक क्लिक सुविधा- सब मिलकर इसे हर उम्र, हर वर्ग तक पहुंचा रहे हैं। यह कोई संयोग नहीं है कि भारत में फास्ट फूड उद्योग तेजी से फैल रहा है। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार 2024 में भारत का फास्ट फूड बाजार लगभग 18.6 बिलियन अमेरिकी डॉलर का था और इसके 2033 तक 35.5 बिलियन डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है, यानी यह उद्योग लगभग 7 प्रतिशत से अधिक की वार्षिक वृद्धि दर से आगे बढ़ रहा है। इस विस्तार का सबसे बड़ा असर बच्चों और युवाओं पर दिखाई देता है। विभिन्न भारतीय अध्ययनों से स्पष्ट होता है कि स्कूल और कॉलेज आयु वर्ग में फास्ट फूड का सेवन 30 प्रतिशत से लेकर 100 प्रतिशत तक की व्यापकता दिखाता है। अर्थात यह अपवाद नहीं, बल्कि सामान्य आदत बन चुकी है।

इसके बावजूद, नीति स्तर पर स्थिति चिंताजनक है। तंबाकू और शराब जैसे उत्पादों पर स्वास्थ्य चेतावनियां, कर और विज्ञापन नियंत्रण लागू हैं, लेकिन जंक फूड/फास्ट फूड –जो बच्चों के शरीर और मस्तिष्क के विकास को प्रभावित करता है,अब भी अपेक्षाकृत ढीले नियमन के दायरे में है। विधायिका और सार्वजनिक नीति विमर्श में जंक फूड और शीतल पेयों पर चर्चा का अनुपात अत्यंत सीमित पाया गया है, जो यह संकेत देता है कि बढ़ते जोखिम के बावजूद इसे सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट के रूप में पर्याप्त गंभीरता से नहीं लिया गया है, जिससे स्वाद और सुविधा के नाम पर एक गहरा सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट चुपचाप आकार ले रहा है।

भारतीय ज्ञान परंपरा में भोजन को केवल पेट भरने का साधन नहीं, बल्कि जीवन का आधार माना गया है। आयुर्वेद स्पष्ट कहता है कि आहार, निद्रा और ब्रह्मचर्य जीवन के तीन स्तंभ हैं, और इनमें आहार सर्वोपरि है। भोजन सही विधि से लिया जाए तो वह औषधि है, और गलत विधि से लिया जाए तो वही विष बन जाता है। विरुद्ध आहार–जैसे ठंडे पेय के साथ तला-मसालेदार भोजन–को आयुर्वेद ने सदियों पहले ही रोगों का कारण बताया था। शांत स्थान पर, उचित समय पर, आत्म-परीक्षण के साथ भोजन करने की सीख आज भी उतनी ही प्रासंगिक है। विडंबना यह है कि जिस देश में इतनी स्पष्ट आहार-दृष्टि उपलब्ध है, वहीं आधुनिक नीति निर्माण में भोजन को केवल बाजार का विषय बना दिया गया है, स्वास्थ्य और संस्कृति का नहीं।

अब समय आ गया है कि फास्ट फूड को केवल व्यक्तिगत पसंद कहकर पल्ला न झाड़ा जाए। यह एक नीति-स्तरीय मुद्दा है। बच्चों को लक्षित जंक फूड विज्ञापनों पर सख्त नियंत्रण, स्कूलों के आसपास फास्ट फूड बिक्री पर नियमन, स्पष्ट पोषण चेतावनियाँ, और जन-जागरुकता अभियानों को अनिवार्य बनाना–ये सब विकल्प नहीं, आवश्यकता हैं। मुरादाबाद की वह किशोरी किसी एक परिवार की निजी त्रासदी नहीं, बल्कि उस सामाजिक व्यवस्था का परिणाम है जिसने स्वाद को स्वास्थ्य से ऊपर रखा। यदि हमने इसे आज भी केवल एक खबर मानकर भुला दिया, तो आने वाले समय में ऐसी घटनाएं अपवाद नहीं, बल्कि सामान्य होंगी। यह चेतावनी नहीं, बल्कि नीति, सोच और भोजन-दृष्टि बदलने का एक अहम अवसर है।

**(लेखिका, डेंटल सर्जन और स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं। )**

# जेपी के आह्वान पर गौतम सागर राणा राजनीति में प्रवेश किए थे

**विजय केसरी**

झारखंड अलग प्रांत के लिए प्रखर समाजवादी जन नेता गौतम सागर राणा ने बिहार विधान सभा में जोरदार आवाज बुलंद कर पृथक झारखंड राज्य का मार्ग प्रशस्त कर एक नई पहचान निर्मित की। वे सड़क से लेकर बिहार विधानसभा तक लगातार पृथक झारखंड के लिए संघर्षरत रहे। एक ओर जहां झारखंड मुक्ति मोर्चा के संस्थापक शिबू सोरेन झारखंड अलग प्रांत के लिए सड़कों पर संघर्ष कर रहे थे, वहीं गौतम सागर राणा बिहार विधानसभा में पृथक झारखंड के औचित्य पर अपनी ही पार्टी के नेताओं से जूझ रहे थे। झारखंड अलग प्रांत निर्माण के पच्चीस वर्ष पूरे होने के बावजूद गौतम सागर राणा अब तक झारखंड विधानसभा से दूर हैं। यह पीड़ा उनसे बातचीत में साफ झलकती है। गौतम सागर राणा के इक्यावन साल के राजनीतिक जीवन में कभी भी उन पर भ्रष्टाचार का कोई आरोप नहीं लगा। वे एक ईमानदार, कर्तव्यनिष्ठ, अनुशासित विधानसभा सदस्य और विधान परिषद के सदस्य के रूप में अपनी पहचान बनाने में सफल रहे हैं। वे भ्रष्टाचार के खिलाफ सदा जोरदार संघर्ष करते रहे हैं। झारखंड अलग प्रांत निर्माण के बाद उनकी राजनीति झारखंड पर केंद्रित जरूर हो गई लेकिन राष्ट्रीय स्तर पर जल, जंगल,भूमि संरक्षण और पर्यावरण की बेहतरी के लिए के लिए लगातार संघर्ष करते रह रहे हैं।

गौतम सागर राणा राजनीति में प्रवेश लोकनायक जयप्रकाश नारायण के छात्र आंदोलन से हुआ था। 1974 में लोकनायक जयप्रकाश नारायण के आह्वान पर गौतम सागर राणा भी इस आंदोलन से जुड़ें थे। तब वे हजारीबाग, संत कोलंबा कॉलेज के विद्यार्थी रहे । वे बचपन से ही शांत और सहज प्रकृति के छात्र रहे। उन्होंने एक छात्र नेता के रूप में जे.पी आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। 25 जून 1975 की अर्धरात्रि को संपूर्ण देश में इमरजेंसी की घोषणा कर दी गई थी। रातों-रात देशभर के हजारों की संख्या में बड़े और छोटे नेता गिरफ्तार कर लिए गए थे। चूंकि गौतम सागर राणा एक बड़े छात्र नेता के रूप में चर्चित हो चुके थे। उनकी गिरफ्तारी के लिए स्वयं हजारीबाग के तत्कालीन एस.पी ज्योति कुमार सिन्हा को आना पड़ा था। गौतम सागर राणा मीसा के अंतर्गत गिरफ्तार कर लिए गए थे। इनके साथ जेल में प्रखर समाजवादी नेता स्वर्गीय कपूर्री ठाकुर, स्वर्गीय उपेंद्र दास , स्वर्गीय नेहरू यादव, अर्जुन यादव, स्वर्गीय अशोक चौरसिया, सरूप चंद जैन, स्वर्गीय काशी लाल अग्रवाल आदि चर्चित नेता हजारीबाग सेंट्रल जेल में बंद थे। जेल में बंद रहने के बावजूद गौतम सागर राणा की सक्रियता कम नहीं हुई थी बल्कि वे जेल में बंद अन्य नेताओं के साथ मिलकर जेल के अंदर से ही हजारीबाग के बाहर चल रहे छात्र आंदोलन को संचालित कर रहे थे। उन्होंने राजनीति का प्रथम पाठ प्रखर समाजवादी नेता कपूरीं ठाकुर से सीखा था। वे कपूरीं ठाकुर की राजनीति से बहुत प्रभावित थे। जेल में रहकर ही गौतम सागर राणा समाजवाद को समझ पाए थे। आगे चलकर यही समाजवाद उनकी राजनीति का दर्पण बन गया था।

1977 में देश से इमरजेंसी समाप्त कर दिए जाने के बाद गौतम सागर राणा हजारीबाग सेंट्रल जेल से बाहर आ पाए थे। आपातकाल के बाद देश में हुए चुनाव में कांग्रेस पार्टी को पराजय का मुंह देखना पड़ा था। इंदिरा गांधी सत्ता से मुक्त हो गई थी। केन्द्र में मोरारजी देसाई के नेतृत्व में एक नई सरकार का गठन हुआ था।

जनता पार्टी के नेतृत्व में देशभर में हुए लोकसभा चुनाव में जनता पार्टी के केंद्रीय नेताओं के आदेश पर गौतम सागर राणा, दिल्ली हरियाणा, पंजाब, बिहार आदि प्रांतों महत्वपूर्ण भूमिका अदा की थी। फलस्वरूप इन्हें देश के कई राष्ट्रीय नेताओं के साथ मंच साझा करने का अवसर प्राप्त हुआ। वे जल्द ही लोकनायक जयप्रकाश नारायण, मोरारजी देसाई, जॉर्ज फर्नांडीज, लालकृष्ण आडवाणी, अटल बिहारी वाजपेई, शरद यादव जैसे बड़े नेताओं की नजरों में आ गए थे। गौतम सागर राणा की सक्रियता इसी तरह आगे भी बनी रही।

केंद्र में मोरारजी देसाई की सरकार गठन हो जाने के कुछ महीने बाद ही देश के विभिन्न प्रांतों में विधानसभा चुनाव की घोषणा हुई थी। तब झारखंड बिहार प्रांत के अंतर्गत ही था। बिहार में विधानसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही गौतम सागर राणा के भी नाम की चर्चा होने लगी थी। उस समय गौतम सागर राणा बिल्कुल नौजवान थे। राजनीति में ये सब क्या चचाएं हो रही है? उन्हें सुनकर आश्चर्य भी होता था। उन्हें जनता पार्टी की टिकट पर बगोदर विधानसभा से चुनाव लड़ने का पटना से फरमान आ गया था। छात्र नेताओं की टोलियां उनके पास पहुंच चुकी थी। पास में कोई रोजगार नहीं था। जेब खाली था। छात्र नेताओं को बगोदर जाने के लिए ना भाड़ा ना गाड़ी थी। अगर कुछ था तो अंदर का हौसला और छात्र नेताओं के जोश। उन्होंने छात्र नेताओं के सहयोग और बगोदर निवासियों के जन धन के बल पर पहली बार बगोदर विधानसभा का चुनाव लड़ा था। इस चुनाव में गौतम सागर राणा भारी मतों से विजय हुए थे। तब बिहार में कपूरीं ठाकुर के नेतृत्व में सरकार बनी थी।

उन्होंने इस दौरान कई जन कल्याणकारी योजनाओं को अमलीजामा पहनाया था। उन्होंने समाज के दलित, शोषित, पीड़ितों को न्याय मिले, इस निमित्त सरकार का ध्यान आकृष्ट किया था। समाज के अंतिम आदमी तक विकास पहुंचे, इस निमित्त वे खुद विकास योजनाओं का मुआयना किया करते थे। उनकी सादगी और सरलता में इमानदारी और निष्ठा छुपी हुई थी। उनसे बड़े से बड़े आईएएस अधिकारी बात करने में कतराते थे। उन्होंने कभी भी एक रूपए का भी लेन-देन नहीं किया।

## दैनिक पंचांग

**31 दिसम्बर 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह | स्थिति | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | धनु में | मकर | 07.44 बजे से |
| चंद्र | वृष में | कुंभ | 09.30 बजे से |
| मंगल | धनु में | मीन | 11.03 बजे से |
| बुध | धनु में | मेष | 12.34 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | वृष | 14.14 बजे से |
| शुक्र | धनु में | मिथुन | 16.12 बजे से |
| शनि | मीन में | कर्क | 18.25 बजे से |
| राहु | कुंभ में | सिंह | 20.41 बजे से |
| केतु | सिंह में | कन्या | 22.53 बजे से |
| राहुकाल | 12.00 से 1.30 बजे तक | तुला | 01.04 बजे से |
| | | वृश्चिक | 03.19 ब.से |
| | | धनु | 05.35 बजे से |

**बुधवार** 2025 वर्ष का 365 वा दिन **दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** हेमन्त। **विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947 **मास** पौष **पक्ष** शुक्ल **तिथि** द्वादशी 01.48 बजे रात्र को समाप्त। **नक्षत्र** कृत्तिका 01.30 बजे रात्र को समाप्त। **योग** साध्य 21.14 बजे को समाप्त। **करण** बव 15.27 बजे तदनन्तर बालव 01.48 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 10.9 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 23° 06' **सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1872575 **जूलियन दिन** 2461040.5 **कलियुग संवत्** 5126 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2552 **हिजरी सन्** 1447 **महीना** रज्जब **तारीख** 10 **विशेष** गौण पौष पुत्रदा एकादशी, वैष्णव पौष पुत्रदा एकादशी, वैकुण्ठ एकादशी।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| लाभ | 05.54 से | 07.22 बजे तक | उद्वेग | 05.41 से | 07.12 बजे तक |
| अमृत | 07.22 से | 08.51 बजे तक | शुभ | 07.12 से | 08.44 बजे तक |
| काल | 08.15 से | 10.19 बजे तक | अमृत | 08.44 से | 10.16 बजे तक |
| शुभ | 10.19 से | 11.47 बजे तक | चर | 10.16 से | 11.47 बजे तक |
| रोग | 11.47 से | 01.16 बजे तक | रोग | 11.47 से | 01.19 बजे तक |
| उद्वेग | 01.16 से | 02.44 बजे तक | काल | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| चर | 02.44 से | 04.12 बजे तक | लाभ | 02.51 से | 04.23 बजे तक |
| लाभ | 04.12 से | 05.41 बजे तक | उद्वेग | 04.23 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## एक नजर

### जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक अवैध खनन पर सख्त कार्रवाई के निर्देश

**सिमडेगा :** उपायुक्त सिमडेगा कंचन सिंह की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में अवैध खनन, अवैध परिवहन एवं अवैध भंडारण के विरुद्ध की गई कार्रवाई की विस्तृत समीक्षा की गई तथा आगे की रणनीति पर चर्चा की गई। बैठक के दौरान जिला खनन पदाधिकारी द्वारा जानकारी दी गई कि अवैध खनन की रोकथाम हेतु अब तक कुल 35 निरीक्षण अभियान चलाए गए हैं। इन अभियानों के क्रम में 9 मामलों में दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। उपायुक्त ने इस पर संतोष व्यक्त करते हुए स्पष्ट निर्देश दिया कि अवैध खनन के खिलाफ छापेमारी अभियान लगातार और प्रभावी ढंग से जारी रखा जाए, ताकि प्राकृतिक संसाधनों का अवैध दोहन रोका जा सके। उपायुक्त ने लंबित मामलों में त्वरित और कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कई बालू घाटों में अवैध खनन एवं अवैध बालू उठाव को पूर्णतः रोकने के लिए ट्रेंच कटिंग (खाई खुदाई) कराने का भी निर्देश दिया, ताकि वाहनों की आवाजाही रोकी जा सके। बैठक में अवैध खनन से पर्यावरण, राजस्व एवं कानून-व्यवस्था पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों पर भी चर्चा की गई।

### रोशनलाल चौधरी ने बॉलीबॉल प्रतियोगिता का किया शुभारंभ



**रामगढ़ :** रिवर साइड भुरकुंडा मिलोनी क्लब के प्रांगण में आज एकदिवसीय बॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक रोशनलाल चौधरी ने फीता काटकर किया। कमिटी के सदस्यों ने मुख्य अतिथि रोशनलाल चौधरी को पुष्प गुच्छ एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। मंगलवार को पहला मैच पतरातू एवं रिवर साइड के बीच खेला गया। मौके पर विशिष्ट रूप से प्रभुदयाल सिंह, भारतीय नौजवान सेना के अध्यक्ष विश्वरंजन सिन्हा, मुखिया अजय पासवान, मुखिया ब्यास पांडेय, राजेश गुप्ता, राजू मल्होत्रा, बीनू भगत, संजय पाण्डेय, ज्योति सिंह, भूपेंद्र सैनी, योगेश दांगी, राकेश सिन्हा राधेश्याम, निवास ठाकुर, राणाप्रताप सिंह, रामअवतार पांडेय इत्यादि उपस्थित थे।

### सुपर लीग टूर्नामेंट डिविजन-बी के आठवें दिन दो रोमांचक मुकाबले

**सिमडेगा :** सिमडेगा जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित शहर के अलबर्ट एक्का स्टेडियम में सुपर लीग टूर्नामेंट डिविजन बी में आज टूर्नामेंट के आठवें दिन दो मैच खेले गए। आज का पहला मैच जेएससी क्रिकेट क्लब और बीरू क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया। जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए जेएससी क्रिकेट क्लब ने 28.5 ओवर में 10 विकेट खोकर 188 रन बनाए। जवाबी पारी खेलते हुए बीरू क्रिकेट क्लब 28. 2 ओवर में 10 विकेट खोकर 130 रन बनाकर धराशाई हो गई। इस तरह जेएससी क्रिकेट क्लब 58 रन से मैच जीत लिया। आज का दूसरा मैच लचड़ागढ़ क्रिकेट क्लब और बालबवान क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया। जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए बालबवान क्रिकेट क्लब ने 29.4 ओवर में 10 विकेट खोकर 132 रन बनाए। जवाबी पारी खेलते हुए लचड़ागढ़ क्रिकेट क्लब 27 ओवर में 124 रन बनाकर धराशाई हो गई।

सिमडेगा में मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना एवं सड़क सुरक्षा समिति की हुई समीक्षा बैठक

# ग्राम गाड़ी योजना से सुदूरवर्ती गांवों को जोड़ा जाएगा : डीसी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**सिमडेगा :** उपायुक्त सिमडेगा कंचन सिंह की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना अंतर्गत मार्ग निर्धारण तथा जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का उद्देश्य सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों को बेहतर परिवहन सुविधा से जोड़ना और जिले में सड़क सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाना रहा। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना के अंतर्गत जिले के सभी प्रखंड मुख्यालयों से जुड़े सुदूरवर्ती राजस्व ग्रामों को प्रखंड मुख्यालय एवं जिला मुख्यालय से जोड़ने पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं जिला परिवहन कार्यालय द्वारा अनुशंसित कई मार्गों का प्रस्ताव समिति के समक्ष रखा गया, जिन पर आवश्यक निर्णय लिए गए। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि चयनित मार्गों का पुनः भौतिक सत्यापन संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा गंभीरता से किया जाए, ताकि योजना का लाभ वास्तविक रूप से दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले ग्रामीणों तक पहुंच सके। उन्होंने कहा कि ग्राम गाड़ी योजना ग्रामीणों के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, बाजार और प्रशासनिक सेवाओं तक पहुंच को आसान बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इसके पश्चात जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की समीक्षा की गई। बैठक में बताया गया कि दिसंबर माह में अब तक जिले में कुल 08 सड़क दुर्घटनाएं हुई हैं। जिला परिवहन पदाधिकारी ने जानकारी दी कि जनवरी 2025 से दिसंबर 2025 तक हिट एंड रन के कुल 28 मामले सामने आए हैं। इनमें से वर्ष 2025 के 12 मामलों में मुआवजे का भुगतान किया जा चुका है, जबकि 6 मामलों को भुगतान हेतु ऋक्क्ष काउंसिल, मुंबई भेजा गया है। शेष मामलों में प्रक्रिया जारी है तथा 07 मामले अंतिम जांच प्रतिवेदन के अभाव में लंबित हैं। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि हिट एंड रन से संबंधित सभी लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने थाना, अस्पताल एवं पीड़ित परिवारों से आवश्यक दस्तावेज समयबद्ध रूप से प्राप्त करने हेतु आपसी समन्वय स्थापित करने पर विशेष जोर दिया। वाहन जांच अभियान की समीक्षा करते हुए बताया गया कि दिसंबर 2025 में जिले में कुल 1122 वाहनों की जांच की गई। इसमें बिना हेलमेट के 428, बिना चालक अनुज्ञप्ति के 154, टेम्पो के 216 तथा अन्य व्यावसायिक वाहनों के 324 मामले सामने आए। वाहन जांच के दौरान कुल 15,58,147 रुपये की दंड राशि वसूल की गई। उपायुक्त ने सड़क नियमों के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई जारी रखने का निर्देश देते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा के प्रति आमजन में जागरूकता बढ़ाना भी उतना ही आवश्यक है। बैठक में जिले के सभी चौक-चौराहों एवं नगर परिषद क्षेत्र में अधिष्ठापित सीसीटीवी कैमरों की स्थिति की भी समीक्षा की गई। खराब पड़े सीसीटीवी कैमरों की मरम्मत शीघ्र कराने का निर्देश दिया गया।

## अटल बिहारी वाजपेयी भारतीय लोकतंत्र की आत्मा थे : डॉ. प्रदीप वर्मा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**सिमडेगा :** झारखंड राज्य के निमार्ता पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृति में आयोजित अटल स्मृति समारोह का आयोजन श्रद्धा और विचार-चिंतन के वातावरण में संपन्न हुआ। समारोह में राज्यसभा सांसद डॉ. प्रदीप वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और गोष्ठी को संबोधित करते हुए अटल जी के जीवन, व्यक्तित्व और राष्ट्र के प्रति उनके अविस्मरणीय योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। डॉ. प्रदीप वर्मा ने अपने व्याख्यान में कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी केवल एक राजनेता नहीं, बल्कि भारतीय लोकतंत्र की आत्मा थे। उन्होंने राजनीति में शुचिता, संवाद और सहमति की परंपरा को स्थापित किया। अटल जी के नेतृत्व में देश ने आर्थिक सुधार, आधारभूत संरचना विकास और विदेश नीति में नई दिशा प्राप्त की। उन्होंने कहा कि अटल जी का जीवन युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उनकी कविताओं में राष्ट्रप्रेम, मानवीय संवेदना और लोकतांत्रिक मूल्यों की झलक मिलती है।

पोखरण परमाणु परीक्षण, स्वर्णिम चतुर्भुज परियोजना और ग्राम सड़क योजना जैसे निर्णय आज भी देश की प्रगति की नींव बने हुए हैं। डॉ. वर्मा ने कहा कि अटल जी का सपना सशक्त, समृद्ध और आत्मनिर्भर भारत का था, जिसे वर्तमान पीढ़ी को आगे बढ़ाना चाहिए। उन्होंने युवाओं से अटल जी के विचारों को आत्मसात कर राष्ट्र सेवा में समर्पित होने का आह्वान किया।

## अवैध खनन पर जिला प्रशासन की सख्ती स्टोन चिप्स लदा ट्रैक्टर जब्त, प्राथमिकी दर्ज

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़ :** रामगढ़ जिले में अवैध खनन और खनिजों के परिवहन पर पूरी तरह से रोक लगाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा कड़ी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में दिनांक 30.12.2025 को खान निरीक्षक रामगढ़ द्वारा पतरातू थाना अंतर्गत पतरातू डैम के पास औचक जाँच के दौरान एक स्टोन चिप्स लदा ट्रैक्टर पकड़ा गया, जिसका अज्ञात चालक अचानक से ट्रैक्टर रोककर फरार हो गया। जाँच के दौरान ट्रैक्टर में 100 घन फुट स्टोन चिप्स पाया गया, लेकिन ट्रैक्टर के अंदर बालू से संबंधित परिवहन चालान नहीं मिला। इसके बाद ट्रैक्टर मालिक, अज्ञात चालक और अन्य संलिप्त लोगों के विरूद्ध सरकारी संपत्ति की चोरी, खनन राजस्व का क्षति, और माननीय राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण के मानकों का उल्लंघन के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की गई है। यह कार्रवाई खान और खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957 की धारा 4, 21, झारखंड लघु खनिज समनुदान नियमावली, 2004 के नियम 54, और झारखंड खनिज (अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण रोकथाम) नियम, 2017 के नियम 9, 13 के तहत की गई है। इस कार्रवाई के पीछे का उद्देश्य अवैध खनन और खनिजों के परिवहन पर रोक लगाना है, जिससे सरकारी राजस्व की हानि को रोका जा सके और पर्यावरण की रक्षा की जा सके। जिला प्रशासन द्वारा अवैध खनन के खिलाफ आगे भी कड़ी कार्रवाई जारी रखने का आश्वासन दिया गया है। रामगढ़ जिले में अवैध खनन की समस्या एक बड़ी चुनौती है, जिससे निपटने के लिए जिला प्रशासन द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इस कार्रवाई से यह संदेश दिया गया है कि अवैध खनन करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा और उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। अवैध खनन के खिलाफ जिला प्रशासन की इस कार्रवाई से स्थानीय लोगों में खुशी की ल भावना है, और उन्हें उम्मीद है कि इससे अवैध खनन पर रोक लगेगी और सरकारी राजस्व की हानि को रोका जा सकेगा।

संत इग्नासियुश चर्च कोनबेगी सरईटोली में नव निर्मित चर्च का बिशप विंसेंट बरवा ने किया उद्घाटन

## विविध संस्कृतियों और धर्मों का संगम है सिमडेगा यहां मिलजुल कर रहते हैं सभी समुदाय : विधायक



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिमडेगा :** संत इग्नासियुश चर्च कोनबेगी सरईटोली में नव निर्मित चर्च का मंगलवार को उद्घाटन किया गया। चर्च का उद्घाटन बिशप बिंसेंट बरवा ने आशीष जल का छिड़काव कर किया। इससे पूर्व मिस्सा पूजा का आयोजन बिशप विंसेंट बरवा की अगुवाई में किया गया। कार्यक्रम में सिमडेगा विधायक सह कांग्रेस जिलाध्यक्ष भूषण बाड़ा, जिप सदस्य सह महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष जोसिमा खाखा भीशामिल होकर इस पावन क्षण के साक्षी बने। मौके पर बिशप विंसेंट बरवा ने कहा कि चर्च विश्वास, प्रेम और सेवा का जीवंत केंद्र होता है। उन्होंने कहा कि संत इग्नासियुश चर्च समाज को प्रभु येशु मसीह के बताए मार्ग प्रेम, क्षमा, त्याग और मानव सेवा पर चलने की प्रेरणा देगा। उन्होंने विश्वासी समुदाय से आग्रह किया कि वे चर्च को आपसी एकता, भाईचारे और जरूरतमंदों की सेवा का केंद्र बनाएं। बिशप ने विश्व शांति, क्षेत्र की खुशहाली और समाज में प्रेम व एकता बनाए रखने के लिए विशेष प्रार्थना की। मौके पर प्रतिमा कुजूर सहित अन्य उपस्थित थे। विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि चर्च जैसे धार्मिक स्थल समाज में नैतिक मूल्यों, शांति और सद्भाव को मजबूत करते हैं। उन्होंने कहा कि सिमडेगा जिला विविध संस्कृतियों और धर्मों का संगम है। यहां सभी समुदाय मिलजुल कर रहते हैं। ऐसे में चर्च का निर्माण आपसी सौहार्द और सामाजिक एकता का प्रतीक है। विधायक ने क्षेत्र के विकास के साथ-साथ शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक सेवा के कार्यों में चर्च की भूमिका की सराहना करते हुए हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया।

## 28वां बख्तर साय मुण्डल सिंह स्मृति प्रखंड स्तरीय विराट रौतिया महासम्मेलन संपन्न

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोलबा :** 28वां बख्तर साय मुण्डल सिंह स्मृति प्रखंड स्तरीय विराट रौतिया महासम्मेलन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर झारखंड प्रदेश अध्यक्ष रोहित कुमार, उड़ीसा प्रदेश अध्यक्ष मधुसूदन सिंह तथा समसेरा पंचायत के मुखिया सुरजन बड़ाईक ने वीर शहीद बख्तर साय एवं वीर शहीद मुण्डल सिंह के चित्र पर दीप प्रज्वलित एवं पुष्पार्चन कर खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। महासम्मेलन के अंतर्गत आयोजित खेल प्रतियोगिताओं में कुल 74 टीमों ने भाग लिया। इनमें 48 हॉकी बालक, 16 फुटबॉल बालक एवं 10 हॉकी बालिका टीमें शामिल रहीं। हॉकी बालक वर्ग में घोघया बनाम किरेलेगा के बीच खेले गए फाइनल मुकाबले में घोघया ने 1&0 से जीत दर्ज कर प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि किरेलेगा द्वितीय स्थान पर रहा। तृतीय स्थान के लिए मच्छकट्टा एवं जमुनाखैर के बीच हुए मुकाबले में जमुनाखैर ने 2झ0 से जीत हासिल कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। विजेता एवं उपविजेता टीमों को खासी एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। फुटबॉल बालक वर्ग में जसपुर एवं बोलबा के बीच मुकाबला खेला गया, जिसमें बोलबा ने एक गोल से बढ़त बनाते हुए खासी पुरस्कार पर अपना अधिकार जमाया। वहीं महिला हॉकी वर्ग में पालेमुण्डा बनाम तिलाईजरा के बीच खेले गए मुकाबले में तिलाईजरा की बालिका टीम विजेता रही। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत तलमंगा स्कूल टोली की महिला समूह द्वारा किया गया। झारखंड प्रदेश अध्यक्ष रोहित कुमार ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ खेल भी अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि खेल के माध्यम से भी युवा अपने क्षेत्र और समाज का नाम रोशन कर सकते हैं।

# रामगढ़ जिला महिला कांग्रेस कमेटी की कार्यकारिणी बैठक संपन्न

> महिलाओं की भागीदारी से मजबूत होगा संगठन : रमा खलको

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़ :** मंगलवार को रामगढ़ जिला के रामगढ़ ब्लॉक चौक स्थित लॉ मैरिटल हाल में रामगढ़ जिला महिला कांग्रेस कमेटी की कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष रमा खलको का नागरिक अभिनंदन एवं स्वागत किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष मंजू जोशी ने की और संचालन पूर्व जिला अध्यक्ष अनु विश्वकर्मा ने किया। बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष रमा खलको, रामगढ़ जिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष सह विधायक ममता देवी, झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव बलजीत सिंह बेदी, सचिव रियाज अहमद, पूर्व कार्यकारी जिला अध्यक्ष पंकज प्रसाद तिवारी उपस्थित थे। बैठक में प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष रमा खलको ने सीधा महिला पदाधिकारी एवं प्रखंड अध्यक्षों से संवाद स्थापित किया और उनकी समस्याओं को और सुझावों को सुना। उन्होंने कहा कि महिला कांग्रेस की बड़ी जिम्मेदारी है और रामगढ़ जिला में संगठन को सशक्त बनाने के लिए पंचायत स्तर पर महिला कांग्रेस कमेटी का गठन जल्द से जल्द पूर्ण कर लेना है। रमा खलको ने कहा कि इस देश की आधी आबादी महिलाओं की है और कोई भी सरकार या दल हमें अनदेखा नहीं कर सकता है। उन्होंने कहा कि राजनीति में महिलाओं का सफर काफी संघर्षपूर्ण होता है, लेकिन जो महिलाएं संघर्ष करती हैं, वह देश के शिखर पर पहुंचती हैं। विधायक ममता देवी ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि उनका भी राजनीतिक जीवन काफी संघर्षों से गुजरा है और अपने राजनीतिक सफर में कई बार उन्हें जेल भी जाना पड़ा, लेकिन वह पीछे नहीं हटीं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने उन्हें विधायक होने के साथ-साथ रामगढ़ जिला कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष होने का भी गौरव प्रदान किया है। बैठक में प्रदेश महिला कांग्रेस की नेत्री कल्पना भगत, प्रदेश महासचिव मीनू सिंह, मुर्मू, प्रदेश महासचिव बलजीत सिंह बेदी, प्रदेश प्रवक्ता रियाज अहमद, प्रेम दादा, प्रदेश महिला कांग्रेस महासचिव अनु विश्वकर्मा, जिला उपाध्यक्ष रामगढ़ रीना देवी, सोनमती देवी, उर्मिला देवी, प्रखंड अध्यक्ष रामगढ़ सावित्री देवी, प्रखंड अध्यक्ष पतरातू रंजीत करमाली, प्रखंड अध्यक्ष मांडू पिंकी राय, प्रखंड अध्यक्ष चितरपुर नवमी देवी, रामगढ़ नगर अध्यक्ष महिला कांग्रेस सीता देवी, जिला सचिव सुनीता कुमारी, मेहताब, जिला महासचिव रामगढ़ सुषमा देवी, जिला सचिव ममता देवी, सैक्रामोलिन, पूर्व नगर अध्यक्ष संजय साव, टिंकू खान, आजाद सिंह आदि शामिल हुए। इस बैठक का उद्देश्य रामगढ़ जिला में महिला कांग्रेस को मजबूत करना और पंचायत स्तर पर महिला कांग्रेस कमेटी का गठन करना था। बैठक में उपस्थित सभी नेताओं ने महिला कांग्रेस को मजबूत करने और महिलाओं के अधिकारों के लिए लड़ने का संकल्प लिया।

## संक्षिप्त खबरें

### रायपुरा से गोला रोड रेलवे फाटक तक सड़क व पुलिया निर्माण की उठी मांग

**रामगढ़ :** रामगढ़ जिले के गोला प्रखंड के रायपुरा में स्थित बाबा बुढ़ा छतर धाम एक प्रसिद्ध धार्मिक स्थल है, जहां से रायपुरा, बाघाकुदर, कोंनारडीह, कुजूकला, साडम, कोराम्बे, हेसल, कुसमाजारा, मोहनबेडा, नावजारा, बारघुटू, कामता, पुरबडीह और गोला इत्यादि गांवों के लोग आते-जाते हैं। इन गांवों के अधिकांश स्कूल के बच्चे और ग्रामीण रेलवे लाइन के किनारे के पगडंडी मार्ग से प्रतिदिन दैनिक बाजार गोला आना-जाना करते हैं। इतना ही नहीं, रेलवे स्टेशन से उतरकर यात्री भी बाबा का दर्शन हेतु आवागमन करते हैं। इस ओर से दूरियां भी कम हैं और ग्रामीणों का आग्रह है कि मुरी-बरकाकाना रेल खंड के खंभा नंबर 381/25 से 383/16 रायपुरा से गोला रोड रेलवे फाटक तक सड़क एवं पुलिया का निर्माण कराया जाए। इस मांग को लेकर बिनू कुमार महतो युवा टाइगर ने रेल मंत्री भारत सरकार नई दिल्ली, मंडल रेल प्रबंधक दक्षिणी पूर्वी रेलवे रेल मंडल हटिया रांची, सांसद मनीषा जयसवाल हजारीबाग, विधायक ममता देवी रामगढ़ को आवेदन दिया है। आवेदन में कहा गया है कि इस सड़क एवं पुलिया के निर्माण से रायपुरा और आसपास के गांवों के लोगों को आवागमन में सुविधा होगी और उनकी दूरी भी कम होगी। मौके पर गांवों की ग्रामीण बिनू कुमार महतो युवा टाइगर, नंदलाल मुंडा, राजेश कुमार, छोटू लाल महतो, सुधीर महतो, रंजीत कुमार, राजू महतो, शंकर महतो, कालेश्वर महतो, योगेंद्र महतो, बंदुराम मुंडा, शिवकुमार मुंडा, चरण महतो, बडन महतो, रविंद्र कुमार महतो, धर्मदेव मोहली, बरीया करमाली, उमेश मुंडा, सावित्री देवी, निवा देवी, गीत देवी, सीमा कुमारी, नेहा कुमारी, पुनीता देवी, संगीता देवी, कितनी देवी, यमुना कुमारी, आशा देवी, उपाधि देवी, सिद्धार्थ कुमार, शुम्भू करमाली, सनीचर मुण्डा, नकुल महतो, कैलाश महतो इत्यादि शामिल हैं।

### मणिपाल सीडलिंग्स प्ले स्कूल एवं मणिपाल इंटरनेशनल स्कूल में वार्षिक खेलकूद का हुआ समापन



**कुजू :** मणिपाल सीडलिंग्स प्ले स्कूल व मणिपाल इंटरनेशनल स्कूल में वार्षिक खेलकूद का समापन मंगलवार को किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक गया प्रसाद राय ने फीता काटकर दूसरे दिन के खेल का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि खेल हमारे जीवन का एक अभिन्न अंग है और खेल से मनुष्य के अंदर सामाजिकता का भाव मजबूत बनाता है। विद्यालय के निदेशक गया प्रसाद राय ने बच्चों को खेलकूद में हिस्सा लेने को प्रोत्साहित किया और कहा कि खेल से न केवल शारीरिक विकास होता है, बल्कि मानसिक विकास भी होता है। उन्होंने कहा कि मणिपाल सीडलिंग्स प्ले स्कूल व मणिपाल इंटरनेशनल स्कूल में बच्चों को खेलकूद के लिए हमेशा प्रोत्साहित किया जाता है और इस वर्ष भी वार्षिक खेलकूद में बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। वार्षिक खेलकूद में वर्ग एक से दस तक के बच्चों ने भाग लिया और विभिन्न प्रतिस्पधाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बाधा दौड़, टैग आफ रेस, कबड्डी, खो-खो, भाला फेंक आदि प्रतिस्पधाओं में बच्चों ने उत्साह और ऊर्जा के साथ भाग लिया। विजय प्रतिभागियों को विद्यालय निदेशक गया प्रसाद राय ने प्रमाण पत्र, ट्रॉफी व मेडल देते हुए सम्मानित किया।

### आरक्षी रजनी केरकेट्टा को पुलिसमैन ऑफ द वीक पुरस्कार से किया गया सम्मानित



**सिमडेगा :** पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा, सिमडेगा जिला में उत्कृष्ट टर्न आउट, कर्त्तव्य परायणता एवं सकारात्मक(नैतिक) सोच वाले पुलिस कर्मियों को पुरस्कृत करने एवं उनके मनोबल को बढाने हेतु पुलिसमैन ऑफ द वीक : सिमडेगा पुलिस पुरस्कार का आरंभ किया गया है, जिसके तहत प्रत्येक सप्ताह सर्वश्रेष्ठ पुलिस कर्मियों (आरक्षी से लेकर सहायक अवर निरीक्षक संवर्ग के पुलिस कर्मी/पुलिस पदाधिकारी) का चयन कर अपने बेहतर ड्यूटी एवं बेस्ट टर्नआउट के लिए पुरस्कृत किया जाता है, और उसकी तस्वीर पूरे सप्ताह थाना/ओ0पी0/प्रतिष्ठान के सूचना पट में लगा रहेगा। इससे पुलिस कमीर्यों/पदाधिकारियों में अपनी ड्यूटी पूरी लगनता एवं कुशलता के साथ करने हेतु प्रोत्साहन मिलेगी और उनका मनोबल बना रहेगा। इसी कड़ी में इस सप्ताह आज दिनांक- 30/12/25 को पुलिस अधीक्षक कार्यालय गोपनीय शाखा में प्रतिनियुक्त महिला आरक्षी- 68 रजनी केरकेट्टा को माह दिसंबर -2025 के तृतीय सप्ताह में अपने उत्कृष्ट टर्न आउट, कर्त्तव्य परायणता एवं सकारात्मक (नैतिक) सोच के लिए पुलिसमैन ऑफ द वीक : सिमडेगा पुलिस पुरस्कार से पुरस्कृत एंव सम्मानित किया जाता है। उक्त पुलिसकर्मी के द्वारा अपनी ड्यूटी पूरी लगन और कुशलता के साथ किया जाता है।

### बरसलोया जगन्नाथ मंदिर के पूर्व मुख्य पुजारी बंशीधर पंडा की पुण्यतिथि आज

**कोलेबिरा :** प्रखंड अंतर्गत ग्राम बरसलोया में प्रतिष्ठित धार्मिक, सामाजिक एवं शैक्षणिक व्यक्तित्व तथा श्री जगन्नाथ मंदिर के पूर्व मुख्य पुजारी स्वर्गीय बंशीधर पंडा की पुण्यतिथि कल कल 31 दिसंबर को श्रद्धापूर्वक मनाई जाएगी। वहीं, श्रद्धांजलि का कार्यक्रम पूरे भाव पूर्ण से आयोजित की जाएगी। स्वर्गीय बंशीधर पंडा का निधन 11 जनवरी 2024 को 88 वर्ष की आयु में हुआ था। वे गांव और आसपास के क्षेत्रों में अपने सरल स्वभाव, अनुशासित जीवन और सेवाभाव के लिए अत्यंत सम्मानित थे। पुण्यतिथि को लेकर गांव में भावुक वातावरण है और श्रद्धांजलि कार्यक्रम की तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। धार्मिक, सामाजिक और शैक्षणिक सेवा का समर्पित जीवन : स्वर्गीय बंशीधर पंडा बरसलोया गांव के एक मात्र मूल निवासी थे। वर्ष 1978 में वे ग्राम के मनोनीत मुखिया बने और अपने कार्यकाल के दौरान गांव के सामाजिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वे वर्षों तक श्री जगन्नाथ मंदिर के मुख्य पुजारी के रूप में सेवाएं देते रहे। उनकी पूजा पद्धति, नियम-निष्ठा और मंदिर के प्रति समर्पण से उन्हें एक विशेष पहचान मिली। इसके साथ ही उन्होंने शिक्षक के रूप में भी कार्य कर बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रेरित किया।

### ग्रीन मोबाईल रिपेयरिंग सेंटर का सांसद ने किया उद्घाटन

**कुरडेग :** प्रखंड स्थित बजारटाड़ मैदान के सामने स्थित ग्रीन मोबाईल रिपेयरिंग सेंटर का उद्घाटन आज माननीय सांसद श्री कालीचरण मुंडा के द्वारा किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम में क्षेत्र के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष डेविड तिर्की, अनूप तिर्की, रोहिला जी, अल्पसंख्यक प्रखंड अध्यक्ष जीसान फि रदौस, मीडिया प्रभारी समीम अंसारी, सचिव समी खान, उपाध्यक्ष तैसीफ आलम, तल्हा अंसारी, शहीद अफरीदी एवं इरफान अंसारी मौजूद थे। दुकान के संचालक साहेब अंसारी ने बताया कि उन्होंने हैदराबाद से मोबाईल रिपेयरिंग का विशेष प्रशिक्षण प्राप्त किया है तथा इसके अलावा सिमडेगा में 5 वर्षों तक मोबाईल रिपेयरिंग का कार्य करने का अनुभव भी है। ग्रीन मोबाईल रिपेयरिंग सेंटर में सभी कंपनियों के मोबाईल की मरम्मत की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही मोबाईल से संबंधित सभी प्रकार के एक्सेसरीज भी दुकान में उपलब्ध रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने साहेब अंसारी को इस नए व्यवसाय की शुरूआत पर शुभकामनाएं दीं और आशा व्यक्त की।

# अटल स्मृति सम्मेलन में कार्यकर्ताओं ने अटल बिहारी वाजपेयी को किया याद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**पश्चिमी सिंहभूम :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) जिला कार्यालय में मंगलवार को अटल स्मृति सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष संजय पांडे ने की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता, बुद्धिजीवी और सामाजिक प्रतिनिधि शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता और प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक ने कहा कि झारखंड केवल भौगोलिक इकाई नहीं है, बल्कि आदिवासी अस्मिता और संघर्ष की पहचान है, जिसे सम्मान देने का कार्य अटल बिहारी वाजपेयी ने किया। उन्होंने बताया कि पूर्व पीएम वाजपेयी की सरकार नहीं बनने पर झारखंड राज्य का गठन लंबे समय तक अधूरा रह जाता। संथाली भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करना, आदिवासियों के लिए अलग जनजातीय कार्य मंत्रालय और आदिवासी हितों में नीति निर्माण ये सभी वाजपेयी की प्रतिबद्धता के प्रमाण हैं। कार्यक्रम संयोजक गीता बालमुचू ने कहा कि वाजपेयी की नीतियों ने आदिवासी पहचान को सम्मान और भविष्य की दिशा दी। पूर्व सांसद गीता कोड़ा ने कहा कि भाजपा ही झारखंड को विकास की ऊंचाई दे सकती है, जबकि झारखंड मुक्ति मोर्चा-कांग्रेस की सरकार ने राज्य को भ्रष्टाचार और अव्यवस्था में धकेला है। जिला अध्यक्ष संजय पांडे ने कहा कि झारखंड की पहचान और स्वाभिमान वाजपेयी की देन है, जिसे आगे बढ़ाया जाएगा। कार्यक्रम को अनूप सुल्तानिया, सतीश पूरी और पूर्व विधायक जवाहरलाल बानरा ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष संजय पांडे, कार्यक्रम संयोजक गीता बालमुचू, उपाध्यक्ष बबलू शर्मा, महामंत्री प्रताप कटियार, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष चंद्र मोहन तियू, नगर अध्यक्ष राकेश पोद्दार, अनूप सुल्तानिया, पूर्व जिला अध्यक्ष सतीश पूरी, दुर्गावती बोयपाई, रूपा दास, रोहित रंजन प्रसाद, मुकेश कुमार लल्लू सहित कई मंडल अध्यक्ष, पार्टी पदाधिकारी और सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एक नजर

### इंटरसिटी एक्सप्रेस में यात्रियों की सुविधा के लिए कोच का प्रतिस्थापन

**साहिबगंज :** मालदा में मंगलवार को यात्रियों की बैठने की सुविधा को बेहतर बनाने एवं यात्रा अनुभव को अधिक आरामदायक बनाने के उद्देश्य से पूर्व रेलवे के मालदा मंडल ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। इसके तहत 13428/13427 साहिबगंज-हावड़ा-साहिबगंज इंटरसिटी एक्सप्रेस में एक सामान्य द्वितीय श्रेणी कोच के स्थान पर एक वातानुकूलित चेयर कार कोच जोड़ा जाएगा। यह पहल इस व्यस्त रेलखंड पर दिन के समय आरामदायक यात्रा की बढ़ती मांग को ध्यान में रखते हुए की गई है। रेलवे द्वारा यह निर्णय यात्रियों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। रेलवे के अनुसार, 05 जनवरी 2026 से साहिबगंज तथा हावड़ा से प्रस्थान करने वाली 13428/13427 इंटरसिटी एक्सप्रेस में यह एसी चेयर कार कोच उपलब्ध कराया जाएगा। इस परिवर्तन के साथ प्रत्येक फेरे में 73 अतिरिक्त एसी सीटों की सुविधा यात्रियों को मिलेगी। हालांकि, इस बदलाव के बावजूद ट्रेन की कुल कोच संरचना 20 कोचों की ही रहेगी, अर्थात कुल डिब्बों की संख्या में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है।

### मां ने अपनी बेटी के अपहरण को लेकर थाना में कराया केस दर्ज

**साहिबगंज:** राधानगर थाना क्षेत्र के श्रीधर से एक युवती का अपहरण किए जाने का मामला सामने आया है। मामले को लेकर अपहृता के मां सीमा घोष ने राधानगर थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। दिए गए आवेदन पत्र में उन्होंने बतायी है कि मेरी पुत्री की शादी मालदा में तय हुआ था। इसी बीच नेपाल घोष उर्फ स्वरुप ने फोन कर मुझे धमकी देते हुए बोला कि तुम्हारी बेटी का शादी दुसरे लड़?का से क्यों करा रही हो। इधर 19 दिसंबर को समय करीब 11 बजे दिन में घर से श्रीधर बाजार गई थी। बहुत देर हो गया था लेकिन मेरी पुत्री घर वापस नहीं लौटी तो मै खोजबिन करने लगी। खोजबिन के दौरान पता चला कि नेपाल घोष उर्फ स्वरुप घोष व कार्तिक चौधरी दोनों साकिन मंगलबाड़ी जिला मालदा ने मिलकर बहला फुसलाकर मेरे बेटी को अपहरण कर ले गया है। मेरे बेटी के साथ कोई अनहोनी अथवा अप्रिय घटना नहीं कारित हो। आवेदिका ने पुलिस से अपनी बेटी की सुरक्षित बरामदगी की गुहार लगाई है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### पूर्व रेलवे की नई समय-सारिणी 01 जनवरी से प्रभावी

**साहिबगंज:** ट्रेन संचालन प्रणाली में सुधार तथा यात्रा समय में कमी लाने के उद्देश्य से पूर्व रेलवे ने ट्रेनों की नई समय-सारिणी जारी कर दिया है। नई समय सारिणी के अनुसार 06 हावड़ा-आरामबाग हावड़ा ईएमयू लोकल (37359, 37365, 37367, 37369, 37360, 37366) को गोघाट तक, दो हावड़ा - तारकेश्वर - हावड़ा ईएमयू लोकल (37341, 37354) को गोघाट तक, चार तारकेश्वर-आरामबाग-तारकेश्वर ईएमयू लोकल (37385, 37396, 37398, 37386) को गोघाट तक, एक सियालदह-राणाघाट ईएमयू लोकल (31635) को शांतिपुर तक, एक बी.बी.डी.बाग - बैरकपुर ईएमयू लोकल (30113) को कल्याणी तक और एक बैरकपुर-सियालदह ईएमयू लोकल (31242) को कल्याणी तक विस्तार किया गया है। जबकि दो बर्द्धमान-तीनपहाड़ मेमू (63063, 63064) को साहिबगंज तक विस्तारित किया जाएगा। छह ईएमयू ट्रेनों की आवृत्ति में संशोधन किया जाएगा।

## ठंड में जरूरतमंदों के लिए राहत, सरकार का कंबल वितरण अभियान चलाया गया



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** बरहरवा क्षेत्र में लगातार बढ़ रही कड़ाके की ठंड को देखते हुए झारखंड सरकार द्वारा जरूरतमंदों के लिए कंबल वितरण अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को बरहरवा नगर पंचायत के वार्ड संख्या-02 एवं 03 में कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के तहत गरीब, असहाय, बुजुर्ग एवं दिव्यांग व्यक्तियों को प्राथमिकता के आधार पर कंबल वितरित किए गए। ठंड से जूझ रहे लोगों को कंबल मिलने से उन्हें काफी राहत मिली। लाभार्थियों के चेहरे पर संतोष और खुशी साफ झलक रही थी। स्थानीय नागरिकों ने झारखंड सरकार की इस मानवीय पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम ठंड के मौसम में गरीबों के लिए संजीवनी का काम करते हैं। लोगों का कहना था कि सरकार द्वारा उठाया गया यह कदम सामाजिक सरोकार और संवेदनशील प्रशासन का परिचायक है। कंबल वितरण कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं नगर प्रशासन के अधिकारियों ने कहा कि राज्य सरकार का स्पष्ट निर्देश है कि कोई भी गरीब या असहाय व्यक्ति ठंड के कारण परेशान न हो।

## प्रशासन की सुस्ती पर भारी पड़ी जनसेवा पदमा में टिंकू शर्मा ने गरीबों में बांटे कंबल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पदमा :** झारखंड में शीतलहर का कहर जारी है, लेकिन विडंबना यह है कि जब आधी ठंड बीत चुकी है, तब भी सरकारी सहायता जमीन पर नहीं पहुंची है। ऐसे में सरैया पंचायत के वार्ड संख्या 10 के युवा समाजसेवी टिंकू कुमार शर्मा ने मिसाल पेश करते हुए असहाय बुजुर्गों की सुध ली है। भीषण ठंड में बुजुर्गों का सहारा बने टिंकू शर्मा मंगलवार को सरैया पंचायत के वार्ड संख्या 10 में एक वितरण कार्यक्रम आयोजित कर टिंकू कुमार शर्मा ने क्षेत्र के अत्यंत गरीब वृद्धों और लाचार व्यक्तियों को कंबल प्रदान किए। कपकपाती ठंड में कंबल पाकर बुजुर्गों की आंखों में संतोष के आंसू छलक आए। इस नेक कार्य के दौरान टिंकू शर्मा ने भावुक होते हुए कहाः समाज के बुजुर्ग हमारे मार्गदर्शक हैं। इस हाड़ कंपाने वाली ठंड में उनकी तकलीफ को अनदेखा नहीं किया जा सकता। एक छोटा सा प्रयास किसी को जीवनदान दे सकता है। सरकारी व्यवस्था पर भारी नाराजगी जहां एक ओर समाजसेवी मदद के लिए सड़कों पर हैं, वहीं दूसरी ओर सरकार और स्थानीय प्रशासन के प्रति ग्रामीणों में गहरा रोष व्याप्त है। ग्रामीणों का कहना है किः आधी ठंड बीतने के बाद भी कंबल वितरण नदारदः दिसंबर की कड़ाके की ठंड आधी गुजर चुकी है, लेकिन अब तक सरकारी स्तर पर कंबल वितरण की कोई व्यवस्था नहीं की गई है।

## व्हाट्सएप के माध्यम से पदाधिकारी एवं उपायुक्त बोर्ड परीक्षा पर रखेंगे नजर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पाकुड़ :** जिले के उपायुक्त मनीष कुमार की अध्यक्षता में जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी की उपस्थिति में जिले के सभी उच्च एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापक/शिक्षक तथा सभी प्रखण्डों के प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी, प्रखण्ड साधन सेवी एवं संकुल साधन सेवी के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक आयोजित की गई।बैठक के दौरान विद्यालयों में शैक्षणिक गुणवत्ता,अनुशासन, उपस्थिति एवं आगामी बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी को लेकर विस्तृत समीक्षा करते हुए उपायुक्त द्वारा निम्नलिखित महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए।

**विद्यालयों में उपस्थिति एवं अनुशासन**




उपायुक्त ने निर्देश दिया कि सभी शिक्षक एवं छात्र नियमित रूप से समय पर विद्यालय में उपस्थित रहेंगे। शिक्षक एवं छात्रों की उपस्थिति का अनुश्रवण ई-विद्यावाहिनी में दर्ज प्रविष्टि के आधार पर किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि जनवरी 2026 से विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान यदि कोई शिक्षक विद्यालय अवधि में कक्षा से बाहर गैर-शैक्षणिक कार्य में अथवा बच्चे कक्षा से बाहर घूमते पाए गए, तो संबंधित शिक्षक के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। विद्यालय में अनुशासन बनाए रखने की पूर्ण जिम्मेवारी प्रधानाध्यापक की होगी। साथ ही सभी शिक्षकों को निर्देश दिया गया कि प्रत्येक छात्र को प्रतिदिन विषयवार गृहकार्य दिया जाए तथा गृहकार्य पुस्तिकाओं की दैनिक जांच सुनिश्चित की जाए। गृहकार्य के आधार पर कमजोर छात्रों को चिन्हित कर विशेष ध्यान देने का निर्देश भी दिया गया।

**कक्षा 10 एवं 12 हेतु व्हाट्सएप ग्रुप का गठन**

सभी उच्च एवं उच्चतर विद्यालयों में कक्षा 10 एवं 12 के छात्रों के लिए विद्यालयवार व्हाट्सएप ग्रुप का गठन करने का निर्देश दिया गया, ताकि प्रतिदिन मॉडल प्रश्न पत्र उपलब्ध कराए जा सकें।

## मंजूषा कला का तीनदिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** राजमहल कन्या मध्य विद्यालय राजमहल में एकता कुमारी के तत्वाधान में तीन दिवसीय मंजूषा कला की कार्यशाला का आयोजन हुआ, जिसमें राजमहल अनुमंडल पदाधिकारी सदानंद महतो ने इस कार्यशाला की सहारना किया व बच्चों को प्रमाण पत्र भी दिए, कला केंद्र की एकता कुमारी ने मंजूषा कला का महत्व को समझाया। नगर कार्यपालक पदाधिकारी मो दानिश भी उपस्थित होकर बच्चों की सराहन करते हुए उनके साथ फोटो भी खिचाई। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका अमिता चक्रवर्ती ने इस कार्य की सहारना की उन्होंने कहा यह विद्यालय में बच्चों को कला संस्कृति का समायोजन से बच्चों का बौद्धिक विकास होता हैं। मंजूषा कला बिहार की एक प्राचीन और अनोखी लोक-चित्रकला है, जो बिहुला-विषहरी की लोककथा पर आधारित है और मंदिर-नुमा बक्सों पर बनाई जाती है, जिसमें हरा, गुलाबी और पीला रंग, सर्प आकृतियाँ और बिना कान वाली मानव आकृतियाँ इसकी पहचान हैं, और यह 'विषहरी पूजा' में इस्तेमाल होती है। इस कार्यशाला में दर्जनों बच्चों व उनके अभिभावकों ने भाग लिया। कार्यक्रम में विकास कुमार, नीतीश कुमार, रूबी कुमारी, पंकज पाल, पूजा साहा, मिथिलेश कुमार एवं अन्य दर्जनों लोग शामिल हुए।

## प्रोजेक्ट 'प्राण' के तहत 'पंचायत मित्र' ऐप का हुआ शुभारंभ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पाकुड़ :** ज़िले के ग्रामीण क्षेत्रों में जनसमस्याओं के त्वरित, पारदर्शी एवं प्रभावी समाधान की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए पाकुड़ जिला प्रशासन द्वारा प्रोजेक्ट 'प्राण' के अंतर्गत विकसित 'पंचायत मित्र' मोबाइल एप्लिकेशन का शुभारंभ किया गया। इस ऐप का लोकार्पण उपायुक्त मनीष कुमार एवं जिला पंचायत राज पदाधिकारी प्रीतिलता मुर्मू द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। यह अत्याधुनिक मोबाइल एप्लिकेशन ग्राम स्तर पर उत्पन्न होने वाली समस्याओं के शीघ्र निराकरण को सुनिश्चित करेगा तथा आम नागरिकों और प्रशासन के बीच सीधा डिजिटल संवाद स्थापित करेगा।

**अब शिकायत नहीं, सीधा समाधान**

'पंचायत मित्र' ऐप के माध्यम से अब ग्रामीणों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने होंगे। ग्रामीणजन पेयजल, राशन, आवास, पेंशन, मनरेगा, स्वच्छता एवं अन्य बुनियादी सेवाओं से संबंधित शिकायतें सीधे ऐप पर दर्ज कर सकेंगे। दर्ज शिकायतें रीयल-टाइम में संबंधित पंचायत एवं विभाग तक पहुँचेंगी, जिससे त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई संभव हो सकेगी।

**पारदर्शिता और जवाबदेही का सशक्त मॉडल**

पंचायत मित्र ऐप की प्रमुख विशेषता इसकी शिकायत ट्रैकिंग प्रणाली है। शिकायतकर्ता अपनी समस्या की स्थिति-लंबित, प्रक्रियाधीन अथवा निस्तारित-को ऐप के माध्यम से स्वयं देख सकेगा। इससे पारदर्शिता बढ़ेगी तथा समयबद्ध समाधान हेतु जवाबदेही सुनिश्चित होगी।

**प्रोजेक्ट 'प्राण' को मिला डिजिटल आधार**

प्रोजेक्ट 'प्राण' का उद्देश्य प्रशासन को अधिक संवेदनशील, सक्रिय एवं जन-केन्द्रित बनाना है। पंचायत मित्र ऐप इसी सोच का डिजिटल विस्तार है, जहाँ तकनीक को जनसेवा का माध्यम बनाकर शासन को ग्राम स्तर तक पहुँचाया गया है।

**पंचायत प्रतिनिधियों के लिए सशक्त उपकरण**

यह ऐप पंचायत प्रतिनिधियों के लिए भी एक प्रभावी एवं उपयोगी उपकरण सिद्ध होगा। इससे उन्हें अपने क्षेत्र की समस्याओं की स्पष्ट जानकारी, प्राथमिकताओं का निर्धारण तथा जनता के प्रति जवाबदेही को और अधिक मजबूत करने में सहायता मिलेगी। पंचायतें अब केवल प्रशासनिक इकाई नहीं, बल्कि समाधान के केंद्र के रूप में उभरेंगी। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि पंचायत मित्र ऐप ग्रामीणों और प्रशासन के बीच की दूरी को समाप्त करेगा। यह ऐप शिकायत निवारण की प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी एवं समयबद्ध बनाएगा, जिससे आमजन को त्वरित राहत मिलेगी। डिजिटल माध्यम से ग्राम स्तर की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है और पंचायत मित्र ऐप इसी दिशा में एक सशक्त पहल है। इस पहल से ग्रामीणों में यह विश्वास और अधिक मजबूत होगा कि उनकी आवाज सुनी जा रही है तथा समस्याओं का समाधान समय पर हो रहा है। यह पहल सुशासन की दिशा में एक ठोस एवं अनुकरणीय कदम है, जो अन्य जिलों के लिए भी मॉडल बन सकती है। 'पंचायत मित्र' ऐप केवल एक तकनीकी नवाचार नहीं, बल्कि ग्रामीण शासन व्यवस्था में समाधान की संस्कृति स्थापित करने की दिशा में एक निर्णायक प्रयास है।


## संक्षिप्त खबरें

### मारवाड़ी समाज ने पौष मास एकादशी के अवसर पर निशान यात्रा निकाला



**साहिबगंज:** पौष मास के एकादशी के अवसर पर मंगलवार को मारवाड़ी समाज ने खाटू वाले श्याम की निशान यात्रा निकाली। खाटू वाले श्याम बाबा की निशान यात्रा चौक बाजार स्थित ठाकुरबारी से निकाली गई जिसमें दर्जनों मारवाड़ी समाज की महिला व पुरुष शामिल हुए। निशान यात्रा के दौरान खाटू श्याम के जयकारे से पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। खाटू वाले श्याम मंदिर के पुरोहित के नेतृत्व में निकाली गई निशान यात्रा में संगीता गुप्ता, सरिता पोद्दार, बबीता अग्रवाल, कविता शर्मा, रानी गुप्ता, ललिता डोकानिया, रूबी तंबाकूवाला, अनुसूया देवी, रेणु देवी, मनीषा नर्सरिया, अजय पारीक, मनु तंबाकूवाला, नवीन तंबाकूवाला, नानू तंबाकूवाला, रंजन पटवारी, राजेंद्र सोनी, विशाल डोकानिया, श्वेता पारीक, प्रीति कनौजिया, रश्मि चोखानी, शिल्पा खंडेलवाल सहित दर्जनों अन्य महिला शामिल थीं।

### सदर अस्पताल में शिशु रोग विशेषज्ञ 12 बजे तक नदारत, मरीजों की लंबी कतार



**साहिबगंज:** सदर अस्पताल साहिबगंज की व्यवस्था लाख कवायद के बाद भी नहीं सुधर रही है। डॉक्टर, स्वास्थ्य कर्मी, अक्सर ड्यूटी पर लेट से आते हैं। मंगलवार 30 दिसंबर 2025 को भी 12:00 बजे तक सदर अस्पताल में शिशु रोग विशेषज्ञ नहीं पहुंचे थे। जबकि उस समय तक उनके चेंबर के बाहर कई लोग अपने-अपने बच्चों को डॉक्टर से दिखाने का इंतजार कर रहे थे। शिशु रोग विशेषज्ञ के चेंबर के बाहर मरीजों की लंबी कतार लगी थी। इसके बाद शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर करीब 12:30 बजे अस्पताल पहुंचे। डॉक्टर अगर ईमानदारी से अपना दायित्व का निर्वाह नहीं करेंगे तो गरीब तपके के लोग अपने बच्चों का इलाज कहां करवाएंगे। गरीब तपके के लोग को इतना पैसा नहीं है कि निजी अस्पताल में अपने बच्चों का इलाज करवा सके। राज्य सरकार तो व्यवस्था मुहैया कराती है लेकिन जिनका जिनका काम है वह इमानदारी पूर्वक नहीं करते हैं और फिर लोग राज्य सरकार को ही दोष देते की व्यवस्था ठीक नहीं है। डॉक्टर का लेट से आना यह गंभीर बातें हैं क्योंकि...?? अगर किसी बच्चे का स्वास्थ्य गंभीर है और समय पर इलाज नहीं हुआ तो उसकी मृत्यु भी हो सकता है। कुछ लापरवाह डॉक्टर और स्वास्थ्य कर्मी के कारण, जो इमानदारी पूर्वक डॉक्टर और स्वास्थ्य कर्मी काम करते हैं, वह भी उनके कारण बदनाम होते हैं।

### 9वीं फेडरेशन कप नेशनल वूशु चैंपियनशिप में कोमोला कुमारी ने जीता कांस्य पदक



**साहिबगंज:** वूशु फेडरेशन ऑफ इंडिया एवं छत्तीसगढ़ वूशु संघ, द्वारा राजनंदगांव में 24 से 30 दिसंबर तक संपन्न 9वीं फेडरेशन कप नेशनल वूशु चैंपियनशिप में झारखंड राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए जिला वूशु संघ,साहेबगंज के सचिव सह प्रशिक्षक मृतुन्जय राय के नेतृत्व में अथक परिश्रम से कोमोला कुमारी ने तावलू स्पर्धा में कांस्य पदक जीत जिले एवं राज्य का नाम रौशन किया। कोमोला कुमारी की ऐतिहासिक उपलब्धि पर डीसी हेमंत सती, उविकास आयुक्त सतीश चंद्रा, अपर समाहर्ता गौतम कुमार भगत, जिला खेल पदाधिकारी कुमार हर्ष, जे.ओ. ए. सदस्य राजेश यादव, जिला ओलंपिक सचिव माधव चंद्र घोष, उपाध्यक्ष कल्याण श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष संतोष उर्फ टिंकू, वूशु संघ के अध्यक्ष संतोष स्वर्णकार, कोषाध्यक्ष पिंकू महतो, एथलेटिक्स कोच योगेश यादव, अशोक कुमार, शिक्षक अभिनव कुमार, खेल शिक्षिका जूली मुर्मू समेत जिले के खेल प्रेमियों ने बधाई दी।

### मारपीट को लेकर तीनपहाड़ थाना में केस दर्ज

**साहिबगंज:** तीनपहाड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत जोंका गांव में आपसी विवाद के मारपीट में एक व्यक्ति घायल हो गया। इसको लेकर जोंका गांव निवासी सलमा बीबी ने गांव के ही रहीम शेख, इमाम शेख, चांदनी बीबी, आनु शेख, यासमीला बीबी, मुस्तकीम शेख ने गाली गलौज करते हुए आये पीड़िता और उसके पति इमामुल शेख को मारपीट कर उसके पति को घायल करने का आरोप लगाई है। वहीं इसको लेकर इसकी शिकायत तीनपहाड़ थाना में किया गया। इस मामले को लेकर तीनपहाड़ थाना में कांड संख्या 171/ 25 दर्ज किया गया। इस संदर्भ में थाना प्रभारी मृत्युंजय कुमार पांडे ने कहा कि मारपीट का आवेदन मिला है मामले में केस दर्ज कर लिया गया है और मामले की छानबीन किया जा रहा है।

### पुराने सदर अस्पताल में लगा आयुष्मान आरोग्यम शिविर का हुआ आयोजन

**साहिबगंज:** स्थानीय पुराने सदर अस्पताल परिसर में मंगलवार को सदर सीएचसी की ओर से आयुष्मान आरोग्यम शिविर का आयोजन कर लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई। शिविर के दौरान मानसिक रोगियों, बीपी व शुगर मरीज आदि की जांच करते हुए जरूरी दवा आदि दिया गया। मौके पर कइयों का रक्त जांच भी कराया गया। शिविर के दौरान करीब 120 लोगों का स्वास्थ्य जांच किया गया। शिविर को लेकर सदर सीएचसी के चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर महमूद आलम ने बताया कि विभाग के निर्देश पर समय-समय पर इस प्रकार का शिविर लगाकर लोगों की स्वास्थ्य जांच की जाती है। शिविर में विभिन्न प्रकार के रक्त जांच कर डॉक्टरों की सलाह के अनुसार दवाइयां दी जाती है। शिविर का अधिकाधिक लाभ लोगों को मिले इसका पूरा प्रयास होता है। मौके पर शिविर में डॉ. राजेश के अलावा बीपीएम मनोज यादव, बीडीएम मो. शादाब आलम, बीटीटी मुनीजी पांडे, एएनएम मीना सिंह, फार्मासिस्ट अनीता, दवा वितरक रतन कुमार, ललित सिंह, वरुण कुमार, सहित अन्य मौजूद थे।

### गर्मी से पहले होगी पानी की समुचित व्यवस्था : निताय सरकार

**साहिबगंज:** बरहरवा नगर पंचायत अंतर्गत वार्ड संख्या 03 में रेलवे फाटक के समीप रहने वाले स्थानीय लोगों ने पीने के पानी की गंभीर समस्या को लेकर कांग्रेस प्रखंड महासचिव निताय सरकार के समक्ष अपनी बात रखी। वार्डवासियों ने बताया कि हर वर्ष गर्मी के मौसम में पेयजल की भारी किल्लत का सामना करना पड़ता है। कई घरों में कुएं के पानी पर निर्भर रहना पड़ता है, लेकिन गर्मी में कुएं भी सूख जाते हैं, जिससे वर्षों से पानी की समस्या बनी हुई है। स्थानीय लोगों ने मांग की कि गर्मी शुरू होने से पहले बोरिंग सह पाइपलाइन की व्यवस्था की जाए, ताकि वार्डवासियों को पेयजल संकट से राहत मिल सके। वार्डवासियों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए प्रखंड महासचिव निताय सरकार ने त्वरित कार्रवाई करते हुए वार्डवासियों के साथ मिलकर नगर पंचायत के नाम आवेदन तैयार किया और बरहरवा नगर पंचायत पहुंचकर सीटी मैनेजर पुरुषोत्तम देव को आवेदन सौंपा। इस दौरान निताय सरकार ने गर्मी से पूर्व वार्ड में पानी की उत्तम व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग रखी। वहीं, सीटी मैनेजर पुरुषोत्तम देव ने आवेदन प्राप्त करते हुए शीघ्र ही आवश्यक व्यवस्था करने का आशवासन दिया।

# एयरोसिटी की तर्ज पर विकसित होगा पूर्णिया


## मंत्री दिलीप जायसवाल की अधिकारियों संग हाई लेवल मीटिंग, बोले- सीमांचल के विकास को मिलेगी रफ्तार






**पूर्णिया।** को एयरोसिटी की तर्ज पर विकसित किया जाएगा। यहां आईटी हब, बड़े होटल और इंटरनेशनल एयरपोर्ट को ध्यान में रखकर योजनाएं बनाई जाएंगी। पथ निर्माण और उद्योग मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल ने खुद ये बात कही है। सीमांचल समेत पूर्णिया के विकास को रफ्तार देने पथ निर्माण और उद्योग मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल ने सोमवार को हाई लेवल मीटिंग की है। बैठक महानंदा सभागार में हुई। इसमें अहम सड़क, पुल, फोरलेन और ओवरब्रिज से जुड़ी योजनाओं की प्रगति की गहन समीक्षा की। तय समय में काम पूरा करने के सख्त निर्देश दिए गए हैं। बैठक में डीएम अंशुल कुमार समेत जिले के सभी बड़े प्रशासनिक अधिकारी, विभागीय पदाधिकारी और प्रमंडल के अलग-अलग जिलों से आए कार्यपालक अभियंता शामिल रहे। बैठक में पथ निर्माण विभाग, पुल निर्माण निगम, बीएसआरडीसीएल, नेशनल हाईवे और एनएचएआई की योजनाओं की समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री की प्रगति यात्रा के दौरान घोषित योजनाओं की प्रगति भी देखी गई।जानकारी देते हुए मंत्री दिलीप जायसवाल ने बताया कि कुल मिलाकर अधिकतर काम संतोषजनक पाए गए, लेकिन जहां गति धीमी थी, वहां तेजी लाने के निर्देश दिए गए। समग्र विकास के लिए कुछ सड़कें बेहद अहम हैं। पूर्णिया-श्रीनगर सड़क, महोदिया-दुबैली पथ, खुश्कीबाग रेलवे ओवरब्रिज, जीवासपुर से बनमनखी रोड, हृदय नगर से बनमनखी सड़क और एयरपोर्ट को जोड़ने वाले नए फोरलेन के लिए जल्द से जल्द प्रस्ताव भेजने का निर्देश दिया गया है। इसके साथ ही इन सड़कों के चौड़ीकरण पर भी विशेष जोर है। रेलवे स्टेशन को जोड़ने वाली मुख्य सड़क को लेकर मंत्री डॉ दिलीप जायसवाल ने कहा कि ये शहर की पहली तस्वीर है, इसलिए इसके चौड़ीकरण को प्राथमिकता दी जाए। मेडिकल कॉलेज पूर्णिया के बाहर रोजाना लगने वाली भीड़ और सड़क पार करने में लोगों को हो रही परेशानी को गंभीरता से लेते हुए मंत्री ने वहां दोनों ओर पैदल चलने के लिए पाथवे बनाने और ऊपर से ओवरब्रिज निर्माण का प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिया। डीएम और विधायकों से पूरे इलाके आकलन कर व्यावहारिक प्रस्ताव तैयार करने को कहा गया है। धमदाहा से बनमनखी तक 21 किलोमीटर की सड़क होगी डबल लेन समीक्षा के दौरान बताया गया कि धमदाहा से बनमनखी तक 21 किलोमीटर लंबी सड़क को सिंगल लेन से डबल लेन किया जा रहा है और यह कार्य प्रगति पर है।धमदाहा-बिशनपुर-बनभाग स्टेट हाईवे-65 को 7 मीटर से बढ़ाकर 10 मीटर करने का काम भी चल रहा है। परोरा बायपास के भुतहा मोड़ पर ओवरब्रिज के साथ सड़क निर्माण की प्रक्रिया आगे बढ़ रही है। अभयपुर घाट और कानकी में 1180 मीटर लंबा पुल बनाया जा रहा है। वहीं बायसी-बहादुरगंज-दिघलबैंक सड़क का करीब 76 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। मंत्री ने सभी कार्यों को तय समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए।नेशनल हाईवे और एक्सप्रेस-वे की स्थिति की भी बैठक में विस्तार से समीक्षा हुई। पटना-पूर्णिया एक्सप्रेस-वे और गोरखपुर-सिलीगुड़ी एक्सप्रेस-वे के लिए भूमि अधिग्रहण का काम चल रहा है। किशनगंज से बहादुरगंज तक 23 किलोमीटर ग्रीनफील्ड फोरलेन हाईवे प्रस्तावित है, जिसे आगे बढ़ाया जा रहा है। खगड़िया से पूर्णिया तक एनएच-31 को फोरलेन बनाने का प्रस्ताव भी विचाराधीन है। मंत्री ने इन सभी परियोजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाने को कहा। मेंटेनेंस को लेकर मंत्री का रुख बेहद सख्त रहा। उन्होंने कहा कि सड़क पर गड्ढे मिलना सीधे तौर पर ठेकेदार की लापरवाही है। ऐसे मामलों में कार्यपालक अभियंता जांच कर रिपोर्ट देंगे। दोषी पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मंत्री ने यह भी निर्देश दिया कि जहां सड़क दुर्घटनाएं ज्यादा होती हैं, वहां तुरंत वैकल्पिक और सुरक्षा व्यवस्था की जाए, ताकि हादसों में कमी लाई जा सके। खुश्कीबाग का पुराना ओवरब्रिज जर्जर हो चुका है और यातायात का दबाव भी लगातार बढ़ रहा है। इसे देखते हुए डीएम और विधायकों ने वहीं नया फोरलेन ओवरब्रिज बनाने का प्रस्ताव रखा। मंत्री ने इसे गंभीरता से लेते हुए इसी बजट में नया फोरलेन ओवरब्रिज बनाने का प्रस्ताव समर्पित करने का निर्देश दिया। बैठक में एयरपोर्ट तक बेहतर कनेक्टिविटी पर भी खास चर्चा हुई। मंत्री ने एयरपोर्ट तक नया फोरलेन सड़क निर्माण का प्रस्ताव जल्द भेजने को कहा।

# आरजेडी के साथ गठबंधन का कोई लाभ नहीं



**पटना।** बिहार चुनाव में हार के बाद कांग्रेस ने खुलकर पहली बार गठबंधन को लेकर बयान दिया है। पार्टी के सीनियर नेता और पूर्व विधायक शकील अहमद खान ने राजद के साथ गठबंधन का कोई लाभ नहीं है। जब बिहार के लीडरशिप दिल्ली गए थे, तब यह बातें कही गई थी। बिहार कांग्रेस के बड़े नेता ने कहा कि जिस काम में लाभ नहीं उसे छोड़ देना चाहिए। राष्ट्रीय जनता दल के साथ हमारा गठबंधन रहा है, लेकिन उसमें अब हमें कोई लाभ नहीं है। चुनाव में हार का वह हमें ही दोषी मान रहे हैं। वे अभी भी कह रहे हैं कि कांग्रेस पार्टी की वजह से हार गए हैं। यह गलत बात है। जब हम लोग मिलकर साथ लड़े हैं तो मिलकर ही हमें हार की भी जिम्मेदारी उठानी चाहिए। 1990 वाला दम वापस लाना होगा शकील अहमद खान ने आगे कहा कि जितने भी वरिष्ठ नेता हैं और जितने लोगों ने भी चुनाव लड़ा है, उन्होंने कहा है कि हम लोगों का जो वोट परसेंटेज है। समाज और वर्ग का वोट हमें राजद के साथ रहने में नहीं मिल पाता है। यह सारी बातें कांग्रेस के लीडरशिप को भी कही गई है। मगर अब कहने से कुछ नहीं होगा। बिहार में हमें एक मजबूत संगठन खड़ा करना होगा। जनता को राहत देने वाले काम करने पड़ेंगे। बिहार सरकार के एंटी पीपल पॉलिसी के खिलाफ जन आंदोलन पर जाना पड़ेगा। आंदोलन और संघर्ष के गर्भ से ही पार्टी मजबूत होगी। कांग्रेस को 1990 वाला दम वापस लाना होगा। दिल्ली में शीर्ष नेतृत्व के स्तर पर गंभीर मंथन कांग्रेस नेता ने कहा कि महागठबंधन का हिस्सा रहते हुए कांग्रेस लगातार अपना राजनीतिक स्पेस खोती जा रही है। सीट बंटवारे से लेकर चुनावी रणनीति तक कांग्रेस की भूमिका सीमित कर दी गई। इसका नतीजा यह रहा कि न पार्टी की सीटें बढ़ीं, न ही वोट प्रतिशत में ठोस इजाफा हुआ। हालिया विधानसभा चुनाव के बाद दिल्ली में शीर्ष नेतृत्व के स्तर पर गंभीर मंथन हुआ।पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी समेत वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में बिहार के सभी 60 कांग्रेस प्रत्याशियों और वरिष्ठ नेताओं की राय ली गई। समीक्षा में यह निष्कर्ष सामने आया कि जिस गठबंधन से पार्टी को राजनीतिक बढ़त नहीं मिल रही, उसके साथ बने रहना आत्मघाती होगा।

# नेपाल में न्यू ईयर पर ग्रुप सेक्स का पैकेज



**पटना।** एक पैग के लिए 25 हजार देने होंगे। 30 हजार में पहाड़ी लड़की मिल जाएगी। दोस्तों के साथ आइए और न्यू ईयर पर ग्रुप सेक्स इंजॉय कीजिए। 20 साल पुरानी दारु और लड़की इस ठंड में भी पसीना छुड़ा देगी। ग्रुप सेक्स का पैकेज महंगा होगा, लेकिन यादगार पार्टी हो जाएगी। भारतीय बुकिंग से नेपाल के 70% होटल फुल हैं। लास्ट टाइम में तो यह पैकेज और बढ़ जाता है फिर कितना भी जुगाड़ हो इंजॉय नहीं कर पाइएगा..।' यह दावा नेपाल में भारतीय पर्यटकों के लिए न्यू ईयर की डर्टी पार्टी अरेंज कराने वाले एजेंट्स कर रहे हैं। बिहार में शराबबंदी और यूपी में योगी की सख्ती से भारतीय नेपाल में इंजॉय के इंतजाम कर रहे हैं। एजेंट और ग्राहक बनकर नेपाल पहुंची भास्कर की इन्वेस्टिगेशन टीम को नए साल पर ग्रुप सेक्स का ऑफर दिया गया।इन्वेस्टिगेशन टीम को न्यू ईयर पर नेपाल में होटल और लड़कियों की डिमांड का इनपुट मिला। शुरूआती पड़ताल में पता चला कि बिहार में शराबबंदी और यूपी में योगी की सख्ती के कारण नेपाल के 70% होटल न्यू ईयर पार्टी के लिए 15 दिसंबर तक फुल हो गए हैं। कई होटल मालिकों ने तो 31 दिसंबर और 1 जनवरी को नो रूम का बोर्ड लगा दिया है। यह बात भी सामने आई कि नेपाल के होटलों में भारतीय पर्यटकों की डिमांड को देखते हुए इस बार इंजॉय के लिए विशेष इंतजाम किए हैं। नए साल पर पुरानी शराब और पहाड़ी लड़कियों की अधिक डिमांड है। भारतीय पर्यटक नेपाल को सुरक्षित मानते हैं, क्योंकि वहां होटल में भी कोई जांच नहीं होती है। पर्यटकों को अपने हिसाब से फुल इंजॉय करने की पूरी आजादी होती है।न्यू ईयर पार्टी के लिए 31 दिसंबर और 1 जनवरी को रक्सौल बॉर्डर से लेकर नेपाल के हेटौडा तक लगभग 100 किलोमीटर के दायरे में छोटे-बड़े लगभग 250 होटल, गेस्ट हाउस हैं। इसमें न्यू ईयर पार्टी के लिए लगभग 70% फुल हैं। कई में नो रूम का बोर्ड लग गया है। सिर्फ होटल ही नहीं, न्यू ईयर सेलिब्रेशन के लिए यहां पहले से ही लड़कियों और मनपसंद ब्रांड की शराब की बुकिंग हो गई है। 15 हजार से लेकर 1.34 लाख रुपए तक की महंगी शराब की पहले से ही बुकिंग कराई जा रही है, जबकि लड़कियों की बुकिंग 12 हजार से लेकर 35 हजार रुपए प्रति नाइट के हिसाब से हो रही है। यहां यूपी और बिहार के रहने वाले कारोबारी और युवाओं ने ज्यादा बुकिंग करवाई है। बुकिंग के लिए बॉर्डर एरिया में इंजॉय ऑफर के साथ एजेंट भी एक्टिव हैं, जो नेपाल में बैठे नेटवर्क तक ग्राहकों को पहुंचाने का काम कर रहे हैं।विक्की ने दावे के साथ कहा यहां शराब और लड़की से ही न्यू ईयर पार्टी होती है। पैसा खर्च कीजिए जो चाहिए जैसा चाहिए सब मिल जाएगा। नए साल में भारत से आने वालों के लिए इस बार सब तरह की व्यवस्था है। ग्रुप सेक्स के लिए भी लड़कियों की व्यवस्था हो जाएगी।संजय लामा से हेटौडा के रहने वाले एजेंट सुरेश के बारे में जानकारी मिली। सुरेश लड़कियों की बड़े पैमाने पर डीलिंग करता है। सुरेश ने बताया कि नए साल पर 31 दिसंबर की रात के लिए नेपाल में होटल, शराब और लड़की की काफी डिमांड है। एजेंट सुरेश एडवांस बुकिंग और लड़कियों की बुकिंग फुल होने से रिपोर्टर को बहुत इंटरटेन नहीं कर रहा था। वह बार-बार बस यही कह रहा था कि भारत में सख्ती के कारण नेपाल में यही समय कमाई का है।

# अनंत के काफिले पर हमले के 3 आरोपी गिरफ्तार



**पटना।** विधानसभा चुनाव के दौरान मोकामा के टाल क्षेत्र में प्रचार के अंतिम दौर में हुई राजनीतिक हिंसा और पथराव के मामले में भदौर पुलिस ने दो माह बाद बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने 30 अक्टूबर को अनंत सिंह के काफिले पर हुए जानलेवा हमले से जुड़े मामले (भदौर थाना कांड संख्या 111/25) में फरार चल रहे तीन नामजद अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार अभियुक्तों में घोसवरी थाना क्षेत्र के चकदह गांव निवासी लखन महतो भदौर थाना क्षेत्र के पोखरपर गांव निवासी अजय महतो और हरिहरपुर निवासी राम ईश्वर महतो हैं। विदित हो कि 30 अक्टूबर, 2025 को चुनाव प्रचार के दौरान तारतर गांव के पास अस्ताबाद खंदा में जदयू और जन सुराज के समर्थकों के बीच खूनी भिड़ंत हुई थी। जिसमें मोकामा के तारतर निवासी दुलारचंद यादव की हत्या हो गई थी। इसके बाद चुनाव से महज तीन चार दिन पहले अनंत सिंह की गिरफ्तारी भी पटना पुलिस ने किया था। अनंत सिंह फिलहाल जेल में बंद हैं। इस संबंध में हरनौत निवासी जितेंद्र कुमार और दूसरे पक्ष से नीरज के बयान पर केस दर्ज किया गया था। जितेंद्र ने अपनी प्राथमिकी में बताया था कि वह जब जदयू प्रत्याशी अनंत सिंह के साथ प्रचार कर लौट रहा था, तभी जन सुराज प्रत्याशी पीयूष प्रियदर्शी के समर्थकों ने लाठी-डंडे, लोहे की रॉड और हथियारों से लैस होकर उनके काफिले पर हमला कर दिया था।

# 2 फीट फाउंडेशन पर खड़ा था रोपवे पिलर,ट्रायल में उखड़ा

## रोहतास में लोग बोले- खाली केबिन का भार भी नहीं सह पाया, कॉन्ट्रैक्टर ब्लैकलिस्ट होंगे





**पटना।** ये तो गिरना ही था। पिलर 2 फीट के फाउंडेशन पर खड़ा था। ट्रायल के दौरान जैसे ही लोड बढ़ा और झटका लगा, मंदिर के नजदीक वाले पिलर के साथ ग्राउंड का पिलर भी जड़ से उखड़ गया। शुक्र है कि ट्रॉली में कोई नहीं बैठा था। हादसे के समय कोई नजदीक नहीं था। यह कहना है हादसा होते अपनी आंखों से देखने वाले मुकेश सिंह का। वह रोहतास के चौरासन मंदिर समिति के सदस्य हैं। चौरासन मंदिर के पास रोपवे निर्माण को लेकर स्थानीय लोगों में उत्साह था। उन्हें उम्मीद थी कि इससे पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। लोग दूर-दूर से आएंगे। रोपवे परियोजना का आखिरी ट्रायल चल रहा था। नए साल के मौके पर 1 जनवरी से इसकी शुरूआत होनी थी। हादसे से स्थानीय लोगों की उम्मीदों पर पानी फिर गया है। पहाड़ की चोटी पर भगवान शिव का चौरासन मंदिर है। 84 सीढ़ी चढ़कर भक्त मंदिर पहुंचते हैं। यहां दूर-दूर से श्रद्धालु आते हैं। सावन माह में रोज हजारों लोग इस मंदिर में पूजा करते हैं। दक्षिण भारत से भी श्रद्धालु आते हैं। हादसे को समझने के लिए हम मंदिर पहुंचे। वहां सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद थे। सभी सीढ़ी से चढ़कर मंदिर जा रहे थे। हमने स्थानीय लोगों से बात की। स्थानीय संतोष कुमार ने कहा, 'रोपवे 5 पिलर पर टिका था। शुक्रवार को ट्रायल के दौरान रोपवे के तार आपस में फंस गए। इस वजह से दो पिलरों को जोरदार झटका लगा। पिलर पर मशीन का प्रेशर बढ़ता जा रहा था, जिसके चलते दोनों पिलर जड़ से उखड़ गए। रोपवे टूटने से स्थानीय लोग काफी गुस्से में हैं। लोगों को उम्मीद थी कि रोपवे बन जाने से बाहर से पर्यटक आएंगे। टूरिज्म को बढ़ावा मिलेगा। इससे स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा, लेकिन हादसे के बाद स्थानीय लोगों में निराशा है।' मंत्री दिलीप जायसवाल ने रोप-वे हादसे पर कहा, 'लोड देकर ट्रायल रन करवाया जा रहा था। लौटते वक्त रोप वायर स्लिप कर गया। क्क्ळ पटना के इंजीनियर से जांच करवा रहे हैं।' 'शुरूआती जांच में हमने पाया कि संवेदक के कर्मी टर्मिनल पॉइंट पर नहीं थे। हम कॉन्ट्रैक्टर को ब्लैक लिस्ट करेंगे। 2 इंजीनियर पर भी कार्रवाई होगी।' 'लोड डिस्ट्रीब्यूशन में क्या कमी रह गई है, इसे देखने के लिए IIT पटना के इंजीनियर को कहा गया है।' रोहतास में टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए चौरासन मंदिर के पास 5 पिलर का रोपवे बनाया जा रहा था। इसका निर्माण BSBCCL (बिहार स्टेट ब्रिज कंस्ट्रक्शन कॉर्पोरेशन लिमिटेड) के तहत कराया जा रहा था। रोपवे बनाने का ठेका RRPL (रोपवे एंड रिसोर्स प्राइवेट लिमिटेड) कंपनी को मिला था। DPR बनने के बाद फरवरी 2020 में निर्माण शुरू हुआ। इसे 14 महीने में तैयार करने का लक्ष्य था, लेकिन समय पर काम पूरा नहीं हो सका। रोपवे बनाने में 6 साल लग गए। रोपवे बनाने की लागत 13.65 करोड़ है। इसकी लंबाई 1324 मीटर है। इसमें 5 पिलर और 12 ट्रॉली केबिन हैं। हर केबिन में 4 लोग बैठ सकते हैं। इसे 1 जनवरी 2026 को शुरू करने का लक्ष्य था। चौरासन मंदिर में हर रोज करीब 10 हजार से अधिक श्रद्धालु आते हैं। रोहतासगढ़ किला जाने का रास्ता मंदिर से जुड़ा है। किले पर घूमने वाले लोग मंदिर होते हुए जाते हैं। हमने निर्माण कंपनी के कर्मचारियों और अधिकारियों को ढूंढने की कोशिश की, लेकिन निर्माण कंपनी के ऑफिस में ताला लगा था। उसके अधिकारी गायब थे। वहां न कोई कर्मचारी था और न मजदूर। हमने उनके अधिकारियों से फोन पर बात करने की कोशिश की, लेकिन किसी से बात नहीं हुई। जमीन के नीचे 2 फीट गहराई तक था पिलर का बेस इसके बाद हम वहां पहुंचे, जहां से पूरा रोपवे ऑपरेट होने वाला था। वहां इलेक्ट्रिक मोटर लगे थे, जिससे रोपवे चलाया जाना था। वहीं, पास में लैंडिंग पिलर (ग्राउंड का पहला पिलर) गिरा पड़ा था। हम जब पिलर के पास पहुंचे तो देखा कि पिलर के फाउंडेशन का हिस्सा (जो जमीन में था) पूरी तरह उखड़ गया था। साफ-साफ दिख रहा था कि पिलर का बेस लगभग 2 फीट ही जमीन में गाड़ा गया था। उसे सीमेंट-बालू से जाम कर दिया गया था। जब हम सबसे ऊपर मंदिर के पास पहुंचे तो वहां भी पिलर की वही हालत थी। हमने हादसे के वक्त मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों से बात की। एक ने बताया, 'रोपवे के ट्रायल के दौरान वायर फंस गया था। सिर्फ 4 खाली केबिन के साथ ही ट्रायल हो रहा था। उसे ग्राउंड से ऊपर मंदिर के तरफ भेजा जा रहा था। जैसे ही मशीन से लोड बढ़ा पहले ग्राउंड का पिलर नंबर 5 फिर मंदिर के पास का पिलर उखड़ गया। मंदिर में हमारी मुलाकात चौरासन मंदिर समिति के सदस्य मुकेश सिंह से हुई। मुकेश ने बताया, 'हमारी मांग के बाद यहां रोपवे निर्माण शुरू हुआ, लेकिन काफी खराब क्वालिटी का मटेरियल यूज किया गया था।' उन्होंने कहा, 'हमने उसी समय इसका विरोध किया। इसको लेकर पर्यटन विभाग से शिकायत की थी। इसके बाद यहां पर्यटन विभाग के सचिव पहुंचे थे। उन्हें खराब क्वालिटी के मटेरियल के प्रूफ भी दिए। इसके बाद भी मनमाने तरीके से इसका निर्माण होता रहा। हमने स्थानीय लोगों के सहयोग और चंदे से मंदिर में पानी की व्यवस्था, नहाने और कपड़े बदलने की व्यवस्था की है। शौचालय का भी निर्माण करवा रहे हैं।' मुकेश सिंह ने कहा, 'अभी तक सरकार की तरफ से कोई सहयोग नहीं मिला है।

## संक्षिप्त डायरी

### पार्टी-कार्यकताओं की इच्छा है कि निशांत राजनीति में आएं



**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार को राजनीति में लाने के सवाल पर बिहार सरकार के मंत्री श्रवण कुमार ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि पार्टी और कार्यकताओं की इच्छा है कि निशांत जल्द से जल्द राजनीति में आएं। हालांकि यह फैसला पूरी तरह से निशांत और मुख्यमंत्री को ही करना है। परिवार और पार्टी दोनों स्तर पर इस विषय पर सकारात्मक माहौल है, लेकिन अंतिम निर्णय व्यक्तिगत होगा।महागठबंधन को लेकर कांग्रेस नेताओं की नाराजगी पर श्रवण कुमार ने कहा कि बिहार में राजद और कांग्रेस का गठबंधन स्वार्थ के लिए किया गया था। इससे पहले भी यह बात कही जा चुकी है। जब गठबंधन स्वार्थ और लालच के आधार पर किया जाता है, तो फिर ऐसे ही परिणाम सामने आते हैं। गठबंधन का उद्देश्य अगर केवल राजनीतिक फायदा हो, तो संगठनात्मक मजबूती नहीं मिलती। डिप्टी सीएम विवाद पर कांग्रेस को घेरा कांग्रेस नेताओं का आरोप मुकेश सहनी के कारण चुनाव में नुकसान हुआ, क्योंकि पहले ही डिप्टी सीएम की घोषणा कर दी गई थी। इस पर श्रवण कुमार ने कहा कि जब यह घोषणाएं हो रही थी, गठबंधन बन रहा था और नीतियां तय हो रही थी। तब कांग्रेस के नेता भी उसी मंच पर मौजूद थे। अब हार के बाद आरोप लगाना उचित नहीं है। स्वार्थ के चक्कर में गठबंधन करने वालों को ऐसी परिस्थितियों का सामना करना ही पड़ता है। बीते दिन कांग्रेस नेता शकील अहमद खान ने कहा था कि बिहार में महागठबंधन अब केवल औपचारिक रह गया है। कांग्रेस को इससे न चुनावी लाभ मिल रहा है और न ही संगठन को मजबूती। तेजस्वी यादव पर भी साधा निशाना तेजस्वी यादव के बिहार से बाहर पर श्रवण कुमार ने तंज कसते हुए कहा कि वो तो गायब रहेंगे ही। जो नेता पहले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सेहत पर सवाल उठाते थे, आज वही देख रहे हैं कि नीतीश कुमार लगातार जिलों में जाकर निरीक्षण कर रहे हैं। जबकि तेजस्वी यादव विदेश दौरे पर हैं। बयानबाजी केवल टीआरपी बढ़ाने के लिए की जाती है, लेकिन जनता सब देख रही है।

### पटना सिटी में स्कूटी से शराब की तस्करी



**पटना।** सिटी में मुगलपुरा टीओपी पुलिस ने सोमवार देर रात शराब तस्करी करते दो युवकों को गिरफ्तार किया है। स्कूटी से न्यू ईयर के जश्न के लिए भारी मात्रा में विदेशी शराब लेकर जा रहे थे। पुलिस ने बर्गना के पास से पकड़ा है। दोनों से पूछताछ की जा रही है। टीओपी प्रभारी चुन्नू कुमार ने बताया कि उच्च अधिकारियों के निर्देश पर लगातार अभियान चलाया जा रहा है। नए साल की तैयारी के लिए शराब तस्करी की सूचना मिली थी। इसके बाद एक टीम का गठन किया गया। गिरफ्तार युवकों की पहचान रॉकी कुमार(24) और विजय प्रभाकर(38) के तौर पर हुई है।पुलिस के अनुसार दोनों पटना सिटी के रहने वाले हैं और स्कूटी का इस्तेमाल कर शराब की तस्करी करते हैं। पूछताछ में सामने आया है कि उत्तर प्रदेश से ट्रेन के जरिए शराब पटना सिटी लाते थे। फिर स्कूटी की डिक्की में रखकर ग्राहकों तक पहुंचाते थे। पुलिस अब रैकेट में शामिल अन्य लोगों का पता लगाने में जुटी है। साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि ये दोनों कितने समय से शराब तस्करी कर रहे थे। किन-किन लोगों और कहा-कहां डिलीवरी करते थे। जल्द ही पूरे गिरोह का भंडाफोड़ किया जाएगा।

### बाढ़ एनटीपीसी में पॉइंटमैन की मौत



**पटना।** बाढ़ अनुमंडल के एनटीपीसी प्लांट में मालगाड़ी की चपेट में आने से पॉइंट मैन की मौत हो गई। गाड़ी साइड करवा रहे थे। इस दौरान पहिए के नीचे दब गए। मृतक पहचान चिंतामनचक निवासी इंद्रदेव चौहान (61) के तौर पर हुई है। रेलवे से रिटायर्ड थे और एनटीपीसी में काम करते थे। जानकारी के मुताबिक हादसे के बाद मौके पर मौजूद स्टाफ एनटीपीसी अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां से डॉक्टरों ने पटना रेफर कर दिया। लेकिन पटना पहुंचने से पहले रास्ते में दम तोड़ दिया। पुत्र संजीत चौहान ने बताया कि पिताजी सोमवार दोपहर 2 बजे ड्यूटी करने गए थे। हमलोगों को मिलने तक नहीं दिया गया। स्थानीय लोग घटना के बाद काफी आक्रोशित नजर आए। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।वहीं, इस संबंध में एनटीपीसी के पीआरओ विकाश धर द्विवेदी से संपर्क करने पर उन्होंने कहा की प्लांट में एक दुर्घटना हुई है। थानाध्यक्ष कुमार प्रजापति ने बताया की जख्मी व्यक्ति की मौत इलाज के दौरान पटना ले जाने के दौरान रास्ते में हो गई है। छानबीन की जा रही है।

### भागलपुर में कुख्यात अपराधी को ताबड़तोड़ मारी 4 गोलियां

**भागलपुर।** के घोघा इलाके में मंगलवार सुबह एक ईंट भट्ठा के मालिक ने एक कुख्यात अपराधी को ताबड़तोड़ चार गोलियां मार दी। हमले में घायल कुख्यात अपराधी को पहले मायागंज अस्पताल ले जाया गया, जिसके बाद उसकी हालत गंभीर देखते हुए पटना रेफर कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक, आरोपी के पिता से कुख्यात ने दो दिन पहले ही 2 लाख रुपए की रंगदारी मांगी थी। फिलहाल, घटना के बाद घोघा थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल में जुट गई। फिलहाल, फायरिंग का आरोपी फरार बताया जा रहा है, पुलिस उसकी तलाश में जुटी है।वारदात पन्नूचक गांव की बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक, घायल की पहचान 30 साल के टिभा मंडल के रूप में हुई है, जो इलाके का कुख्यात अपराधी है। माना जाता है कि टिभा मंडल नवगछिया इलाके में एक्टिव सुपारी किलर गैंग का सदस्य भी है। रंगदारी की रकम लेने पहुंचा था ईंट भट्ठा, तभी मारी गई गोली जानकारी के मुताबिक, टिभा मंडल मंगलवार सुबह करीब 11 बजे ईंट भट्ठा पर रंगदारी की रकम लेने पहुंचा था।



# बॉस हों पार्ट टाइमर तो ऐसे करें डील

**जॉब के दौरान कई परिस्थितियों से दो चार होना पड़ता है। ऐसा हो सकता है कि कंपनी पार्ट टाइम बॉस को नियुक्त कर दे। ऐसी स्थिति में टीम की जिम्मेदारी बढ़ जाती है। बॉस के साथ तालमेल बैठाकर उन्हें फैसले लेने होते हैं...**

जब आपके ऑफिस में पार्ट टाइम काम करने वाले बॉस हों और आप फुल टाइमर एम्प्लॉइ हों, तो स्थिति थोड़ी सी नाजुक हो जाती है। ऐसे में पूरी टीम को बॉस के साथ बराबर टच में रहना होता है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि टीम को फुल टाइमर बॉस की कमी महसूस होती है। टीम को कई मुद्दों पर बातचीत करने की जरूरत होती है। कई बार ऐसा होता है कि पार्ट टाइमर बॉस पूरा समय नहीं दे पाते हैं। आप अपनी कंपनी में ऐसी स्थिति का सामना कर रहे हैं, तो यहां पर दिए जाने वाले टिप्स कारगर साबित हो सकते हैं। आइए डालते हैं एक नजर –

### मानसिकता सही रखें

एक्सपर्ट कहते हैं कि एक पार्ट टाइमर बॉस किसी संस्था में काम करता है, तो वहां पर काम करने वाले लोगों के मन में यह भावना विकसित हो सकती है कि वह पावर का दुरुपयोग तो नहीं कर रहे हैं। बॉस का पद जिम्मेदारी भरा पद होता है और कंपनी बॉस पर भी नजर रखती है। याद रखें कि इसके लिए कंपनी हमेशा ही अपने स्तर पर सही व्यक्ति का चुनाव करती है। ऐसे में यह है कि टीम भी सही मानसिकता के साथ बॉस को सहयोग दे और अपना काम करे। वह कॉरपोरेट जगत के वैल्यू को समझे।

### कम्यूनिकेशन का होता है अहम रोल

जहां बॉस पार्ट टाइम काम करते हैं और उनके साथ काम करने वाले बाकी लोग फुल टाइम जॉब करते हैं, वहां पर कम्यूनिकेशन का रोल अहम हो जाता है। एक्सपर्ट मानते हैं कि ऐसी स्थिति में टीम को बॉस के साथ कम्यूनिकेशन लेवल हाई रखना पड़ता है। एक बार कम्यूनिकेशन करने का स्टाइल फिक्स हो जाता है, तो बाद में चीजों को बदल पाना आसान नहीं होता है। जब कम्यूनिकेशन सही रहेगा तो प्रॉब्लम का निपटारा भी पलक झपकते ही हो जाएगा। ऐसे में पार्ट टाइमर बॉस के संग भी टीम बेहतर रिजल्ट दे सकती है।

### फैसला लेने की कला सीखें

आप ऐसी जगह काम कर रहे हैं, जहां फुल टाइमर बॉस नहीं हैं, तो जरूरी है कि टीम का हर एक सदस्य खुद पर भरोसा दिखाए और फैसला लेने की कला सीखे। याद रखें कि जब बॉस फुल टाइमर नहीं होते हैं, तो सबसे ज्यादा दिक्कत फैसला लेने में ही होती है। वर्कप्लेस पर कई बार आपको पलक झपकते ही बड़े फैसले लेने होते हैं। दूसरा बड़ा मुद्दा यह होता है कि आप आज के कॉम्पिटिशन भरे माहौल में टीम में तेजी कैसे लाएं। जॉब एक्सपर्ट कहते हैं कि इससे निपटने के लिए कंपनियों को चाहिए कि वह फैसला लेने के अधिकार को बांट दे। इससे जहां टीम के सदस्यों में कॉन्फिडेंस पैदा होता है, वहीं समय के भीतर फैसला लेने से काम में तेजी भी आती है।

## ...तो आप भी हैं कामयाब लीडर

एक लीडर में अपनी बात को असरदार तरीके से दूसरों तक पहुंचाने का हुनर आना चाहिए। एक लीडर, अगर वह अपनी बात अपने साथ काम करने वालों को बेहतर तरीके से कम्यूनिकेट कर पाने में समर्थ है, तो इससे कामकाजी माहौल ऊर्जा से भर जाता है, लोग उत्साह से काम में जुटते हैं और उनकी रचनात्मकता काम में झलकने लगती है। एक दूरदर्शी सोच रखने वाला लीडर एक जुनूनी टीम बनाने में यकीन रखता है। यह टीम एक समान लक्ष्यों के लिए पूरे जोशोखरोश से काम करती है। अपना कारोबार फैलाती किसी भी कंपनी को एक मजबूत मैनेजमेंट के साथ–साथ ऐसी टीम की भी दरकार रहती है, जो साथ काम करने वाले लोगों के बीच आपसी एकता, यकीन और आदर की बुनियाद पर बनी हो। कामयाबी का राज है, कामकाज में साफ–सुथरापन। एक कामयाब लीडर इस बात की अहमियत जानता है और अच्छे कामकाज के लिए अपने एंप्लॉई के साथ एक बेहतर समझ विकसित करता है। इससे न सिर्फ कामकाज का बिना किसी रुकावट के निपटारा होता जाता है, बल्कि टीम के भीतर एक खुशनुमा कामकाजी माहौल भी बरकरार रहता है।



# इन बातों का ध्यान रखें तो कदम चूमेगी कामयाबी

**जब आप अपने लक्ष्य के प्रति स्पष्ट होते हैं, तो यह जान जाते हैं कि आप कौन हैं? आप क्या हैं? आपको क्या करना है और आप क्या चाहते हैं? अगर ये चीजें आपके दिमाग में साफ हैं, तो आपकी सफलता का पहला चरण सुनिश्चित हो जाता है।**

### बनें योग्य

कामयाब होने के लिए सबसे पहले यह जरूरी है कि आप खुद को योग्य बनाएं। क्योंकि आप तब तक ऊपर नहीं चढ़ सकते, जब तककि आप में योग्यता नहीं हो। इसलिए पहले खुद को योग्य बनाना जरूरी होता है। इसके लिए लगातार प्रयत्न करना पड़ेगा। याद रखें कि कोशिश करने वालों की कभी भी हार नहीं होती है।

### दबाव झेलने की क्षमता

जब जिम्मेदारी बढ़ेगी तो दबाव के साथ–साथ अवरोध भी उत्पन्न होगा। ऐसे में इस तरह की विपरीत परिस्थितियों को झेलने की क्षमता आपमें जरूर होनी चाहिए। वैसे जब आपको एवरेस्ट पर चढ़ाई करनी हो तो रास्ते में दिक्कतें तो आएंगी ही। दिक्कतों का सामना करने से ही सफलता का दरवाजा खुलता है।

### भरपूर एकाग्रता जरूरी

इसके बिना तो आप साइकल भी नहीं चला सकते। एकाग्रता एक ऐसी चीज है, जो हर जगह काम आती है। आप अपने काम में इसके द्वारा ही परफेक्शन लाते हैं। किसी भी काम को साधारण से असाधारण बनाने के लिए एकाग्रता की जरूरत होती है। इसके माध्यम से आप बड़े से बड़े लक्ष्य को भेद सकते हैं।

### रचनात्मकता भी जरूरी

एक प्रफेशनल की सफलता में उसकी रचनात्मकता का काफी अहम योगदान हो है। इसलिए इस ओर ध्यान देना जरूरी है।

### साहस बनाए रखें

कहते हैं रिस्क लेने के बाद ही आगे बढ़ने का रास्ता खुलता है। इसके लिए साहस सबसे जरूरी चीज है। किसी ने सही कहा है कि हिम्मत रखने वालों की कभी हार नहीं होती इसलिए जीतने के लिए साहस बहुत जरूरी है।






# हार्डवेयर फील्ड में खूब हैं जॉब, मस्त सैलरी

**आज शायद ही ऐसा कोई ऑफिस हो, जहां का कामकाज कंप्यूटर पर आधारित न हो। इसके अलावा, घर, स्कूल आदि जगहों पर भी सभी कामकाज कंप्यूटर पर ही किए जाते हैं। अगर ये सुचारू रूप से काम न करें, तो सारा कामकाज अचानक ठप हो सकता है। बैंकों और अन्य सरकारी कार्यालयों में नेटवर्क फेल होने की वजह से काम ठप रहने की खबरें आपने अक्सर पढ़ी होंगी, तब इस नेटवर्क को सही करने के लिए हार्डवेयर प्रफेशनल्स की ही मदद ली जाती है। नेटवर्किंग दरअसल कंप्यूटरों को आपस में जोड़कर ऐसा जाल बनाने का फील्ड है जिसमें कोई संस्थान काम कर सके। कुल मिलाकर, कंप्यूटर इंस्टॉलेशन से लेकर, इसकी मेंटेनेंस और रोजमर्रा के ऐडमिनिस्ट्रेशन तक का सारा जिम्मा कंप्यूटर सपोर्ट स्पेशलिस्ट्स यानी हार्डवेयर इंजिनियर्स के जिम्मे होता है।**


### कोर्स

हार्डवेयर इंजिनियर बनने के लिए मुख्य रूप से दो बेसिक कोर्स करने पड़ते हैं। पहला, हार्डवेयर और दूसरा बेसिक नेटवर्किंग। हार्डवेयर रिलेटिड कोर्स से कंप्यूटर पार्ट्स के बारे में तमाम तकनीकी जानकारी मिलती है। एक हार्डवेयर इंजिनियर या सिस्टम ऐडमिनिस्ट्रेटर बनने के लिए ये दोनों कोर्स करने बेहद जरूरी हैं। नेटवर्किंग में इससे आगे कोई एक्सपर्ट बनना हो, तो अपनी पसंद के हिसाब से कुछ और बेसिक कोर्स करने होंगे, जैसे - लैन (लोकल एरिया नेटवर्क) और वैन (वाइड एरिया नेटवर्क) से जुड़े कोर्स। नेटवर्किंग से जुड़े कोर्स कराने के लिए कई सरकारी और प्राइवेट संस्थान हैं, जिन्होंने इन कोर्सेज के लिए अपनी अलग पहचान बनाई है। नेटवर्किंग सीखने के लिए तीन तरीके हैं - पहला ऑनलाइन स्टडी मटीरियल की मदद से खुद पढ़ाई, दूसरा ऐसे इंस्टिट्यूट्स जो किसी प्रोग्राम से जुड़े नहीं है और तीसरा सर्टिफाइड प्रोग्राम।

### जॉब की कमी नहीं

एक्सपर्ट्स बताते हैं कि नेटवर्किंग में कोर्स करने के बाद कंप्यूटर सपोर्ट स्पेशलिस्ट, हेल्प डेस्क टेक्निशन, नेटवर्क या सिस्टम ऐडमिनिस्ट्रेटर, कंप्यूटर सिक्यॉरिटी





स्पेशलिस्ट के रूप में करियर बना सकते हैं। आज इन एक्सपर्ट्स की जरूरत लगभग हर संस्थान में होती है। फिर चाहे वह कंप्यूटर और डेटा प्रोसेसिंग यूनिट हों, बैंक या अन्य सरकारी कार्यालय, कोई इंडस्ट्री या और कोई छोटी–बड़ी फर्म। जहां भी कामकाज कंप्यूटर आधारित है, वहां इन तकनीकी विशेषज्ञों की जरूरत पड़ती है। सरकारें जिस तरह ई–गवर्नेंस पर जोर दे रही हैं, उससे यह फील्ड और भी हॉट बनता जा रहा है। इसके चलते स्टेट वाइड एरिया नेटवर्क और डाटा सेंटर जैसे कई नए फील्ड खुल रहे हैं। कहा जा सकता है कि जब तक कंप्यूटर पर काम होता रहेगा, इन विशेषज्ञों की जरूरत पड़ती रहेगी। ये किसी भी कंपनी के लिए नेटवर्क और कंप्यूटर सिस्टम की देखभाल से लेकर, एंप्लायीज और कस्टमर्स की तकनीकी जिज्ञासाओं को शांत करने तक का काम करते हैं। एंट्री लेवल पर आपकी जिम्मेदारी केवल नेटवर्क और कंप्यूटर मेंटेनेंस की हो सकती है, लेकिन अनुभव के साथ आपको किसी कंपनी के लिए इंट्रानेट आदि डिवेलप करने का जिम्मा भी दिया जा सकता है।

### मनी मैटर्स

बरसों से आईटी फील्ड में अच्छी–खासी सैलरी रही है। हार्डवेयर प्रफेशनल्स के लिए सॉफ्टवेयर प्रफेशनल्स की तरह मौकों की कोई कमी नहीं है। एंट्री लेवल पर आप 25 से 35,000 रुपये महीने की जॉब पा सकते हैं। अनुभव और समय के साथ इसमें बढ़ोतरी होगी।

# शेफाली वर्मा की आईसीसी टी20आई रैंकिंग में बड़ी छलांग, टॉप-6 में हुई एंट्री



**दुबई (एजेंसी)।** भारतीय स्टार बल्लेबाज शेफाली वर्मा को मंगलवार को आईसीसी द्वारा जारी नवीनतम महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजी रैंकिंग में महत्वपूर्ण बढ़ावा मिला है, क्योंकि वह छठे स्थान पर पहुंच गई हैं। श्रीलंका के खिलाफ घरेलू मैदान पर चल रही पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन के बाद, दाएं हाथ की इस बल्लेबाज ने महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजी रैंकिंग में चार पायदान ऊपर चढ़कर छठा स्थान हासिल किया है।

21 वर्षीय वर्मा श्रीलंका के खिलाफ पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में सबसे अधिक रन बनाने वाली खिलाड़ी हैं। चार मैचों में, भारतीय सलामी बल्लेबाज ने 118 के आश्चर्यजनक औसत से 236 रन बनाए हैं, जिसमें तीन अर्धशतक शामिल हैं। वर्मा इस टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में 200 रन का आंकड़ा पार करने वाली एकमात्र खिलाड़ी हैं। उनकी साथी खिलाड़ी और विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋचा घोष भी सात पायदान ऊपर चढ़कर अद्यतन सूची में संयुक्त रूप से 20वें स्थान पर पहुंच गईं। यह उपलब्धि उन्होंने तिरुवनंतपुरम में श्रीलंका के खिलाफ चौथे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में खेली गई नाबाद 40 रन की पारी के बाद हासिल की।

ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज बेथ मूनी 794 रेटिंग अंकों के साथ शीर्ष पर बनी हुई हैं। वेस्टइंडीज की हेले मैथ्यूज 774 रेटिंग अंकों के साथ उनके बाद दूसरे स्थान पर हैं। भारतीय सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना, जिन्होंने श्रीलंका के खिलाफ चौथे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान 10,000 अंतरराष्ट्रीय रन का आंकड़ा पार किया, 767 रेटिंग अंकों के साथ तीसरे स्थान पर हैं। आईसीसी महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय गेंदबाजी रैंकिंग में भारतीय तेज गेंदबाज रेणुका सिंह और स्पिनर श्री चरानी को सबसे ज्यादा फायदा हुआ है।

दाएं हाथ की तेज गेंदबाज रेणुका, जिन्होंने श्रीलंका के खिलाफ तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में चार विकेट लिए, आठ पायदान ऊपर चढ़कर गेंदबाजों की अद्यतन सूची में संयुक्त रूप से छठे स्थान पर पहुंच गईं। श्रीलंका के खिलाफ चल रही टी20 सीरीज में चार विकेट लेने वाली बाएं हाथ की स्पिनर चरानी गेंदबाजी रैंकिंग में 17 पायदान ऊपर चढ़कर 52वें स्थान पर पहुंच गई हैं। भारतीय ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा 738 की रेटिंग के साथ शीर्ष स्थान पर बरकरार हैं। इसके अलावा, अनुभवी ऑलराउंडर को महिला टी20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली गेंदबाज बनने के लिए श्रीलंका के खिलाफ आगामी पांचवें टी20 मैच में एक और विकेट की जरूरत है। फिलहाल, दीप्ति के नाम 151 विकेट हैं, जो ऑस्ट्रेलिया की मेगन शट के 151 विकेट के बराबर हैं।

# टेनिस जगत के नए 'बैटल ऑफ द सेक्सेस' में किर्गियोस ने सबालेंका को हराया



**दुबई (एजेंसी)।** निक किर्गियोस ने टेनिस में 'बैटल ऑफ द सेक्सेस' यानी दो अलग-अलग लिंग के खिलाड़ियों के बीच मुकाबले में महिला वर्ग में विश्व की नंबर एक खिलाड़ी एरिना सबालेंका को 6-3, 6-3 से हराया। यह एक प्रदर्शनी मैच था जिसे लैंगिक समानता के लिए एक और ऐतिहासिक क्षण के बजाय हल्के फुल्के मनोरंजन के लिए याद किया जाएगा।

दोनों खिलाड़ी आपस में हंसी ठिठोली कर रहे थे। इस दौरान कुछ अंडर आर्म सर्विस भी देखने को मिली। यहां तक कि दुबई के 17,000 सीटों वाले कोकाकोला एरीना में दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए टाइमआउट के दौरान सबालेंका का नृत्य भी देखने को मिला। इस मुकाबले के सबसे महंगे टिकट लगभग 800 डॉलर में बिके।

विंबलडन 2022 के उपविजेता किर्गियोस ने कलाई और घुटने की चोटों के कारण पिछले तीन वर्षों में केवल छह टूर-स्तरीय मैच खेले लेकिन वह कई बार अपनी क्षमता के अनुरूप खेलते हुए दिखाई दिए। उन्हें सबालेंका के कोर्ट के हिस्से के लगभग 10 प्रतिशत छोटे होने का नुकसान उठाना पड़ा लेकिन इसके बावजूद उन्होंने जीत दर्ज की। खिलाड़ियों को प्रत्येक प्वाइंट के लिए दो के बजाय केवल एक सर्विस करने का मौका दिया गया था। जब किर्गियोस ने अपने तीसरे मैच प्वाइंट पर जीत हासिल की तब तक वह पसीने से भीग चुके थे और दोनों खिलाड़ी नेट पर गले मिलते समय मुस्कुरा रहे थे। ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ी किर्गियोस ने मैच के बाद कहा, 'मैं शुरू में थोड़ा नर्वस था लेकिन मुझे लगता है कि यह टेनिस के खेल के लिए एक शानदार कदम है।'

सबालेंका ने कहा, 'यह मैच अगले सत्र के लिए अच्छी तैयारी है। मुझे इसमें बहुत मजा आया और मुझे लगता है कि अगली बार जब मैं उनके खिलाफ खेलूंगी तो मुझे उनकी रणनीति, उनकी ताकत और उनकी कमजोरियों के बारे में पता होगा और यह निश्चित रूप से एक बेहतर मुकाबला होगा।' तथाकथित 'बैटल ऑफ द सेक्सेस' नाम 1973 में बिली जीन किंग और बॉबी रिग्स के बीच हुए मैच से लिया गया था। किंग ने ह्यूस्टन एस्ट्रोडोम में खेले गए उस मुकाबले को सीधे सेटों में जीता था।

# पीसीबी ने अजहर महमूद से समय से पहले किया करार खत्म

**- पाकिस्तान टेस्ट टीम में बड़ा बदलाव**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने राष्ट्रीय टेस्ट टीम के मुख्य कोच अजहर महमूद से उनके अनुबंध की समाप्ति से तीन महीने पहले ही अलग होने का फैसला कर लिया है। पूर्व टेस्ट ऑलराउंडर अजहर महमूद का अनुबंध मार्च 2026 तक था, लेकिन बोर्ड ने उससे पहले ही यह अहम कदम उठा लिया। गौर करने वाली बात यह है कि पाकिस्तान की टेस्ट टीम अपना अगला मुकाबला भी मार्च 2026 में ही खेलने वाली है, ऐसे में पीसीबी का यह फैसला कई सवाल खड़े करता है।

पीसीबी से जुड़े एक विश्वसनीय सूत्र के अनुसार, बोर्ड भविष्य की रणनीति को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लेना चाहता है। सूत्र ने बताया कि अजहर महमूद का अनुबंध भले ही मार्च 2026 में खत्म होना था, लेकिन पाकिस्तान के आगामी टेस्ट दौरे भी उसी समय से शुरू होंगे। ऐसे में बोर्ड पहले से नए मुख्य कोच की तलाश शुरू कर देना चाहता है, ताकि आगे की तैयारियों में किसी तरह की जल्दबाजी न करनी पड़े। अजहर महमूद को दो साल के करार पर नियुक्त किया गया था और उन्होंने पिछले साल ही टेस्ट टीम के मुख्य कोच की जिम्मेदारी संभाली थी।

सूत्रों का यह भी कहना है कि पीसीबी केवल मुख्य कोच ही नहीं, बल्कि टेस्ट टीम के सहायक कोचिंग स्टाफ में भी बदलाव कर सकता है। बोर्ड चाहता है कि नए विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र से पहले टीम का पूरा ढांचा स्पष्ट और स्थिर हो। पाकिस्तान का अगला टेस्ट अभियान आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के तहत मार्च 2026 में बांग्लादेश के दौरे से शुरू होगा। इसके बाद टीम जुलाई में वेस्टइंडीज और अगस्त-सितंबर में इंग्लैंड का दौरा करेगी। आगे चलकर पाकिस्तान नवंबर-दिसंबर 2026 में श्रीलंका और मार्च 2027 में न्यूजीलैंड की मेजबानी करेगा, जो टीम के लिए बेहद अहम सीरीज होंगी। 50 वर्षीय अजहर महमूद का अंतरराष्ट्रीय करियर काफी अनुभवपूर्ण रहा है। उन्होंने पाकिस्तान के लिए 21 टेस्ट मैच खेले, जिसमें उनके नाम 900 रन और 39 विकेट दर्ज हैं। इसके अलावा उन्होंने 143 वनडे मैचों में 1521 रन बनाए और 123 विकेट हासिल किए। अजहर को इससे पहले आकिब जावेद की जगह राष्ट्रीय टेस्ट टीम का कोच बनाया गया था। अब उनके अचानक हटाए जाने के बाद यह देखना दिलचस्प होगा कि पीसीबी किस अनुभवी नाम पर भरोसा जताता है और क्या यह बदलाव पाकिस्तान की टेस्ट क्रिकेट की दिशा बदल पाएगा।

# अश्विन ने वरुण चक्रवर्ती और अभिषेक शर्मा को बताया साल का असली सितारा

**- मिलाजुला रहा भारत का 2025**



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** साल 2025 भारतीय क्रिकेट के लिए उतार-चढ़ाव भरा रहा। टीम इंडिया ने साल की शुरुआत शानदार अंदाज में चैंपियंस ट्रॉफी जीतकर की और इसके बाद एशिया कप पर भी कब्जा जमाया। टी20 फॉर्मेट में भारत का दबदबा कायम रहा और टीम पूरे साल कोई भी टी20 सीरीज नहीं हारी। हालांकि टेस्ट क्रिकेट में टीम का प्रदर्शन उम्मीदों पर खरा नहीं उतर सका। घरेलू मैदान पर साउथ अफ्रीका के खिलाफ 0-2 की हार ने फैंस को निराश किया, जबकि इंग्लैंड दौरे पर भारत ने कड़ी मेहनत के बाद टेस्ट सीरीज 2-2 से ड्रॉ कराई। इस पूरे साल के प्रदर्शन को देखते हुए पूर्व भारतीय स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने दो ऐसे खिलाड़ियों के नाम बताए हैं, जिन्होंने 2025 में अपनी शानदार खेल से सबका ध्यान खींचा।

अश्विन ने मिस्ट्री स्पिनर वरुण चक्रवर्ती को 2025 का भारत का सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज करार दिया। अपने यूट्यूब चैनल पर उन्होंने कहा कि वरुण हर बार टीम के लिए एक्स-फैक्टर साबित हुए हैं। जब भी उन्हें मौका मिला, उन्होंने विकेट निकालकर मैच का रुख बदला। अश्विन के मुताबिक, विपक्षी बल्लेबाजों के लिए वरुण को पढ़ पाना बेहद मुश्किल रहा है और यही उनकी सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने यह भी कहा कि 2026 टी20 वर्ल्ड कप में भारत की संभावनाओं के लिहाज से वरुण चक्रवर्ती की भूमिका बेहद अहम होने वाली है। आंकड़े भी इस बात की गवाही देते हैं, क्योंकि वरुण ने चार वनडे मैचों में 10 विकेट और 20 टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में 36 विकेट लेकर खुद को व्हाइट-बॉल क्रिकेट का भरोसेमंद गेंदबाज साबित किया है।

अश्विन ने बल्लेबाजी में अभिषेक शर्मा की भी जमकर सराहना की। उन्होंने अभिषेक को भारत की अगली पीढ़ी का एक्स-फैक्टर खिलाड़ी बताया। अश्विन का मानना है कि 2025 में अगर किसी एक खिलाड़ी ने भारत के लिए सबसे ज्यादा प्रभावित किया है तो वह अभिषेक शर्मा हैं। लेफ्ट-हैंड ओपनर ने टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन करते हुए 21 मैचों में 42.95 की औसत और करीब 193 के स्ट्राइक रेट से 859 रन बनाए, जिसमें एक शतक और पांच अर्धशतक शामिल हैं। उनकी आक्रामक बल्लेबाजी ने भारत को कई मुकाबलों में मजबूत शुरुआत दिलाई।

साल 2025 में एक दौर ऐसा भी आया जब विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे सीनियर खिलाड़ियों के करियर को लेकर सवाल उठने लगे थे। दोनों ही खिलाड़ी टेस्ट और टी20 से संन्यास ले चुके हैं, लेकिन साल के अंत तक उन्होंने दिखा दिया कि वनडे क्रिकेट में उनके पास अभी भी बहुत कुछ देने के लिए बाकी है। अश्विन ने कहा कि रोहित और विराट दोनों के भीतर 50 ओवर का वर्ल्ड कप जीतने की जबरदस्त भूख है और वे 2027 वर्ल्ड कप को लक्ष्य बनाकर पूरी मेहनत कर रहे हैं। उनके मुताबिक, फैंस को इन दिग्गजों के हर मैच का आनंद लेना चाहिए, क्योंकि उन्होंने भारतीय क्रिकेट के कई दौरों को नई पहचान दी है।

# न्यूजीलैंड के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज में बुमराह, पंड्या को आराम दे सकता है भारत

मुम्बई । आगामी टी20 विश्वकप को देखते हुए तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या को न्यूजीलैंड के खिलाफ जनवरी में होने वाली एकदिवसीय सीरीज में आराम दिया जा सकता है। एक रिपोर्ट के अनुसार चयनकर्ता जनवरी की शुरुआत में न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज के लिए टीम की घोषणा कर सकते हैं। इसमें फिटनेस, वर्कलोड मैनेजमेंट और बड़े टूर्नामेंटों को ध्यान में रखते हुए खिलाड़ियों को जगह दी जाएगी। भारत और न्यूजीलैंड के बीच एकदिवसीय मुकाबले बड़ौदा, राजकोट और इंदौर में खेले जाएंगे। इसके बाद दोनों टीमें पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज खेलेंगी, जो फरवरी 2026 में होने वाले आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप को देखते हुए अभ्यास को देखते हुए बेहद अहम रहेगी।

# गावस्कर ने आईसीसी की पिच रेटिंग प्रणाली पर सवाल उठाये



मुम्बई । भारतीय क्रिकेट के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की पिच रेटिंग प्रणाली पर निशाना साधा है। गावस्कर ने कहा कि एशेज में मैच दो से तीन दिन में खत्म हो रहे हैं पर पिचों को लेकर आईसीसी ने कोई सख्त प्रतिक्रिया नहीं दी है। वहीं जब ऐसा भारत या अन्य एशियाई देशों में होता है तो पिचों को खराब करार दे दिया जाता है। गावस्कर ने कहा कि मेलबर्न क्रिकेट मैदान में खेला गया चौथा एशेज टेस्ट दो दिन में ही समाप्त हो गया था। इसमें पहले ही दिन कुल 20 विकेट गिर गए, जो ऑस्ट्रेलिया में किसी टेस्ट के पहले दिन गिरे विकेटों के हिसाब से सबसे अधिक था। वहीं दूसरे दिन भी 16 और विकेट गिरे, जिसके बाद मुकाबला दो दिन भी नहीं चल पाया। इसके बाद भी आईसीसी ने पिच को खराब नहीं बताया। गावस्कर ने पर्थ में खेले गए पहले एशेज टेस्ट का भी मामल उठाया और कहा कि उसमें भी मैच दो दिन के अंदर समाप्त हो गया था। तब भी आईसीसी ने कोई नकारात्मक प्रतिक्रिय नहीं दी। गावस्कर ने मैच रेफरी पर भी सवाल उठाये और कहा कि पर्थ टेस्ट में रंजन मदुगले के रहते पिच को काफी अच्छा कहा गया, जबकि मेलबर्न टेस्ट में नए मैच रेफरी जेफ क्रो होने के कारण उसी तरह की पिच को केवल अच्छा कहा गया जबकि दोनो ही मैच दो दिन ही चले। गावस्कर ने कहा कि दूसरी ओर अगर ऐसा ही कुछ भारतीय पिचों पर होता है तो क्यूरेटरों पर सवाल उठाये जाते हैं। गावस्कर ने कहा कि पर्थ और मेलबर्न की पिचों को कई पूर्व क्रिकेटरों ने भी खराब बताया था फिर भी आईसीसी ने कोई कठोर प्रतिक्रिया नहीं दी।

# टी20 वर्ल्ड कप 2026 की सेमीफाइनलिस्ट टीमों को लेकर हरभजन सिंह की भविष्यवाणी

**- कहा पाकिस्तान बाहर तो अफगानिस्तान अंतिम चार में शामिल**



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** टी20 वर्ल्ड कप 2026 के आयोजन में अभी समय बाकी है, लेकिन उससे पहले ही पूर्व भारतीय ऑफ स्पिनर हरभजन सिंह ने इस बड़े टूर्नामेंट को लेकर अपनी भविष्यवाणी कर दी है। फरवरी 2026 में भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में होने वाले इस 20 टीमों के टूर्नामेंट को लेकर भज्जी ने चार संभावित सेमीफाइनलिस्ट टीमों के नाम बताए हैं। खास बात यह है कि उनकी सूची में डिफेंडिंग चैंपियन भारत के साथ एक ऐसी टीम भी शामिल है, जिसने सबको चौंका दिया है। हरभजन ने पाकिस्तान को बाहर रखते हुए अफगानिस्तान को सेमीफाइनल तक पहुंचने वाली टीमों में चुना है।

हरभजन सिंह की इस भविष्यवाणी में भारत के अलावा ऑस्ट्रेलिया, साउथ अफ्रीका और अफगानिस्तान को सेमीफाइनलिस्ट बताया गया है। पाकिस्तान को बाहर करने और अफगानिस्तान को आगे रखने का फैसला कई लोगों को हैरान कर सकता है, क्योंकि आईसीसी टी20 रैंकिंग में पाकिस्तान सातवें जबकि अफगानिस्तान दसवें स्थान पर है। हालांकि, हाल के वर्षों में अफगानिस्तान ने आईसीसी टूर्नामेंट्स में अपने प्रदर्शन से यह साबित किया है कि वह सीमित ओवरों के क्रिकेट में किसी भी बड़ी टीम को चुनौती दे सकता है। मजबूत स्पिन अटैक और निडर क्रिकेट उसकी पहचान बन चुकी है।

एक मीडिया से बातचीत में हरभजन सिंह ने भारत को लेकर भरोसा जताया। उन्होंने कहा कि टीम इंडिया के पास टी20 वर्ल्ड कप जीतने का शानदार मौका है, क्योंकि वह घरेलू परिस्थितियों में खेलेगी और बाकी टीमों की तुलना में हालात को बेहतर तरीके से समझती है। हालांकि, उन्होंने यह भी जोड़ा कि वर्ल्ड कप का दबाव हमेशा एक अलग चुनौती होता है और इसे संभालना सबसे अहम पहलू होगा। अगर भारतीय टीम इस दबाव को सही ढंग से झेल लेती है, तो उसका खिताब जीतना पूरी तरह संभव है।

टी20 वर्ल्ड कप के इतिहास पर नजर डालें तो ऑस्ट्रेलिया ने 2021 में अपना पहला टी20 खिताब जीता था, जबकि भारत 2007 और 2024 में दो बार चैंपियन बन चुका है। साउथ अफ्रीका और अफगानिस्तान अभी भी अपने पहले टी20 वर्ल्ड कप खिताब की तलाश में हैं। साउथ अफ्रीका ने 2024 में पहली बार फाइनल में जगह बनाई थी, लेकिन उसे भारत के हाथों हार झेलनी पड़ी थी। हरभजन सिंह ने 2026 वर्ल्ड कप के लिए भारत के कुछ अहम खिलाड़ियों का भी जिक्र किया। उनके मुताबिक अभिषेक शर्मा, हार्दिक पांड्या, सूर्यकुमार यादव, जसप्रीत बुमराह और अर्शदीप सिंह इस टूर्नामेंट में भारत की सफलता की कुंजी होंगे। अभिषेक शर्मा के लिए यह पहला टी20 वर्ल्ड कप होगा, जबकि बाकी चार खिलाड़ी 2024 में भारत को चैंपियन बनाने में निर्णायक भूमिका निभा चुके हैं।

# विजय हजारे ट्रॉफी में अमन खान का महंगा स्पेल बना चर्चा का विषय, सीएसके की बढ़ी चिंता

नई दिल्ली । इंडियन प्रीमियर लीग की सबसे सफल टीमों में शुमार चेन्नई सुपर किंग्स के खेमे में उस समय हलचल मच गई, जब विजय हजारे ट्रॉफी से जुड़ी एक चौंकाने वाली खबर सामने आई। पुडुचेरी के कप्तान अमन खान ने झारखंड के खिलाफ खेले गए मुकाबले में ऐसा रिकॉर्ड बना दिया, जिसे कोई भी गेंदबाज अपने नाम नहीं करना चाहेगा। 29 दिसंबर को खेले गए इस लिस्ट ए मैच में अमन खान ने अपने पूरे दस ओवर के स्पेल में 123 रन लुटा दिए, जो लिस्ट ए क्रिकेट के इतिहास का सबसे महंगा गेंदबाजी स्पेल साबित हुआ। अमन खान को आईपीएल 2026 की नीलामी में चेन्नई सुपर किंग्स ने 40 लाख रुपये में अपनी टीम में शामिल किया है। इससे पहले वह कोलकाता नाइट राइडर्स और दिल्ली कैपिटल्स जैसी टीमों का भी हिस्सा रह चुके हैं। ऐसे में उनके इस प्रदर्शन ने सीएसके मैनेजमेंट और फैंस दोनों को चिंता में डाल दिया है। विजय हजारे ट्रॉफी के इस मुकाबले में अमन ने न सिर्फ जमकर रन दिए, बल्कि दस ओवर पूरे करने के बावजूद सिर्फ एक ही विकेट हासिल कर सके। उन्होंने दो वाइड भी फेंकी, जिससे उनका स्पेल और ज्यादा महंगा नजर आया।

# एशले गार्डनर का भरोसा, खिताब न होने के बावजूद ऑस्ट्रेलिया ही दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीम

नई दिल्ली । ऑस्ट्रेलिया की स्टार ऑलराउंडर एशले गार्डनर का मानना है कि भले ही उनकी टीम इस समय टी20 या वनडे फॉर्मेट की मौजूदा चैंपियन न हो, लेकिन इसके बावजूद ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीम बनी हुई है। गार्डनर ने कहा कि हाल के आईसीसी टूर्नामेंट्स में मिली हार ने टीम पर एक ऐसा दबाव डाला है, जिसकी उसे आदत नहीं रही, लेकिन यही दबाव उन्हें और बेहतर बनने के लिए प्रेरित करेगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि फरवरी में जब ऑस्ट्रेलिया घरेलू धरती पर भारत की मेजबानी करेगा, तो टीम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में सफल रहेगी। गार्डनर ने हाल ही में एक बातचीत के दौरान कहा कि पिछले कुछ समय में ऑस्ट्रेलियाई टीम को अपेक्षा से ज्यादा दबाव झेलना पड़ा है। उन्होंने स्वीकार किया कि टी20 और वनडे विश्व कप में मिली हार आसान नहीं थी, लेकिन इसके बावजूद उनका भरोसा अपनी टीम की ताकत पर कायम है। गार्डनर के मुताबिक, ऑस्ट्रेलिया अब भी ऐसी टीम है जो किसी भी हालात में मुकाबला पलटने की क्षमता रखती है और यही उसे बाकी टीमों से अलग बनाती है। ऑस्ट्रेलिया अगले साल फरवरी और मार्च में भारत की मेजबानी करेगा, जहां दोनों टीमों के बीच तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय, तीन वनडे और एक टेस्ट मैच की सीरीज खेली जाएगी। गार्डनर ने कहा कि भारत इस दौरे पर पूरे आत्मविश्वास के साथ उतरेगा और ऐसा होना स्वाभाविक भी है, क्योंकि हाल के समय में भारतीय टीम ने बेहतरीन क्रिकेट खेली है। उन्होंने याद दिलाया कि विश्व कप से पहले की वनडे सीरीज में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को कड़ी चुनौती दी थी और फिर विश्व कप के सेमीफाइनल में भी भारत का पलड़ा भारी रहा था। गार्डनर ने माना कि घरेलू परिस्थितियों में खेलने का फायदा ऑस्ट्रेलिया को मिलेगा, लेकिन उन्होंने यह भी साफ किया कि भारत को किसी भी तरह से कमतर आंकना बड़ी भूल होगी। उनके अनुसार, भारतीय टीम ऑस्ट्रेलियाई हालात को तेजी से समझने की कोशिश कर रही है, जबकि मेजबान टीम इन परिस्थितियों से बेहतर वाकिफ है। ऐसे में मुकाबला बेहद रोमांचक होने की उम्मीद है। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि पिछले 12 से 18 महीनों में ऑस्ट्रेलिया ने केवल दो मैच गंवाए हैं और दोनों ही सेमीफाइनल थे। गार्डनर के मुताबिक, यह आंकड़ा टीम की निरंतरता और मजबूती को दर्शाता है। हालांकि, 2024 टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मिली हार अभी भी टीम के लिए एक सबक है, जिससे सीख लेकर ऑस्ट्रेलिया आगे और मजबूत होकर लौटना चाहता है।

# फीफा वर्ल्ड कप 2026 का क्रेज शिखर पर, 15 करोड़ से ज्यादा टिकट रिक्वेस्ट से बना रिकॉर्ड

जेनेवा। फीफा ने सोमवार को बताया कि फीफा वर्ल्ड कप 2026 के लिए अब तक 15 करोड़ से अधिक टिकट रिक्वेस्ट मिल चुकी हैं। यह आंकड़ा वर्ल्ड कप टिकटिंग के इतिहास में अब तक का सबसे बड़ा रिकॉर्ड है, जबकि रैंडम सिलेक्शन ड्रॉ का मौजूदा चरण अभी आधा ही पूरा हुआ है।

**200 से ज्यादा देशों से फैंस की बाढ़-** फीफा के अनुसार, 11 दिसंबर को रैंडम सिलेक्शन ड्रॉ टिकटिंग फेज शुरू होने के बाद से 200 से अधिक देशों और क्षेत्रों के फैंस ने fifa.com/tickets प्लेटफॉर्म पर भारी संख्या में आवेदन किए हैं। यह चरण 13 जनवरी 2026 को समाप्त होगा।

**30 गुना से ज्यादा ओवरसब्सक्रिप्शन-** फीफा ने बताया कि 2026 वर्ल्ड कप के लिए हर टिकट आवेदन के साथ सबमिट किए गए वेरिफाइड व्यक्तिगत क्रेडिट कार्ड नंबरों के आधार पर 30 गुना से ज्यादा ओवरसब्सक्रिप्शन दर्ज किया गया है। दिलचस्प बात यह है कि यह मांग 1930 से अब तक खेले गए सभी 22 वर्ल्ड कप संस्करणों के 964 मैचों में मौजूद कुल दर्शकों की संख्या से 3.4 गुना अधिक है।

**इन्फेंटिनो बोले—दुनिया का सबसे बड़ा और समावेशी शो-**

फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो ने कहा, 'फीफा वर्ल्ड कप 2026 दुनिया का सबसे बड़ा और सबसे अधिक समावेशी आयोजन होगा। फैंस की यह जबरदस्त प्रतिक्रिया इस बात का प्रमाण है कि हमारा खेल दुनिया भर में कितना लोकप्रिय है। उत्तरी अमेरिका में हम इतिहास रचने जा रहे हैं, जहां एकता और बेहतरीन फुटबॉल के जश्न में पूरी दुनिया पहले से कहीं ज्यादा एक साथ आएगी।'

**तीन देशों में होगा आयोजन, 48 टीमें लेंगी हिस्सा-** फीफा वर्ल्ड कप 2026 का आगाज 11 जून को होगा। यह टूर्नामेंट कनाडा, मैक्सिको और संयुक्त राज्य अमेरिका के 16 शहरों में आयोजित किया जाएगा। 48 टीमें, कुल 104 मैच, फाइनल- 19 जुलाई।

# रोको का टेस्ट से संन्यास स्वाभाविक नहीं, उथप्पा के बयान से फिर गरमाई बहस

**- संन्यास को लेकर उठे सवाल आज भी नहीं थम रहे**




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट के दो सबसे बड़े सितारे रोहित शर्मा और विराट कोहली भले ही टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह चुके हों, लेकिन उनके संन्यास को लेकर उठे सवाल आज भी थमे नहीं हैं। टेस्ट से रिटायरमेंट के सात महीने बाद भी यह बहस जारी है कि क्या दोनों दिग्गजों ने अपनी मर्जी से यह फैसला लिया था या परिस्थितियों ने उन्हें इसके लिए मजबूर कर दिया। अब पूर्व भारतीय क्रिकेटर रॉबिन उथप्पा के बयान ने इस चर्चा को एक बार फिर हवा दे दी है। उथप्पा का मानना है कि विराट और रोहित का टेस्ट क्रिकेट से जाना किसी भी तरह से 'नेचुरल एग्जिट' यानी स्वाभाविक विदाई नहीं लगता। मई महीने में आईपीएल 2025 के दौरान रोहित शर्मा और विराट कोहली ने कुछ ही दिनों के अंतराल में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास का ऐलान कर क्रिकेट जगत को चौंका दिया था। सबसे पहले रोहित शर्मा ने सोशल मीडिया के जरिए अपने फैसले की जानकारी दी थी। यह घोषणा ऐसे समय पर सामने आई थी, जब खबरें आ रही थीं कि इंग्लैंड दौरे से पहले बीसीसीआई के चयनकर्ता उन्हें टेस्ट कप्तानी से हटाने पर विचार कर रहे हैं। फैंस अभी रोहित के संन्यास के कारणों को समझने की कोशिश कर ही रहे थे कि विराट कोहली ने भी टेस्ट से रिटायरमेंट का ऐलान कर सभी को हैरान कर दिया।

विराट कोहली का फैसला इसलिए भी ज्यादा चौंकाने वाला माना गया क्योंकि वह इंग्लैंड दौरे की तैयारियों में जुटे हुए थे। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में शतक जड़ने के बाद उनका आत्मविश्वास ऊंचाई पर था और माना जा रहा था कि इंग्लैंड की परिस्थितियों में वह एक बार फिर बड़ी पारियां खेलना चाहते हैं। दिल्ली के रणजी कोच सरनदीप सिंह ने भी दावा किया था कि कोहली इंग्लैंड दौरे को लेकर बेहद उत्साहित थे और पूरी तैयारी कर रहे थे। रॉबिन उथप्पा ने अपने यूट्यूब चैनल पर इस पूरे मामले पर खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि उन्हें यह फैसला किसी भी तरह से स्वाभाविक नहीं लगता। उथप्पा के मुताबिक, यह कहना मुश्किल है कि दोनों पर किसी तरह का दबाव था या नहीं, लेकिन यह साफ है कि यह 'नेचुरल एग्जिट' नहीं था। उनका मानना है कि असली सच्चाई तभी सामने आएगी, जब विराट और रोहित खुद सही समय पर इसे साझा करने का फैसला करेंगे।

उथप्पा ने यह भी कहा कि जब रोहित शर्मा ऑस्ट्रेलिया दौरे पर रन बनाने के लिए संघर्ष कर रहे थे, तब उन्हें लगा था कि रोहित को कुछ समय का ब्रेक लेकर फिटनेस और मानसिक मजबूती पर काम करना चाहिए। उनके अनुसार, विराट और रोहित दोनों की आंखों में आज भी रन बनाने की भूख साफ नजर आती है। यही वजह है कि उनके अचानक लिए गए इस फैसले को लेकर सवाल उठना स्वाभाविक है और यह बहस शायद तब तक चलती रहेगी, जब तक दोनों दिग्गज खुद अपनी चुप्पी नहीं तोड़ते।

# चुनाव आते ही दुशासन और दुर्योधन दिखाई देने लगते: सीएम ममता बनर्जी

## -शाह के बयान पर बोलीं सीएम- घुसपैठ अगर बंगाल से ही तो फिर पहलगाम हमला क्या आपने कराया?



**कोलकाता (एजेंसी)।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के पश्चिम बंगाल दौरे के दौरान दिए गए बयान पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने तंज कसते हुए कहा, शकुनि का चेला दुशासन बंगाल में जानकारी जुटाने के लिए आया है। चुनाव का समय जैसे ही आता है, दुशासन और दुर्योधन दिखाई देने लगते हैं। उन्होंने कहा, कि आज भाजपा कह रही ममता बनर्जी ने जमीन नहीं दी, तो बताएं कि पेट्रापोल और अंडाल में जमीन किसने दी?

बांकुरा में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहीं सीएम ममता बनर्जी ने कहा, कि भाजपा कहती है, कि घुसपैठिए सिर्फ बंगाल से ही आते हैं। अगर ऐसा ही है तो क्या फिर पहलगाम में हमला आपने कराया था? दिल्ली ब्लास्ट की जो घटना हुई, उसके पीछे कौन था? यहां उन्होंने कहा, कि भाजपा एसआईआर के नाम पर लोगों को परेशान कर रही है।

दरअसल सीएम ममता का यह बयान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बयान के बाद आया है, जिसमें उन्होंने कहा था, कि पश्चिम बंगाल में ममता सरकार घुसपैठ को रोक नहीं पा रही है। अगर राज्य में बीजेपी सरकार बनती है तो यहां परिंदा भी पर नहीं मार पाएगा। शाह के बयान पर सीएम ममता ने जोरदार हमला बोला है और उन्होंने वो तमाम घटनाएं गिना दी हैं, जिन्हें घुसपैठ से जोड़कर देखा जाता है।

### विधानसभा कार्यकाल 7 मई तक

दरअसल, केंद्रीय मंत्री शाह बंगाल विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर दौरे पर पहुंचे हैं। पश्चिम बंगाल की मौजूदा विधानसभा का कार्यकाल 7 मई 2026 तक का है। चुनाव मार्च-अप्रैल 2026 में होना तय माना जा रहा है। पश्चिम बंगाल में कुल विधानसभा सीटों की संख्या 294 हैं, और यहां टीएमसी की ममता सरकार है।

## बांग्लादेश की तो निंदा कर दी, देश में मॉब लिंचिंग पर सरकार क्यों चुप-मौलाना मदनी



सहारनपुर (एजेंसी)। जमीयत उलेमा-ए-हिंद के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने बांग्लादेश में हुई हिंसा की निंदा की है। साथ ही उन्होंने भारत में हो रही हिंसा का भी जिक्र किया है। मौलाना मदनी ने सरकार से पूछा है कि यह दोहरा रवैया क्यों। बांग्लादेश में हिंदू के मारे जाने पर आपने निंदा की लेकिन भारत में भी धार्मिक उग्रवाद और मॉब लिंचिंग हो रही है, लेकिन आपने उसकी निंदा क्यों नहीं की। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर मौलाना अरशद मदनी ने एक लंबी चौड़ी पोस्ट लिखी है। इसमें उन्होंने लिखा, ''बांग्लादेश में जो कुछ हुआ, वह बहुत ही बुरा हुआ। यह केवल एक हत्या नहीं, बल्कि हैवानियत और दरिंदगी की इंतिहा है। इसकी जितनी भी निंदा की जाए, वह कम है। इस्लाम इसकी कतई, कतई अनुमति नहीं देता। जिन लोगों ने ऐसा किया है, उन्होंने न केवल इस्लामी शिक्षाओं का उल्लंघन किया है, बल्कि इस्लाम को बदनाम करने का काम भी किया है। इसलिए ऐसे लोगों को कड़ी से कड़ी सज़ा दी जानी चाहिए।'' मदनी ने आगे लिखा है, ''धार्मिक उग्रवाद और नफ़रत हमारे देश को भी तबाह-बर्बाद कर रही है। क्रिसमस के मौके पर ईसाई समुदाय के साथ सांप्रदायिक तत्वों ने जो कुछ किया, उसे भी किसी भी रूप में सही नहीं ठहराया जा सकता। यह संविधान में नागरिकों को दी गई धार्मिक स्वतंत्रता पर सीधा हमला है। जगह-जगह चर्चों पर हमले हुए, और ईसाई समुदाय को अपना त्योहार मनाने से रोकने की कोशिश की गई।''

## यूपी में एसआईआर की तिथि में फिर हुआ बदलाव

लखनऊ (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अर्हता तिथि एक जनवरी, 2026 के आधार पर प्रदेश में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की घोषित तिथियों में संशोधन करते हुए नई तिथियां जारी कर दी गई है। संशोधित तिथियों के अनुसार, अब मतदाता सूची का आलेख्य प्रकाशन छह जनवरी, 2026 को किया जाएगा। दावे और आपत्तियां प्राप्त करने की अवधि छह जनवरी से छह फरवरी, 2026 तक निर्धारित की गई है। छह जनवरी से 27 फरवरी 2026 तक नोटिस चरण, गणना प्रपत्रों पर निर्णय और दावे एवं आपत्तियों का निस्तारण किया जाएगा। उत्तर प्रदेश की मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन छह मार्च, 2026 को किया जाएगा। पूर्व में आयोग ने 31 दिसम्बर यानि कल मतदाता सूची का आलेख्य प्रकाशन की तिथि तय की थी।

## लातूर : शराब परोसने से मना करने पर बार मालिक की नृशंस हत्या

लातूर (एजेंसी)। महाराष्ट्र के लातूर जिले में कानून-व्यवस्था को चुनौती देने वाली सनसनीखेज वारदात सामने आई है। चाकुर तालुका के नाइगांव में मात्र शराब और सिगरेट न देने पर 3 युवकों ने मिलकर एक 42 वर्षीय बार मालिक, गजानन कासले, की पीट-पीटकर हत्या कर दी। पुलिस रिपोर्ट के अनुसार, जब कासले अपना बार बंद कर चुके थे, तब तीन युवक जबरन अंदर घुस आए। उन्होंने बंद समय में शराब और सिगरेट की मांग की। जब कासले ने नियमों का हवाला देकर इंकार किया, तब आरोपी हिंसक हो उठे। आरोपियों ने कासले को गालियां देकर लकड़ी के डंडों व लाठियों से उन पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। सिर और शरीर पर गंभीर चोटें लगने के कारण कासले की मौके पर ही मौत हो गई। बीच-बचाव करने आए वेटर अजय मोरे को भी बुरी तरह पीटा, जिससे वह गंभीर रूप से घायल है। आरोपी जाते-जाते काउंटर से 15,000 रुपये नकद, शराब की बोतलें लूट ले गए और बार का टेलीविजन भी तोड़ दिया। इसके बाद स्थानीय पुलिस और एलसीबी ने संयुक्त ऑपरेशन चलाया। सीसीटीवी फुटेज और खुफिया जानकारी की मदद से पुलिस ने घटना के मात्र 5 घंटे के भीतर तीनों आरोपियों को धर दबोचा। गिरफ्तार आरोपियों के नाम मारुति उर्फ बबलू हरिबा बोयने, संतोष राम तेलंगे, सागर हनुमंत बोयने (ये तीनों रेनापुर तालुका के धवेली गांव के निवासी) हैं। मृतक के भाई बालाजी कासले की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है।

## त्रिपुरा में आक्रोश : बांग्लादेशी गैस टैंकर्स का घेराव

अगरतला (एजेंसी)। त्रिपुरा के जीरानिया और बोधजंग नगर क्षेत्रों में जनता का धैर्य तब जवाब दे गया, जब प्रदर्शनकारियों ने बांग्लादेश से आए आठ गैस बुलेट टैंकर्स को रोक दिया। बांग्लादेशी वापस जाओ के नारों के साथ हुआ विरोध प्रदर्शन केवल एक नाकाबंदी नहीं, बल्कि पड़ोसी देश में पनप रहे भारत-विरोधी विमर्श और हिंदुओं पर हो रहे हमलों के खिलाफ एक कड़ा संदेश है। दरअसल बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार के पतन के बाद मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार के आने को विशेषज्ञ केवल सत्ता परिवर्तन नहीं, बल्कि कट्टरपंथ का आगमन मान रहे हैं। यूनुस की चीन यात्रा और वहां सेवन सिस्टर्स (पूर्वोत्तर भारत) के लिए बांग्लादेश को गार्जियन बताने वाला बयान भारत की क्षेत्रीय अखंडता के लिए सीधी चुनौती के रूप में देखा जा रहा है। त्रिपुरा जैसे शांत राज्य में इस तरह का प्रदर्शन भारत की बदलती रणनीति और जन-भावनाओं को दर्शाता है। प्रदर्शनकारियों का स्पष्ट कहना है कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार अब स्वीकार्य नहीं हैं। भारत-विरोधी एजेंडा चलाने वालों को भारतीय संसाधनों का लाभ नहीं मिलने दिया जाएगा। सीमा पार से दी जा रही धमकियों का जवाब अब ज़मीनी कार्रवाई से दिया जाएगा।

## 5 जनवरी से शुरू होगा दिल्ली विधानसभा सत्र, इन मुख्य मुद्दों पर होगी चर्चा

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली में 5 जनवरी से विधानसभा सत्र शुरु होगा। यह तीन दिवसीय शीतकालीन सत्र होगा। सत्र के दौरान पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल के आधिकारिक आवास के पुनर्निर्माण से जुड़ी कैग रिपोर्ट को लेकर होगी, जिसे सदन के पटल पर रखा जाएगा। इसकी पुष्टि विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने की है। रिपोर्ट में 6, फ्लैगस्टाफ रोड स्थित बंगले (भाजपा ने शीश महल का नाम दिया है) के नवीनीकरण में हुए खर्च और कथित वित्तीय अनियमितताओं का लेखा-जोखा होने की संभावना है। इसके अलावा सीएम रेखा गुप्ता के नेतृत्व वाली वर्तमान सरकार ने संकेत दिए हैं कि वे न केवल शीश महल बल्कि दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) और मोहल्ला क्लीनिक से जुड़ी ऑडिट रिपोर्ट भी पेश कर सकते हैं।

## नए साल को लेकर एण्डटीवी के सितारों की खास तैयारियां



मुंबई (एजेंसी)। नया साल आते ही हर कोई नई उम्मीदों, खुशियों और नए संकल्पों के साथ उसका स्वागत करता है। इस खास मौके पर एण्डटीवी के लोकप्रिय कलाकार अपने नए साल के जश्न और परंपराओं के बारे में बता रहे हैं। इनमें शामिल हैं - सीरत कपूर (घरवाली पेड़वाली की सावी), गीतांजलि मिश्रा (हप्पू की उलटन पलटन की राजेश) और विदिशा श्रीवास्तव (भाबीजी घर पर हैं की अनीता भाबी)। सीरत कपूर, जोकि घरवाली पेड़वाली में सावी का किरदार निभा रही हैं, ने कहा, मेरे लिए नया साल खुद से जुड़ने और नए सिरे से सोचने का समय होता है। मैं साल के आखिरी दिन थोड़ा ठहरकर बीते पलों को याद करती हूं-क्या सीखा, क्या पाया और किन लोगों ने साथ दिया। इस साल मैं घर पर परिवार और दोस्तों के साथ एक सादा-सा जश्न मनाऊंगी। घर का बना खाना, कुछ मजेदार खेल और एक आभार बॉक्सह्न होगा, जिसमें हर कोई लिखेगा कि वह किस बात के लिए शुक्रगुजार है। मेरा संकल्प है कि आने वाले साल में मैं अपनी सेहत और मानसिक शांति पर ज्यादा ध्यान दूं। गीतांजलि मिश्रा, जोकि हप्पू की उलटन पलटन की राजेश के रूप में मशहूर हैं, बताती हैं, हमारे यहां नया साल हमेशा साथ मिलकर मनाया जाता है। बचपन में छत पर होने वाली न्यू ईयर पार्टी आज भी मेरी सबसे प्यारी यादों में से एक है। आज भी हम वही परंपरा निभाते हैं- परिवार के साथ छत पर संगीत, घर के बने स्नैक्स और ढेर सारी बातें।

## एयरपोर्ट पर यात्री से मारपीट करने वाला पायलट वीरेंद्र गिरफ्तार, यात्री की टूट गई थी नाक



**नई दिल्ली(एजेंसी)।** दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के टर्मिनल-1 पर एक यात्री के साथ बदसलूकी और मारपीट मामले में पुलिस ने कड़ी कार्रवाई करते हुए आरोपी पायलट वीरेंद्र सेजवाल को गिरफ्तार किया है। वीरेंद्र एयर इंडिया एक्सप्रेस का कर्मचारी है और उस पर सुरक्षा जांच के दौरान एक यात्री पर जानलेवा हमला करने का आरोप है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक घटना 19 दिसंबर की है जब पीड़ित यात्री अंकित दीवान अपने परिवार के साथ यात्रा पर निकले थे। सिक्योरिटी चेकिंग के दौरान लाइन में लगने को लेकर पायलट वीरेंद्र और अंकित के बीच बहस हुई। चश्मदीदों के मुताबिक बहस गाली-गलौज तक पहुंची और फिर अचानक पायलट ने अंकित के चेहरे पर जोरदार मुक्का मारा जिससे अंकित की नाक की हड्डी टूट गई उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया जहां मेडिकल रिपोर्ट में फ्रैक्चर की पुष्टि हुई।

अंकित ने बताया कि यह पूरी घटना उनके छोटे बच्चों के सामने हुई। पायलट की हिंसक हरकत देखकर उनके दोनों बच्चे बुरी तरह डर गए और रोने लगे। पीड़ित के मुताबिक इस घटना ने पूरे परिवार को मानसिक रूप से झकझोर दिया है। बच्चे आजकल सब समझते हैं उन्हें इस सदमे से बाहर निकालना अब सबसे बड़ी चुनौती है।

दिल्ली पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए एयरपोर्ट के सुरक्षा क्षेत्र में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले। फुटेज में आरोपी पायलट साफ तौर पर मारपीट करता दिखाई दिया। वहां मौजूद गवाहों ने भी पुष्टि की कि विवाद को बातचीत से सुलझाया जा सकता था लेकिन पायलट ने शारीरिक हिंसा का रास्ता चुना। पुलिस के मुताबिक आरोपी पायलट वीरेंद्र को अपने किए पर कोई पछतावा नहीं था। इससे पहले एयर इंडिया एक्सप्रेस ने भी उसे तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया।

## संजय राउत का शिंदे गुट पर तंज... पहले शिवसेना हमेशा अग्रणी रही, अब बीजेपी के सामने झुक गई



**मुंबई (एजेंसी)।** बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) चुनावों को लेकर महाराष्ट्र की राजनीति में हलचल है। महायुति द्वारा सीटों के बंटवारे का फार्मूला सामने आने के बाद, यूबीटी शिवसेना सांसद संजय राउत ने उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे पर तीखा प्रहार किया है। सांसद राउत ने आरोप लगाया कि शिंदे गुट भाजपा के सामने झुक गया है और उनके द्वारा दी गई सीटों पर चुनाव लड़ेगा। राउत ने कहा कि पिछले 60 वर्षों में शिवसेना ने कभी किसी के सामने समझौता नहीं किया, लेकिन अब शिंदे गुट ने भाजपा के पास जाकर मराठी अस्मिता पर सवाल उठाया है।

सांसद राउत ने कहा कि अब शिवसेना को सीटें भाजपा के कारण मिल रही हैं, जबकि पहले शिवसेना हमेशा अग्रणी रही है। उन्होंने शिंदे गुट पर कटाक्ष कर इस मराठी लोगों के लिए दुर्भाग्यपूर्ण बताया। संजय राउत ने कहा कि शिवसेना (यूबीटी) राज ठाकरे की महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के साथ गठबंधन में करीब 140 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। इसके अलावा, एनसीपी के शरद पवार गुट के साथ भी कुछ सीटों का आदान-प्रदान होगा। बीएमसी चुनावों से पहले उद्धव और राज ठाकरे ने मिलकर 'भूमिपुत्र' के मुद्दे को फिर से जोर देने की कोशिश की है।

इस बीच,एनसीपी-एससीपी ने मुंबई के सात वार्डों के लिए अपने उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की है। पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी ने 37 उम्मीदवारों की सूची के एक दिन बाद 27 और उम्मीदवारों की दूसरी सूची भी जारी की है। इस राजनीतिक गतिरोध ने महाराष्ट्र की सियासत में एक नई हलचल पैदा कर दी है, जहां पुराने और नए गठबंधनों के बीच प्रतिस्पर्धा तेज हो गई है। बंटवारे, गठबंधन और मराठी अस्मिता का मुद्दा महाराष्ट्र की राजनीति में नई ज्वाला पैदा कर रहा है।

## लखनऊ में 170 भेड़ों की अचानक मौत से मचा हड़कंप, सीएम योगी ने दिए जांच के आदेश

**लखनऊ (एजेंसी)।** यूपी के लखनऊ में 170 भेड़े अपने आप मर गई। यह रहस्यमय मौतें आखिर कैसे हुई है क्या कोई साजिश है यह कोई राष्ट्र विरोधी प्रयोग किया गया है, यह रहस्यमय मौतें अपने आप में कई सवाल खड़े कर रही हैं। इस मामले की जांच हाई लेवल पर की जाएगी। लखनऊ के मड़ियांव क्षेत्र में राष्ट्र प्रेरणा स्थल के आसपास के इलाके में करीब 170 भेड़ों की रहस्यमय तरीके से मौत के मामले में सीएम योगी आदित्यनाथ ने संज्ञान लेते हुए जांच के आदेश दिए हैं और हरेक भेड़ की मौत के लिए 10 हजार रुपए के मुआवजे की घोषणा भी की है।

गैर-सरकारी संगठन की संस्थापक ने मड़ियांव थाने में दी शिकायत में कहा कि पीएम के हाल ही में हुए कार्यक्रम के बाद राष्ट्र प्रेरणा स्थल के आसपास के इलाके में करीब 170 भेड़ों की अचानक मौत हो गई। प्रथम दृष्ट्या यह पता नहीं है कि इन भेड़ों की मौत कोई अपशिष्ट खाने से हुई या किसी अज्ञात व्यक्ति ने कथित तौर पर उन्हें जहर दिया था। उन्होंने बताया कि सोमवार दोपहर करीब 12 बजे उनकी संस्था को इस मामले की जानकारी मिली थी।

संगठन के संस्थापाक ने पुलिस से मामले की जांच की मांग करते हुए कहा कि भेड़ों की रहस्यमय परिस्थितियों में हुई मौत के असली कारणों का पता लगाने के लिए उनके शवों का पोस्टमार्टम किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस मामले में अगर कोई लापरवाही पाई जाती है या जहर दिए जाने की पुष्टि होती है तो आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। संगठन इस मामले की जांच में हरसंभव मदद करेगा।

संगठन के संस्थापक ने यह भी कहा कि यह घटना 'बहुत गंभीर' और 'संवेदनशील' है। जानवरों के प्रति क्रूरता और लापरवाही की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता है। अगर समय पर निष्पक्ष जांच नहीं की गई, तो भविष्य में इस तरह की घटना दोबारा भी हो सकती है। इस बीच, मड़ियांव के थानाध्यक्ष ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## उन्नाव रेप कांड: कुलदीप सेंगर की बेटी ने पिता के लिए न्याय मांगते हुए लिखी भावुक चिट्ठी



**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के चर्चित उन्नाव दुष्कर्म मामले में उम्रकैद की सजा काट रहे पूर्व भाजपा विधायक कुलदीप सिंह सेंगर की मुश्किलें और बढ़ गई हैं। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली हाईकोर्ट के उस फैसले पर रोक लगा दी है, जिसमें सेंगर को राहत देने की बात कही गई थी। शीर्ष अदालत ने मामले की गंभीरता को देखते हुए स्पष्ट किया कि ऐसे अपराध के दोषियों को किसी भी सूरत में जमानत नहीं मिलनी चाहिए। जहां एक ओर पीड़िता न्याय की अपनी लंबी लड़ाई लड़ रही है, वहीं दूसरी ओर इस मामले ने एक नया मोड़ ले लिया है। कुलदीप सेंगर की बेटी डॉ. इशिता सेंगर ने सोशल मीडिया के माध्यम से अपनी चुप्पी तोड़ते हुए एक भावुक और विचारोत्तेजक पत्र साझा किया है।

डॉ. इशिता सेंगर ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए कहा कि पिछले आठ वर्षों से उनका परिवार न्याय की उम्मीद में खामोश रहा, लेकिन अब उनकी सहनशक्ति जवाब दे रही है। उन्होंने लिखा, मैं यह पत्र एक ऐसी बेटी के रूप में लिख रही हूं जो थक चुकी है और डरी हुई है। आठ साल तक हमने इस उम्मीद में चुप्पी साधे रखी कि अगर हम कानून और संविधान का सम्मान करेंगे, तो सच स्वतः सामने आ जाएगा। हमने संस्थानों पर भरोसा किया और किसी भी तरह का शोर या प्रदर्शन नहीं किया, लेकिन अब मेरा वह विश्वास टूट रहा है।

इशिता ने समाज और सोशल मीडिया पर होने वाले मीडिया ट्रायल पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि उनकी व्यक्तिगत पहचान को केवल भाजपा विधायक की बेटी के लेबल तक सीमित कर दिया गया है, जिससे उनकी इंसानियत और बोलने के अधिकार को छीना जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि जिन लोगों ने कभी अदालती दस्तावेज या रिकॉर्ड नहीं देखे, उन्होंने भी उनके परिवार के खिलाफ राय बना ली है। इशिता ने साझा किया कि उन्हें और उनके परिवार को लगातार अमानवीय व्यवहार, गालियों और यहां तक कि दुष्कर्म और मौत की धमकियों का सामना करना पड़ता है।

पत्र में इशिता ने अपनी आर्थिक और भावनात्मक थकान का जिक्र करते हुए कहा कि वे हर उस अधिकारी और संस्थान के पास गईं जहां से न्याय की उम्मीद थी, लेकिन उनकी बात अनसुनी कर दी गई। उन्होंने सवाल उठाया कि अगर उनके पास वास्तव में वह ताकत होती जिसका जिक्र अक्सर किया जाता है, तो क्या उन्हें आठ वर्षों तक बेजुबान रहकर अपने नाम को कीचड़ में घसीटे जाते हुए देखना पड़ता? इशिता का कहना है कि आज न्याय व्यवस्था और संस्थाओं पर डर और जनता के उन्माद का दबाव इतना अधिक है कि तथ्यों की अनदेखी की जा रही है। उन्होंने अपील की है कि कानून को बिना किसी बाहरी दबाव, हैशटैग या लोकप्रिय राय के काम करने दिया जाए। उन्होंने अंत में भावुक होते हुए लिखा, मैं एक ऐसी बेटी हूं जिसे अब भी इस देश पर विश्वास है, कृपया मुझे इस विश्वास पर पछतावा न करने दें। यह पत्र अब कानूनी गलियारों और सार्वजनिक मंचों पर नई चर्चा का केंद्र बन गया है, जो एक हाई-प्रोफाइल मामले के दूसरे पक्ष की मानवीय जद्दोजहद को दर्शाता है।

## जाते-जाते दिसंबर की सर्दी: उत्तर भारत में बारिश, बर्फबारी और घने कोहरे का अलर्ट



**नई दिल्ली।** साल 2025 का अंत देश के बड़े हिस्से में कड़कड़ाती ठंड और बारिश की दोहरी मार के साथ होने जा रहा है। भारत मौसम विज्ञान विभाग के ताजा अनुमानों के मुताबिक, उत्तर-पश्चिम भारत के कई राज्यों में बारिश और पहाड़ी क्षेत्रों में भारी बर्फबारी की संभावना है, जिससे तापमान में भारी गिरावट दर्ज की जा सकती है। देश की राजधानी दिल्ली में मंगलवार की सुबह घने कोहरे की चादर के साथ हुई, जिससे दृश्यता काफी कम रही और यातायात पर असर पड़ा। केवल दिल्ली ही नहीं, बल्कि उत्तर प्रदेश और बिहार जैसे राज्य भी आने वाले दिनों में घने कोहरे के साये में रहेंगे।

मौसम विभाग के अनुसार, एक नए विक्षोभ के सक्रिय होने से पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और पश्चिमी राजस्थान में 30 दिसंबर को हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। वहीं, पहाड़ों की बात करें तो जम्मू-कश्मीर, गिलगिट-बाल्टिस्तान, मुजफ्फराबाद, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में 30 दिसंबर से 2 जनवरी के बीच छिटपुट बारिश के साथ बर्फबारी का अनुमान है। पहाड़ों पर हो रही इस बर्फबारी का सीधा असर मैदानी इलाकों पर पड़ेगा, जिससे ठिठुरन और बढ़ने के आसार हैं।कोहरे को लेकर जारी चेतावनी में बताया गया है कि 31 दिसंबर तक हरियाणा, चंडीगढ़, पंजाब और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में सुबह और शाम के समय बहुत घना कोहरा छा सकता है। 1 जनवरी को पूर्वी उत्तर प्रदेश और 2 जनवरी तक ओडिशा में भी इसी तरह की स्थितियां बनी रहेंगी। इसके अलावा, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड और सिक्किम जैसे राज्यों में 5 जनवरी तक घने कोहरे का प्रभाव बना रहेगा। हिमाचल प्रदेश में 31 दिसंबर और 1 जनवरी को शीत दिवस रहने की संभावना जताई गई है, जबकि उत्तर प्रदेश और बिहार में भी 30 दिसंबर को कड़ाके की ठंड पड़ने की उम्मीद है।

तापमान के उतार-चढ़ाव को लेकर मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि उत्तर-पश्चिम भारत में अगले दो दिनों के दौरान न्यूनतम तापमान में 3 से 4 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हो सकती है, लेकिन इसके बाद फिर से 2 से 3 डिग्री की गिरावट आएगी। मध्य भारत में भी न्यूनतम तापमान में वृद्धि दर्ज की जाएगी, जबकि पूर्वी भारत के राज्यों जैसे झारखंड में अगले पांच दिनों के दौरान धीरे-धीरे तापमान बढ़ेगा। हालांकि, ओडिशा के कुछ हिस्सों में 31 दिसंबर तक शीत लहर चलने की आशंका है, जो नए साल के स्वागत के जश्न को थोड़ा ठंडा कर सकती है। कुल मिलाकर, उत्तर से लेकर पूर्व तक पूरा भारत इस समय मौसम के कड़े मिजाज का सामना कर रहा है।

## दिल्ली के प्रदूषण संकट पर संजीव सान्याल का बयान, प्रदूषण का ठीकरा दिवाली पर फोड़ना गलत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अर्थशास्त्री और इतिहासकार संजीव सान्याल ने दिल्ली के प्रदूषण संकट पर बयान दिया है। उनका मानना है कि प्रदूषण का ठीकरा दिवाली पर फोड़ना गलत है। इसके बजाय हमें बुनियादी कारणों, जैसे चरमराते पब्लिक ट्रांसपोर्ट और पैदल चलने लायक फुटपाथों की कमी पर ध्यान देना चाहिए।

प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के सदस्य ने कहा कि दिल्ली के प्रदूषण संकट का समाधान तभी हो सकता है जब नागरिक और नीति-निर्माता असली कारणों पर ध्यान दें, न कि बेकार की बहसों में उलझें। सान्याल ने बताया कि वायु प्रदूषण पर सार्वजनिक चर्चाएं अक्सर मुख्य मुद्दों पर भटक जाती हैं जिनका कोई खास असर नहीं होता। उन्होंने दिवाली पर होने वाली बहसों का जिक्र कर कहा, दुर्भाग्य से हम दिवाली के बारे में बेकार की बहस करते हैं, जिसका इससे कोई लेना-देना नहीं है।

सान्याल ने बताया कि दिल्ली में वायु प्रदूषण एक जटिल समस्या है। इसके कई दीर्घकालिक कारण हैं। इन पर गंभीरता से ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने कहा, पराली जलाने के गंभीर मुद्दे हैं। यह समस्या का एक हिस्सा है। यह एकमात्र मुद्दा नहीं है। कंस्ट्रक्शन डस्ट यानी निर्माण धूल के गंभीर मुद्दे हैं। कूड़ा जलाने के मुद्दे हैं। इसी तरह के अन्य मुद्दे भी हैं।

हालांकि, उन्होंने जोड़ा कि यह प्रणाली सबसे महत्वपूर्ण चरण में विफल होती है। तब जब यात्री स्टेशन से बाहर निकलते हैं। सान्याल ने कहा, आप दिल्ली मेट्रो से बाहर निकलकर घोर अव्यवस्था में आ जाते हैं। उन्होंने समझाया कि असली समस्या उचित लास्ट-माइल कनेक्टिविटी की कमी में है।

पैदल चलने के महत्व पर जोर देकर सान्याल ने इस किसी भी शहर में परिवहन का सबसे जरूरी कदम बताया। उन्होंने कहा, यह सबसे सस्ता है। यह स्वीकार कर कि वे खुद एक साइक्लिस?ट हैं, सान्याल ने स्पष्ट किया कि साइकिल चलाने को पैदल चलने के साथ भ्रमित नहीं किया जाना चाहिए। साइकिल चलाना पैदल चलने का स्थान नहीं ले सकता। उन्होंने पैदल चलने वालों के बुनियादी ढांचे, विशेष रूप से फुटपाथों में निवेश की कमी की भी आलोचना की। उनके अनुसार, शहर लगातार पैदल चलने वालों के स्थानों को प्राथमिकता देने में विफल रहते हैं। उन्होंने बताया कि जिसे अक्सर सड़क चौड़ीकरण कहा जाता है, वह वास्तव में पैदल चलने वालों को नुकसान पहुंचाता है। सान्याल ने कहा, सड़क चौड़ीकरण क्या है? यह पैदल चलने वाले स्थान को संकरा करना है।



नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित।
संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, कार्यकारी संपादक- भीष्म सिंह, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह. 9334331934, 7903538992, 9570107019, RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902